

# हरिभूमि




मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## होली पर्व की शुभकामनाएं

होली के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।


## अवकाश

*इस अवसर पर 14 मार्च शुक्रवार और 15 मार्च शनिवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 17 मार्च सोमवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

## 10 एकड़ गेंहू की फसल में आग, देर से पहुंची दमकल

**सीहोर**। जिले के पाटन गांव में गुरुवार दोपहर गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। हादसे में लगभग 10 एकड़ गेहूं की फसल



जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही नगरपालिका की फायर ब्रिगेड टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। जिस पहुंचने में काफी देर हो गई, इस दौरान ग्रामीणों अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस घटना से क्षेत्र के किसानों में रोष है। श्यामपुर और दोराहा क्षेत्र में लंबे समय से दमकल की मांग की जा रही है। यहां दमकल की सुविधा न होने से जिला मुख्यालय से दमकल को आना पड़ता है।

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष के आरोपों पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

*आजादी के समय मप्र में 32 बाघ थे, पर कांग्रेस के कार्यकाल में सभी शिकार में खत्म हो गए, अब हालांकि फिर से संख्या बढ़ गई*

# 5 साल में 2.50 लाख भर्तियां होंगी एक साल में 61 हजार नौकरियां दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष के आरोपों पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि माधव नेशनल टाइगर पार्क में कभी 32 टाइगर हुआ करते थे, पर कांग्रेस के टाइम में सब शिकार करके खा गए।

टाइगर जीरो हो गए। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आज हमारे पास पर्याप्त टाइगर हैं, कोई दिक्कत नहीं हैं। अभी ही एक साल में दो टाइगर रिजर्व बनाए हैं। अभी माधव नेशनल पार्क और रातापानी अभयारण्य को मान्यता दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने जवाब में कहा कि 5 साल में 2.50 लाख भर्तियां करने जा रहे हैं। अभी एक साल के भीतर कुल 61 हजार युवाओं को नई नियुक्तियां दी है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे इसे जारी रखेंगे।

**माधव नेशनल पार्क और रातापानी अभयारण्य को मान्यता दी गई**

*सीएम ने एक-एक मुद्दों पर विस्तार से सरकार की बात रखते हुए विपक्ष के सभी आरोपों का जवाब दिया।*

चीते से मिलने की इच्छा हो तो श्योपुर चले जाइए, आपको मिलवा देंगे



सीएम ने कांग्रेस की आजादी के बाद के 60 साल की नाकामियों को भी सदन में रखा

### सत्तापक्ष व विपक्ष के कुल 48 सदस्यों ने भाग लिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांग्रेस एक-एक सदस्यों के आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया। राज्यपाल के अभिभाषण पर सत्तापक्ष व विपक्ष के कुल 48 सदस्यों ने भाग लिया। तीन दिन तक चली चर्चा में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के सभी सदस्यों का नाम लेकर उनके आरोपों सहित जवाब दिया

### मप्र बिजली के उत्पादन में सरप्लस

*मुख्यमंत्री ने बिजली के मामले में मप्र की आत्म निर्भरता का जिक्र करते हुए कहा कि मप्र का राष्ट्रीय औसत 1340 यूनिट है, पर मप्र का औसत 1365 यूनिट है। मप्र बिजली के उत्पादन में सरप्लस है। आज हम दिल्ली की मेट्रों को भी बिजली देते हैं। उन्होंने एक एक मुद्दों पर विस्तार से सरकार की बात रखते हुए विपक्ष के सभी आरोपों का जवाब दिया।*

### जयराम रमेश को समझाएं कि वे आरोप न लगाएं

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के पर्यावरण के नाम पर बुंदेलखंड में स्वीकृत केन-बेतवा परियोजना पर कहा कि वे हमेशा से अड़ंगा लगा रहे हैं। बुंदेलखंड के लोगों से पता नहीं क्या उनकी दुश्मनी है कि वे मानने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केन बेतवा परियोजना की नींव रखी तब भी उन्होंने ट्वीट कर विरोध जताया। जबकि इससे बुंदेलखंड के 10 जिलों के लोगों को पेयजल से लेकर सिंचाई तक की सुविधा मिलने जा रही है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पार्वती कालीसिंध चंबल परियोजना के साथ ही इन परियोजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में भी विस्तार से सदन को जानकारी दी।

सोने की नकली ईंट लिए लगा रहे थे जांच के नारे | सदन के बाहर विधायकों को उतारने पड़े एप्रिन



### परिवहन घोटाले को लेकर किया प्रदर्शन

## काले एप्रिन पहन कर पहुंचे कांग्रेस विधायक

***भोपाल***। *विधानसभा में गुरुवार को कांग्रेस विधायक काले एप्रिन पहन कर और हाथ में प्रतीकात्मक तौर पर सोने की ईंटें लेकर विधानसभा पहुंचे। एप्रिन पर हड्डियों का ढांचा बना था। वे परिवहन विभाग के पूर्व करोड़पति आरक्षक सौरभ शर्मा मामले में जांच की मांग कर रहे थे। विधायक 'सोने की ईंट किसकी है, जांच कराओ' के नारे लगा रहे थे। विधायक एप्रिन के साथ ही सदन के अंदर जाना चाहते थे लेकिन मार्शल ने काले एप्रिन में सदन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी। लिहाजा सभी विधायकों को एप्रिन बाहर ही उतारना पड़े। कांग्रेस विधायक दल के हाथों में जो तख्तियां थी उन पर अधिकारियों समेत भाजपा सरकार में मंत्रियों और नेताओं के नाम लिखकर उन्हें प्रदेश के परिवहन घोटाले का सूत्रधार बताया। कांग्रेस का कहना है कि सरकार आरोपी अधिकारियों और नेताओं को बचाना चाहती है। वह छोटी मछलियों को पकड़ कर बड़े मगरमच्छों को बचाने की कोशिश कर रही है।*

*भारत में सबसे पहले होलिका दहन किस राज्य में हुआ था?*



# पूर्णिया के सिकलीगढ़ धरहरा गांव में जलाई गई थी सबसे पहले होली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

क्या आप जानते हैं सबसे पहले होलिका दहन भारत के किस राज्य में किया गया था और वहां किस प्रकार होली खेली जाती है। हिरण्यकश्यपु के कहने पर उनकी बहन होलिका प्रह्लाद को अपनी गोद में बैठाकर जलती हुए अग्नि में बैठ गई थी, जिसके बाद भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद अग्नि से सुरक्षित रहे, लेकिन होलिका जलकर भस्म हो गई थी। जिसके बाद से हर साल बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रूप में होलिका दहन किया जाता है। पहली बार होलिका दहन बिहार में किया गया था।

श्रीमद् भागवत और स्कंद पुराण के अनुसार, पूर्णिया जिले के बनमनखी स्थित सिकलीगढ़ धरहरा गांव को होलिका दहन की उत्पत्ति का स्थल माना जाता है। मान्यता के अनुसार यहीं सतयुग में भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर भक्त प्रहलाद की रक्षा अग्नि से की थी।

*मान्यता के अनुसार यहीं सतयुग में भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर भक्त प्रहलाद की रक्षा अग्नि से की थी*

### *बिहार की होली को फगुआ के नाम से जाना जाता है*

*बिहार की होली को फगुआ या फाल्गुनोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। बिहार में यहां के लोग सुबह-सुबह रंगों से होली खेलते हैं और शाम के वक्त अबीर-गुलाल लगाते हैं। कई क्षेत्रों में यह होली अगले दिन भी चलती है जिसे बसीऔरा के नाम से जाना जाता है। होली आने पर जो गीत गाए जाते हैं, उस फगुआ के नाम से जाना जाता है और इन गीतों के बिना बिहार के लोगों की होली एकदम अधूरी है। फगुआ की परंपरा बिहार के अलावा झारखंड और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी है, जो होली के गीतों के साथ रंगों के त्योहार को मनाया जाता है।*




# सहरसा में दिखा वृंदावन जैसा नजारा, घूमर होली में मस्ती में दिखे हुरियारे

## बीकानेर, कुल्लू या हो कोलकाता हर जगह रंगों की बरसात

**पूरा देश होली के रंग में रंगा**

एजेंसी ▶▶ सहरसा/ नई दिल्ली

पूरे देश से अलग-अलग शहरों से होली के रंग में नहाए लोगों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए बहैं,जिससे पूरा देश होली के रंग में रंगा नजर आ रहा है। बरसाने कि लट्ठमार होली कि तरह प्रसिद्ध है सहरसा के बनगांव की घूमर होली। हजारों लोग गांव के भगवती स्थान मे जमा होते हैं और नंग-धड़ंग हो घूम -घूमकर होली खेल रहे है। बताया जाता है कि द्वापर काल से इस गांव में खेली जा रही रूप को लोकदेवता संत लक्ष्मीनाथ ने विशिष्ट रूप दिया था। यह परंपरा अभी भी कायम है। वृंदावन की लठ्ठमार होली काफी मशहूर है। होली से एक दिन पहले ही यहां हुरियारे रंगों में डूबे हैं।





### हम दिल्ली को विकास के रंग में रंगेंगे: तिवारी

दिल्ली में भाजपा सांसद मनोज तिवारी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाई। उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनाई है। हम दिल्ली के लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि हम दिल्ली को विकास के रंग में रंगेंगे।



### होली सबके जीवन में बहुत सारी खुशियां लाए: दीया

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि सभी को होली की बहुत शुभकामनाएं। होली सबके जीवन में बहुत सारी खुशियां लेकर आए। इस साल का हमारा बजट बहुत अच्छा था, बहुत समावेशी बजट था।हर वर्ग के लिए बहुत कुछ दिया गया है।

### संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाते रहें: धामी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग होली खेली। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम अपनी संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाते रहें और इस संस्कृति को हमें लगातार आगे बढ़ाते जाना है। विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने में उत्तराखंड भी अपना योगदान देगा।



### जैसलमेर में जवानों ने खेली होली



जैसलमेर के सेना के जवानों ने भी होली खेली। इस दौरान सभी आपस में बड़ी खुशी से नाचते-गाते नजर आए। बीकानेर के करणी माता मंदिर में बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली। यह मंदिर चूहों के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। अमृतसर के इस्कॉन टेंपल में होली का रंग चढ़ा दिखा। यहां लोग खुशी से नाचते-गाते नजर आए।

हैदराबाद में गाइडलाइन

### बिना पूछे रंग डाला तो होगा सख्त एक्शन

हैदराबाद पुलिस ने शहर में त्योहार मनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गाइडलाइन के मुताबिक बगैर सहमति से किसी भी शख्स पर रंग डालना या पानी फेंकना पूरी तरह से वर्जित किया गया है। यह आदेश 13 मार्च से 15 मार्च को सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगा।

**शांतिनिकेतन के सोनाझुरी हाट में होली पर प्रतिबंध वापस लिया :** बीरभूम। बंगाल सरकार द्वारा शांतिनिकेतन के बीरभूम जिले के सोनाझुरी हाट में होली समारोह पर प्रतिबंध लगाने की खबरों के बाद मंत्री बीरबाहा हांसदा ने स्पष्ट किया कोई प्रतिबंध नहीं है।



### रंग भी पड़ जाए तो लड़ें नहीं: आजमी

निलंबित सपा विधायक अबू आजमी ने होली और रमजान पर लोगों से बड़ी अपील की है। आजमी ने कहा अगर रंग भी पड़ जाए तो वे किसी से लड़ें नहीं।

## खबर संक्षेप

### कार-ट्रक की भिड़ंत परिवार के 6 की मौत



**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग- 353 पर भीषण सड़क हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 6लोगों की मौत हो गई। कार और ट्रक की टक्कर में राजस्व विभाग में पदस्थ आरआई ताहर सिंह ठाकुर सहित उनके पूरे परिवार की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा दोपहर 3:48 बजे ओंकारबंद के पास हुआ। हकार के परखच्चे उड़ गए। शवों को निकालने प्रशासन को मशक्कत करनी पड़ी।

### मंगोलपुरी में युवक की हत्या, लोग रोड पर उतरे



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के मंगलोपुरी इलाके में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गुस्साए लोग सड़कों पर उतर गए। वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई। तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। अज्ञात बदमाशों ने धारदार-हथियार से युवक पर ताबड़तोड़ वार किए।

### कोई दुर्भावनापूर्ण नहीं था खेर पर केस खारिज



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट से सिंगर कैलाश खेर को राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ उनके गीत ' बाबम बाम' के जरिए कथित तौर पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में केस खारिज कर दिया है। जस्टिस भारती डांगरे और श्याम सी चांडक की पीठ ने लोकतांत्रिक समाज में सहिष्णुता के महत्व को रेखांकित कर असहिष्णुता को अभिशाप बताया।

### ट्रैक पर गए परिवार के 3 सदस्यों की मौत



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में घरेलू कलह में खुशकुशी के इरादे से ट्रैक पर गए परिवार के 3सदस्यों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। 9 साल का बच्चा बुरी तरह जख्मी हो गया। इसके साथ परिवार को बचाने पहुंचा की-मैन भी गंभीर घायल हो गया। जीआरपी ने शव के टुकड़ों को उठाया और पोस्टमार्टम भेजा।

### कनॉट प्लेस में रेस्टोरेंट में आग, 6 कर्मी झुलसे



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कनॉट प्लेस में उस वक्त अफरातफरी का माहौल बन गया जब यहां एक रेस्टोरेंट में आग लग गई। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट की रसोई में आग लगी। दमकल विभाग सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाना शुरू किया। आग लगने से छह कर्मचारी झुल गए हैं।

## केंद्र सरकार और तमिलनाडु में भाषा विवाद और गहराया

# सीएम स्टालिन ने राज्य बजट से रुपए का प्रतीक चिन्ह ही हटा दिया, 'रु' तमिल से ही निकला

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराता जा रहा है। अब एमके स्टालिन सरकार ने राज्य सरकार के बजट 2025-26 से रुपए() का प्रतीक चिह्न हटा दिया है। इसकी जगह सरकार ने तमिल भाषा का प्रतीक लगाया है। लोगो में तमिल शब्द 'रुबाई' का पहला अक्षर 'रु' लिखा है, जो स्थानीय भाषा में भारतीय मुद्रा को दर्शाता है। लोगो में सबके लिए सब कुछ भी लिखा है।

तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु शुक्रवार को 2025-26 के लिए बजट पेश करेंगे। केंद्र और डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में प्रस्तावित त्रिभाषा फॉर्मूला राजनीतिक विवाद का केंद्र बना हुआ है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी व त्रिभाषा फॉर्मूले को लागू करने से मना कर दिया है। अब केंद्र ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली 573 करोड़ की केंद्रीय सहायता रोक दी है। एसएसए फंडिंग पाने के लिए राज्यों को एनईपी के दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है। फंड रोकने से स्टालिन बिफरे हुए हैं। उन्होंने दक्षिणी राज्यों में हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। केंद्र के अनुसार शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और त्रिभाषा फॉर्मूले को लागू करना राज्यों की जिम्मेदारी है।

> तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराता जा रहा है। अब एमके स्टालिन सरकार ने राज्य सरकार के बजट 2025-26 से रुपए() का प्रतीक चिह्न हटा दिया है। इसकी जगह सरकार ने तमिल भाषा का प्रतीक लगाया है। लोगो में तमिल शब्द 'रुबाई' का पहला अक्षर 'रु' लिखा है, जो स्थानीय भाषा में भारतीय मुद्रा को दर्शाता है।

## भाषा विवाद के चलते तमिलनाडु सरकार ने यह 'विवादित' कदम उठाया

**तमिल शब्द 'रुबाई' से लिया गया**

*केंद्र ने रोक दी राज्य को मिलने वाली सहायता*



स्टालिन ने सियासी गलती की

### तमिलनाडु के ही व्यक्ति ने दिया है रुपए सिंबल

अब बड़ा सवाल उठा रहा है आखिर में स्टालिन सरकार ने जो नया सिंबल जारी किया, वह कहां से आया। बता दें कि रुपए चिन्ह को बदलने के स्थान पर तमिल अक्षर लगाया गया है। '' को तमिलनाडु के ही शख्स ने तैयार किया था। वहीं '' सिंबल को डिजाइन करने वाले व्यक्ति के पिता भी डीएमके के पूर्व विधायक रह चुके हैं। रुपए का सिंबल आईआईटी मुंबई के छात्र रहे उदय कुमार ने बनाया था और उनका जन्म तिरुवन्नामलई के पास हुआ था। उदय कुमार के पिता धर्मलिंगम डीएमके के पूर्व विधायक रह चुके हैं। अब इसको लेकर भाजपा ने स्टालिन सरकार पर तंज कसा है।

**उदयनिधि ने भी केंद्र पर बोला हमला**

उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि केंद्र तमिलनाडु और पेरियार का अपमान करती है। क्या हम असभ्य हैं? जो लोग हमें असभ्य कहते हैं, वास्तव में वे असभ्य तरीके से व्यवहार कर रहे हैं और हमारे खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। तमिल लोग बहुत जल्द इसका करारा जवाब देंगे।

भाजपा ने जताया फैसले पर विरोध

### तमिलों का ही अपमान कर रहे स्टालिन, तमिल ने ही दिया लोगो



भाजपा आईटी सेल हेड अमित मालवीय ने इसे तमिलनाडु का अपमान बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि उदय कुमार धर्मलिंगम एक भारतीय शिक्षाविद और डिजाइनर हैं, जो डीएमके के एक पूर्व विधायक के बेटे हैं। उन्होंने भारतीय रुपए () का चिह्न डिजाइन किया था, जिसे भारत ने स्वीकार किया था। यह पूरी तरह से गलत है।

### स्टालिन पहले बदल लें अपना नाम: सुंदरराजन



भाजपा ने तमिलिसाई सुंदरराजन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को अपना नाम बदलकर तमिल नाम रखना चाहिए। अपनी सरकार की सभी विफलताओं को छिपाने के लिए यह नाटक जारी है।

अन्नामलाई ने साधा निशाना

### कितने मूर्ख हो सकते हैं स्टालिन



इसे लेकर अब भाजपा ने तमिलनाडु सरकार पर निशाना साधा। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने बजट में रुपया का चिह्न हटाने को लेकर डीएमके के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की आलोचना की और इस कदम को मूर्खतापूर्ण बताया। एक तमिल व्यक्ति ने डिजाइन किया था। आप कितने मूर्ख हो सकते हैं एमके स्टालिन।

शाह ने गांधीनगर को दी सौगात

# 146 करोड़ के विकास का किया उद्घाटन-शिलान्यास



### साणंद में 500 बिस्तरों वाले अस्पताल और गांधीनगर में सिविल अस्पताल की घोषणा की

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अपने लोकसभा क्षेत्र गुजरात के गांधीनगर में 146 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं रेलवे, सड़क मार्ग और स्वास्थ्य सेवा से संबंधित हैं। अमित शाह ने गुजरात में परिवर्तनकारी विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य ने परिवहन और ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने साणंद में पांच सौ बिस्तरों वाले अस्पताल और गांधीनगर में एक नया सिविल अस्पताल स्थापित करने की भी घोषणा की।

### ट्रैफिक और यूनिटी का विस्तार

इस दौरान उन्होंने कहा गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में यातायात और कनेक्टिविटी का निरंतर विस्तार हो रहा है। आज वर्चुअल माध्यम से गांधीनगर में इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।रेलवे ओवरब्रिज, ग्रेड सेपरेटर, पुल, फ्लाईओवर व सड़कों के निर्माण सम्बन्धी इन कार्यों से क्षेत्रवासियों का जीवन अधिक सुगम होगा और कनेक्टिविटी आसान होगी।

### देशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत देशवासियों को होली के पावन त्योहार की शुभकामनाएं देकर की। उन्होंने कहा कि गुरुवार को 3 परियोजनाओं का ई-लोकार्पण और ई-शिलान्यास हो रहा है। इनमें 60 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला साणंद-चेखला-कडी रोड पर अहमदाबाद-विरमगाम रेलवे ट्रैक पर लगभग 1 किलो मीटर लंबे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शामिल है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि इस ओवरब्रिज के बनने के बाद स्थानीय नागरिकों को आवागमन में बहुत सुविधा हो जाएगी।

जॉब प्लेटफॉर्म इनडीड की रिपोर्ट

## 78%'नियोक्ता' ब्लू-कॉलर जॉब्स में महिलाओं को देंगे तरजीह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत में लगभग 78 प्रतिशत एम्प्लॉयर ब्लू-कॉलर रोल्स के लिए अधिक महिलाओं को नियुक्त करने की योजना बना रहे हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 73 प्रतिशत थी। गुरुवार को जारीकी गई जॉब प्लेटफॉर्म इनडीड की रिपोर्ट के अनुसार देश में ब्लू-कॉलर जॉब्स में 20 प्रतिशत महिलाएं हैं। रिटेल और हेल्थकेयर में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 32 प्रतिशत है, जो कि सबसे ज्यादा है। बैंकिंग,फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस, इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी और टेलीकम्युनिकेशन में महिलाओं की संख्या 10 फीसदी से भी कम है। महिलाओं द्वारा अधिक ब्लू-कॉलर नौकरियों की तलाश करने का एक प्रमुख कारण फाइनेंशियल स्वतंत्रता है।

### रंग यात्रा में श्रद्धालुओं का तांता



आगरा। गुरुवार को मनकामेश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई 'रंग यात्रा' में भक्त का तांता लग गया।

पेपर लीक को राहुल ने बताया युवाओं के लिए खतरनाक 'पद्मव्यूह'

# यह समस्या,सिस्टेमेटिक फेलियर तनाव अनिश्चितता में धकेल रहा

### 6 राज्यों में 85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक को देश के युवाओं के लिए सबसे खतरनाक 'पद्मव्यूह' बताया है। उन्होंने पेपर लीक से जुड़ी एक खबर की क्लिपिंग शेयर शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, 6 राज्यों में 85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में। पेपर लीक हमारे युवाओं के लिए सबसे खतरनाक द्मव्यूह" बन गया है। इसके साथ ही राहुल ने कहा कि पेपर लीक मेहनती छात्रों और उनके परिवारों को अनिश्चितता और तनाव में धकेल देता है।

### बेईमानी को मेहनत से बेहतर बताया



उन्होंने कहा कि यह अगली पीढ़ी को गलत संदेश देता है कि बेईमानी, मेहनत से बेहतर हो सकती है, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। नीट एग्जाम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अभी एक साल भी नहीं हुआ जब नीटपेपर लीक ने देश को झकझोर दिया था। हमारे विरोध के बाद मोदी सरकार ने नए कानून के पीछे छुप कर उसे समाधान बताया, लेकिन इतने सारे हालिया लीक ने उसे भी विफल साबित कर दिया।

आईआईटी गुवाहाटी ने छात्र हित में की अनूठी पहल

# मानसिक सेहत के लिए सैर व काउंसलिंग किया अनिवार्य

### निदेशक जलिहाल ने कहा- खुदकुशी की रोकथाम को बनाई यह योजना

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

आईआईटी-गुवाहाटी की योजना के तहत नए छात्रों के लिए परिसर में उनके पहले सप्ताह के दौरान बातचीत के सत्र, संकाय सदस्यों के साथ सुबह की सैर, अनिवार्य परामर्श सत्र और व्यापक चिकित्सा जांच तथा तनाव से मुक्ति के लिए कार्यशालाएं आयोजित करना छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने और आत्महत्याओं को रोकने की योजना का हिस्सा हैं। यह कदम संस्थान में पिछले सेमेस्टर में लगातार दो छात्रों की आत्महत्या के बाद हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद उठाया गया है। इसके निदेशक देवेंद्र जलिहाल ने कहा कि संस्थान ने छात्रों में आत्महत्या की रोकथाम के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है।



### नए छात्रों के लिए अनुकूलन कार्यक्रम होगा

अलगरसामी ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि पहले सप्ताह में जब नए छात्र परिसर में आएंगे तो उनके लिए कक्षाएं नहीं होंगी, बल्कि एक अनुकूलन कार्यक्रम होगा, ताकि वे खुद को असहज महसूस न करें। छात्रों को संकाय सदस्यों के साथ सुबह की सैर के लिए आमंत्रित किया जाएगा, ताकि वे एक-दूसरे के साथ तालमेल बना सकें।

**समर्पित मानसिक स्वास्थ्य और परामर्श प्रणाली बताया**

उन्होंने कहा हमने समग्र कल्याण केंद्र के रूप में एक समर्पित मानसिक स्वास्थ्य और परामर्श प्रणाली स्थापित की है। इस केंद्र का एक हिस्सा साथी परामर्श क्लब, जिसमें छात्र स्वयंसेवक शामिल हैं। पेशेवर परामर्शदाताओं की मदद से साथी छात्रों को उनके मानसिक और समग्र कल्याण में सहायता करता है।

### रिटायर्ड सैन्यकर्मियों को प्रबंधक बनाया जाएगा

जालिहाल ने कहा कि हम सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों को छात्रावास के विशेष प्रबंधक के रूप में नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं, जो नियमित रूप से छात्रों से बातचीत करेंगे, ताकि उन्हें सहज महसूस हो और वे अपने अनुभव काउंसलरों के साथ साझा करें। यह सब गोपनीय तरीके से किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि छात्र भयभीत न हों या उनकी निजता का उल्लंघन न हो।

जादवपुर विश्वविद्यालय में हंगामा

# तोड़फोड़ मामले में डीएसएफ से जुड़ा छात्र सौम्यदीप अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में 1 मार्च को हुई अशांति और तोड़फोड़ के सिलसिले में एक छात्र को गिरफ्तार किया है, जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 2हो गई है। जेयू एसएफआई इकाई के एक नेता ने बताया कि दर्शनशास्त्र के छात्र सौम्यदीप महाता को टीएमसी के पश्चिम बंगाल कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रोफेसर संघ की एजीएम के दौरान हुई हिंसा के संबंध में अपना बयान दर्ज करने के लिए जादवपुर पुलिस थाने बुलाया गया था, जहां बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु भी मौजूद थे। छात्रों के एक समूह ने बसु की कार के चारों ओर मानव श्रृंखला बना ली और उन्हें जाने से रोकने की कोशिश की थी।





# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**64 साल बाद एक साथ पड़े होली-रमजान**

# दिल्ली, यूपी, छत्तीसगढ़ और हैदराबाद तक बदला नमाज का वक्त, मप्र में नहीं बदला



### अयोध्या में तिरपाल से ढकी गई घंटाघर की मस्जिद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/भोपाल

64 साल बाद 14 मार्च को होली का त्योहार और जुमे की नमाज एकसाथ पड़ रही हैं। होली और जुमे की नमाज को देखते हुए देशभर में पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

वहीं, उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, के साथ-साथ आंध्र प्रदेश में पुलिस-प्रशासन द्वारा खास व्यवस्था की गई है। होली और जुमे की नमाज को देखते हुए इन राज्यों में मस्जिदों तिरपाल और पन्नी से ढका दिया गया है। ताकि, होली खेलने के दौरान मस्जिदों पर रंग-गुलाल न पड़े और अमन-चैन कायम रहे। इतना ही नहीं, होली के मद्देनजर संवेदनशील जिलों में जुमे की नमाज का समय भी बदल गया है। साथ ही, भारी पुलिस फोर्स भी तैनात की गई है।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, मुरादाबाद, रामपुर, अलीगढ़, झांसी, अयोध्या और सहारनपुर आदि जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदला गया है।

### मध्यप्रदेश में तीन रेलवे स्टेशनों गंजबासौदा, बीना और ग्वालियर में पुलिस ने की घेराबंदी

# 1 लाख का लालच देकर धर्मांतरण करने जा रहे 18 यात्रियों को पकड़ा

***छिंदवाड़ा से बड़ी संख्या में लोग इस गिरोह के साथ पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना हुए थे***

बच्चों को क्रिश्चियन स्कूल में पढ़ाने का लालच

विदेश में नौकरी करने का मौका देने का भी प्रलोभन

पुलिस को देखकर धर्मांतरण के लिए जा रहे यात्री अन्य कोचों में छिपने की कोशिश करने लगे। करीब 30 मिनट तक पुलिस और जीआरपी ने ट्रेन की तलाशी ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

मप्र में धर्मांतरण मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन स्टेशनों से पुलिस ने 18 यात्रियों को पकड़ा है। ये सभी लोग धर्मांतरण के लिए पातालकोट एक्सप्रेस में बैठकर जालंधर जा रहे थे। कुछ लोगों ने इन्हें लालच दिया था कि यदि वे ईसाई धर्म अपना लेंगे, तो उन्हें एक-एक लाख रुपए मिलेंगे।

#### गंजबासौदा स्टेशन पर 11 को हिरासत में लिया

गंजबासौदा स्टेशन पर ट्रेन को रोककर पुलिस ने 11 यात्रियों को पहचान कर हिरासत में लिया, जिनमें सेजनाथ और विजय भी शामिल थे। जब ट्रेन यहां से निकली तो पता चला कि कुछ और लोग अभी भी ट्रेन में सवार हैं। इसके बाद बीना स्टेशन पर पुलिस ने एस-4 कोच से चार और यात्रियों को पकड़ा। बीना में पकड़े गए यात्रियों से पूछताछ के बाद पता चला कि ट्रेन में उनके तीन और साथी मौजूद हैं, जो एस-1 और एस-2 कोच में बैठे हैं। इसके बाद ग्वालियर पुलिस और जीआरपी को सूचना दी गई। रात 11:30 बजे जब पातालकोट एक्सप्रेस ग्वालियर पहुंची तो पुलिस ने घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखकर धर्मांतरण के लिए जा रहे यात्री अन्य कोचों में छिपने की कोशिश करने लगे। करीब 30 मिनट तक पुलिस और जीआरपी ने ट्रेन की तलाशी ली और आखिरकार एस-5 कोच से तीन यात्रियों को पकड़ लिया।

#### लालच देकर धर्म परिवर्तन की कोशिश

आरोपियों ने यह भी बताया कि इससे पहले उन्हें फिरोजपुर के चर्च भी ले जाया जा चुका है। इस मामले में ग्वालियर जीआरपी ने बताया कि पकड़े गए तीनों यात्रियों को गंजबासौदा जीआरपी को सौंप दिया गया है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

#### बजरंग दल ने दी थी जानकारी

ग्वालियर जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को भोपाल पुलिस को बजरंग दल के पदाधिकारियों ने सूचना दी थी कि छिंदवाड़ा से बड़ी संख्या में गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों को धर्मांतरण के लिए पंजाब के जालंधर चर्च ले जाया जा रहा है। वहां इन लोगों को पैसों का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जाएगा। सूचना देने वालों ने बताया कि छिंदवाड़ा के सेजनाथ सूर्यवंशी और विजय कुमार इन लोगों को लेकर पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन के एस-1, एस-2, एस-3, एस-4, एस-5 कोच में सवार हैं। इस पर भोपाल पुलिस सक्रिय हुई, लेकिन स्टेशन पहुंचने तक ट्रेन रवाना हो चुकी थी। इसके बाद आगे विदिशा के गंजबासौदा में पुलिस और जीआरपी को सूचना दी गई।

**बढ़ सकती हैं उमंग की मुश्किलें!**

## मप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई याचिका



केस उमंग की पत्नी के रेप वाले मामले से जुड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने उमंग सिंघार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी विशेष अनुमति याचिका दायर की है। ये पूरा केस उमंग की पत्नी के रेप वाले मामले से जुड़ा है। इसे मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। लेकिन अब राज्य सरकार ने उमंग सिंघार को राहत देने वाले हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

**भस्म आरती के नाम पर मुंबई के भक्तों से ठगी**

## नंदी हॉल में बैठाने के नाम पर 9 हजार मांगे, 2 आरोपियों पर केस



वसूली के रैकेट मामले में 14 लोगों पर एफआईआर हो चुकी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती की अनुमति और नंदी हॉल में बैठाने के नाम पर दो श्रद्धालुओं से 9 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित मुंबई के मरीन ड्राइव इलाके के निवासी हैं।

पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। बता दें इससे पहले भी महाकाल मंदिर में वसूली के रैकेट मामले में 14 लोगों पर एफआईआर हो चुकी हैं।

**आज भी रहेगा ऐसा ही मौसम**

## भोपाल जमकर तप रहा, कुछ जिलों में 'लू' जैसी ही गर्मी



नया पश्चिमी विक्षोभ 16 मार्च के आसपास आएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को भी लगातार चौथे दिन भोपाल में गर्मी के तेवर तीखे रहे। कुछ जिलों में पारा 39 डिग्री के करीब रहने से लू जैसी गर्मी महसूस की गई। वहीं, राजस्थान से लगे कुछ हिस्सों में बादलों के आने-जाने से दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री तक कमी दर्ज की गई है। रात के तापमान में भी घट बढ़ के साथ औसत न्यूनतम पारा 19 डिग्री तक पहुंच गया है। भोपाल में दिन का पारा 37.9 और रात का दशमलव 6 डिग्री बढ़कर 21 डिग्री रहा है।

**क्रेन की मदद से फंसे लोगों को निकाला गया**

## गैस टैंकर और दो वाहनों के बीच भीषण टक्कर, 7 लोगों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

जिले में एक गैस टैंकर और दो कारों के बीच टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह हादसा बुधवार रात करीब 11 बजे तब हुआ, जब बदनावर-उज्जैन राजमार्ग पर बामनसुता गांव के पास एक गैस टैंकर गलत दिशा से आ रहा था। टैंकर ने विपरीत दिशा से आ रही दो कारों को टक्कर मार दी।

■ बुधवार रात 11 बजे हुए हादसा

उन्होंने बताया कि 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। सिंह ने बताया कि पीड़ित रतलाम, मंदसौर (मध्य प्रदेश) और जोधपुर (राजस्थान) जिले के थे। पुलिस के अनुसार एक कार में सवार चार और दूसरी कार में सवार तीन लोगों की मौत हुई है। क्रेन की मदद से फंसे लोगों को वाहनों से बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि घायलों को पड़ोसी रतलाम जिले के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**ट्रस्टी बोले लीलावती हॉस्पिटल में मिले काले जादू के सबूत**

## इंसानी हड्डियों, बाल और चावल से भरे 8 कलश



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के लीलावती अस्पताल में काले जादू के सबूत मिलने का मामला सामने आया है। मौजूदा ट्रस्टियों ने दावा किया कि कार्यालय के फर्श के नीचे आठ कलश मिले हैं, जिनमें मानव हड्डियां, खोपड़ी, बाल, चावल और तांत्रिक प्रथाओं से जुड़ी अन्य वस्तुएं मिली हैं।

लीलावती अस्पताल के ट्रस्टी बीते दिनों से कथित तौर पर धन के दुरुपयोग को लेकर चर्चा में है। ट्रस्ट ने अपने पूर्व ट्रस्टियों के खिलाफ 1,250 करोड़ से ज्यादा के गबन का मामला दर्ज किया, जिनमें कथित तौर पर फर्जी आदेशों और रिकॉर्ड के जरिए पैसे की हेराफेरी की गई थी। लीलावती अस्पताल के संस्थापक किशोर मेहता के भाई विजय मेहता, उनके रिश्तेदारों और सहयोगियों पर कथित वित्तीय अनियमितता के लिए तीन प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके अलावा पूर्व ट्रस्टियों के खिलाफ टैक्स चोरी और टैक्स चोरी की शिकायतें भी दर्ज की गई थीं।


■ माना जा रहा है कि 1250 करोड़ के घोटाले को छिपाने की यह साजिश



# धूमधाम से होली खेलते हैं ये मुस्लिम सितारे

## एक का तो जन्म के साथ ही जुड़ गया रंगों से नाता


**नई दिल्ली।** पर्व-त्योहार जिंदगी में रोमांच लाते हैं। एक ढर्रे पर चली आ रही जिंदगी में त्योहारों की आमद थोड़ा ठहराव देती है तो अपनों से मिलने-मिलाने का बहाना भी। ....और कहा जाए कि त्योहार मजहब की दीवार को भी तोड़ने का काम करते हैं तो शायद गलत नहीं होगा! बॉलीवुड के तमाम सितारे इसकी मिसाल पेश करते हैं। होली का त्योहार पास है। इंडस्ट्री के कई सितारे होली की तैयारी में जुट गए हैं। इनमें वह सितारे भी हैं, जिनका धर्म बेशक अलग है, लेकिन होली के रंग में वह पूरी तरह रंग जाते हैं।



### शाहरुख खान

शाहरुख खान उन एक्टर्स में शुमार हैं, जो अलग धर्म से होने के बाद भी हिंदू त्योहार खूब धूमधाम से मनाते हैं। उनके घर पर दिवाली की रौनक देखने लायक होती है। इसके अलावा किंग खान होली पर भी भव्य पार्टी का आयोजन करते हैं।

### सलमान खान




जब सेलिब्रेशन का मौका हो तो सलमान खान मजहब की दीवार को बीच में नहीं आने देते हैं। गणेश चतुर्थी हो या दिवाली, सलमान हर हिंदू त्योहार को पूरी शिद्दत से मनाते हैं। वह रंगो का पर्व भी पूरे उल्लास के साथ सेलिब्रेट करते हैं। सिर्फ सलमान ही नहीं, बल्कि पूरा खान परिवार यह त्योहार मनाता है। एक इंटरव्यू के दौरान सलमान ने कहा था, 'मैं हर साल इस त्योहार का मजा उठाता हूं और पूरे दिल से होली खेलता हूं। इस दिन हमारा परिवार और करीबी दोस्त इकट्ठे होते हैं। ज्यादातर हम फार्म हाउस पर होली मनाते हैं।'



### आमिर खान

बॉलीवुड के मि. परफेक्शनिस्ट भी खूब धूमधाम से होली मनाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि आमिर का होली से खास कनेक्शन है। दरअसल, एक्टर का जन्म ही होली के मौके पर हुआ। बता दें कि आमिर खान का जन्म 14 मार्च, 1965 को हुआ था, उस साल इस दिन होली का पर्व था। जन्म के साथ ही आमिर का रंग से नाता जुड़ गया था। एक इंटरव्यू के दौरान आमिर खान ने जिक्र किया था, 'जिस दिन मेरा जन्म हुआ था तो दाई मां ने सबसे पहले मेरे गालों पर रंग लगाया था।' यही वजह है कि आमिर इस त्योहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। उनका पूरा परिवार होली खेलता है। आमिर अपने इस जन्मदिन पर 60 वर्ष के हो रहे हैं और सेलिब्रेशन भी बड़ा होने वाला है।

### जावेद अख्तर-शबाना आजमी



जावेद अख्तर और शबाना आजमी की होली पार्टी मशहूर है। बता दें कि शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी ने होली पार्टी की शुरुआत की थी, तब से जावेद अख्तर और शबाना भी इस रवायत को निभाते आ रहे हैं। इस होली पार्टी में जोया अख्तर, फरहान अख्तर और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ करीबी दोस्त और स्टार्स भी शामिल होते हैं। सभी ढोल-नगाड़ों पर जमकर थिरकते हैं।

## इन बॉलीवुड सेलेब्स के घर धूमधाम से होती थी होली पार्टी, अचानक हो गई बंद, जानें क्यों पड़ा रंग में भंग

**नई दिल्ली।** वैसे तो होली हर कोई मनाता है, लेकिन हिंदू धर्म में इसको लेकर कई मान्यताएं हैं। होली के दौरान लोग पार्टी रखते हैं, लेकिन जो पार्टी बॉलीवुड के कुछ सेलेब्स मनाते थे वो दौर आज तक नहीं लौटा। बॉलीवुड के उन सेलेब्स की होली पार्टी काफी मशहूर थी, लेकिन अब किसी ना किसी वजह से वो पार्टी अब नहीं होती है। राज कपूर से लेकर अमिताभ बच्चन और सुभाष घई की होली पार्टी की धूम मुंबई में देखने को मिलती थी, फिर ऐसा क्या हुआ कि उनकी होली पार्टी को रोक दिया गया. इसके पीछे सभी की अपनी-अपनी वजहें हैं।

### बॉलीवुड की फेमस होली पार्टी अब नहीं होती

बॉलीवुड में होली का मतलब फुल ऑन मौज-मस्ती और धूमधाम होता है। सालों से इंडस्ट्री में होली पार्टी होती आ रही है, लेकिन जो एक दौर में हुआ करती थी वो माहौल अब नहीं बना।

### आर के स्टूडियो

कपूर खानदान बॉलीवुड की फेमस फैमिली में एक है। 'द शो मैन' राज कपूर जितनी बेहतरीन फिल्में बनाते थे उनका मिजाज भी उतना ही बेहतरीन था. बताया जाता है कि राज कपूर काफी खुले दिल के इंसान थे और वो हर पल में खुशी ढूंढ लिया करते थे। कम उम्र में उन्होंने अपना आरके स्टूडियो बनाया और वहां हर साल धूमधाम से होली पार्टी होती थी। होली की



महफिल में बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स पहुंचते थे और इसमें तड़का राज कपूर ही लगाते थे। साल 1988 में राज कपूर का निधन हुआ और उसके बाद से ये होली पार्टी बंद कर दी गई।

### बच्चन फैमिली

90 के दशक के दौर तक अमिताभ बच्चन ने भी अपने घर में होली पार्टी रखनी शुरू की। इस सेलिब्रेशन में लगभग सभी सेलिब्रिटीज को बुलाया जाता था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब अमिताभ बच्चन ने ये प्रचलन शुरू किया तो शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बाद में उनकी एक के बाद एक फिल्में फ्लॉप होने लगीं। ऐसा बताया जाता है जब बिग बी ने किसी ज्योतिष को दिखाया तो उन्होंने होली पार्टी बंद करने की सलाह दी और बिग बी ने उसे माना।

### सुभाष घई की पार्टी

बॉलीवुड के फेमस फिल्म मेकर सुभाष घई भी अपने घर पर होली पार्टी रखते थे। इसमें शाहरख खान इस तरह शरीक होते थे मानो ये उनकी ही होली पार्टी हो। यहां वो अपनी पत्नी गौरी खान के साथ खूब मस्ती करते थे। इनके अलावा बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स इस पार्टी में शामिल होते थे। यूट्यूब पर आज भी कुछ वीडियो आपको सुभाष घई की होली पार्टी के मिल जाएंगे। हालांकि, समय के साथ ये पार्टी बंद हो गई।

### अख्तर फैमिली

फेमस एक्ट्रेस शबाना आजमी और राइटर जावेद अख्तर पति-पत्नी हैं और वो अपने घर में होली पार्टी रखते थे। होली पार्टी का रिवाज उनके घर में लगभग 40 साल पुराना है जिसे शबाना आजमी अपने पिता कैफी आजमी के साथ थ्रो करती थीं। कोरोना के बाद ये दौर बंद हो गया और अब उस स्तर की होली पार्टी अख्तर फैमिली में नहीं होती है।

### रणबीर कपूर ने बताया कैसी होती थी दादा राज कपूर की होली

*नई दिल्ली। राज कपूर फिल्ममेकर और एक्टर के रूप में ही नहीं, बल्कि लेजेंड्री पार्टी होस्ट के तौर पर भी जाने जाते हैं। कई साल तक कपूर फैमिली बड़ी ग्रैंड पार्टी आरके स्टूजियोज में होस्ट करते थे, जिसमें बॉलीवुड के नामी सेलेब्स शिरकत करते हुए नजर आते थे। हालांकि, सुपरस्टार के पोते रणबीर कपूर को होली की ऑइकॉनिक पार्टीज डरा देती थीं।*



*रणबीर कपूर ने कहा, मैं बहुत यंग था तो ये मेरे लिए बेहद डरावना माहौल था। सभी काले और दूसरे कलर्स में रंगे हुए थे। सबको ऐसे ट्रक में फेंका जा रहा है। मुझे लगता है कि आपकी यादें बेहतर होंगी... आप सही कह रहे थे, सब काले नीले- पीले होते थे। यह एक दिन का उत्सव हुआ करता था। बचपन में इन पार्टियों के प्रति कभी-कभार नापसंदगी के बावजूद, रणबीर ने स्वीकार किया कि कैसे ये समारोह एकता के दुर्लभ पल थे। एनिमल एक्टर ने कहा, 'मैंने सुना है कि सिर्फ एक्टर और एक्ट्रेसेस ही नहीं, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री का हर व्यक्ति इसमें शामिल था।*

## दीपिका की 'दुआ' से लेकर यामी के 'वेदाविद' तक ये बच्चे खेलेंगे मम्मी-पापा संग पहली होली

*नई दिल्ली। होली अधिकतर लोगों का पसंदीदा त्योहार है। अभी इस फेस्टिवल में दो दिन बाकी हैं, लेकिन उससे पहले ही हर जगह इसे लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी है। रंगों से भरे इस त्योहार को बॉलीवुड सितारे भी बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। करीना कपूर से लेकर सोहा अली खान तक कई सितारे अपने बच्चों की कलर लेकर एक-दूसरे के साथ मस्ती करते हुए तस्वीरें शेयर करती हैं। 14 मार्च की ये होली कुछ टीवी और बॉलीवुड अभिनेत्रियों के लिए तो बेहद ही खास होने वाली है, क्योंकि मां बनने के बाद पहली बार वह अपने बच्चों के साथ इस फेस्टिवल को सेलिब्रेट करेंगी।*

### दीपिका पादुकोण की 'दुआ'

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने बीते साल 8 सितंबर को अपनी बेटी का स्वागत किया था। ऐसे में दीवाली तो उन्होंने बेटी के साथ मना ली, लेकिन ये कपल अपनी बेटी के साथ पहली होली सेलिब्रेट करता हुआ दिखाई देगा। दीपिका पादुकोण की बेटी दुआ की एक झलक देखने के लिए फैंस भी बेकरार हैं।



### यामी गौतम का बेटा 'वेदाविद'

दीपिका पादुकोण के अलावा यामी गौतम और उरी के निर्देशक आदित्य धर भी अपने बेटे वेदाविद के साथ पहली होली मनाने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। 4 जून 2021 में अपने होमटाउन हिमाचल में यामी गौतम ने आदित्य धर से शादी की थी और तीन साल बाद 10 मई 2024 को इस कपल ने अपने बेटे का स्वागत किया।

### प्रिंस नरूला की बेटी 'इकलिन'

बॉलीवुड के अलावा टीवी की दुनिया में भी कई सितारों के घर बच्चों की किलकारियां गूंजी। इनमें से एक रोडीज के जज प्रिंस नरूला और युविका चौधरी हैं, जिन्होंने इस साल 2 जनवरी को अपनी बेटी का स्वागत किया। उनकी बेटी का नाम इकलिन है। यह कपल भी अपनी बेटी के साथ पहली होली सेलिब्रेट करेगा।

### श्रद्धा आर्या के ट्विन्स

रुबीना दिलैक की तरह ही कुंडली भाग्य की 'प्रीता' उर्फ श्रद्धा आर्या के घर में ट्विन्स हुए। उन्होंने 29 नवंबर 2024 को बेबी गर्ल और बेबी ब्वॉय को जन्म दिया था, जिनके साथ वह और उनके पति राहुल नागल धूमधाम से पहली होली मनाने की तैयारी कर रहे हैं।

### वरुण धवन की बेटी 'लारा'

2021 में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ गुपचुप शादी रचाने वाले 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' एक्टर वरुण धवन की बेटी 'लारा' की भी ये माता-पिता संग पहली होली है। उनकी बेटी का जन्म जून 2024 में हुआ था।

### ऋचा चड्ढा की बेटी जुनेरा इदा फजल

यामी गौतम के कुछ दिनों बाद ही फरवरी में ऋचा चड्ढा ने भी अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। 'फुकरे' स्टार ऋचा और अली फजल ने 4 अक्टूबर 2022 को धूमधाम से शादी की थी। शादी के तीन साल बाद उनकी जिंदगी में एक प्यारी परी जैसी बेटी आई। ऋचा की बेटी का जन्म 16 जुलाई 2024 को हुआ। ये कपल भी अपनी बेटी के साथ पहली होली खेलने की तैयारी कर रहा है।

## टीवी मसाला

### ईशा सिंह ने ठुकराया रोहित शेट्टी के शो का ऑफर!

**नई दिल्ली।** सलमान खान का रिएलिटी शो 'बिग बॉस' खत्म होने के बाद कलर्स चैनल पर रोहित शेट्टी का स्टंट बेस्ड शो 'खतरों के खिलाड़ी' ऑनएयर होता है। इस बार 15वां सीजन आएगा और इसमें कौन-कौन से कंटेस्टेंट्स हिस्सा लेंगे, इसकी चर्चा जोरशोर से हो रही है। खबर थी कि 'बिग बॉस 18' में नजर आ चुकीं ईशा सिंह अब टीवी पर खतरों से खेलती नजर आएंगी, लेकिन उनके फैंस के लिए एक बुरी खबर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्र ने खुलासा किया है कि ईशा सिंह को खतरों के खिलाड़ी 15 के मेकर्स की तरफ से ऑफर आया था। सूत्र ने कहा, 'हां, ये सच है कि ईशा को शो के लिए संपर्क किया गया है और मेकर्स वास्तव में उन्हें अपने शो के साथ जोड़ने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। लेकिन, वो इस साल ये शो नहीं करने जा रही हैं और उन्होंने ऑफर को ठुकरा दिया है।' इससे पहले रिपोर्ट में बताया गया था कि मोहसिन खान भी इस खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा नहीं होंगे। एक्टर से इस बारे में 'बात नहीं की जा रही है।' यानी ईशा की तरह ही मोहसिन भी इस साल इस शो का हिस्सा नहीं होंगे। इस सीजन के लिए एल्विश यादव, चुम दरांग, अविनाश मिश्रा, गौतम गुलाटी, मल्लिका शेरावत और अन्य कुछ जाने-माने सेलेब्स से संपर्क किया गया है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग मई के आसपास शुरू होगी। इसका प्रीमियर जून या जुलाई महीने में टीवी पर होगा।



### अब्दु ने लिया 'लाफ्टर शेफ्स 2' से ब्रेक अब एल्विश का पार्टनर बनेगा करण

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स 2' से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है। शो के कंटेस्टेंट अब्दु शो से ब्रेक ले रहे हैं। जी हां, रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब्दु अपने परिवार के साथ रमजान मनाना चाहते हैं, इसलिए वह 'लाफ्टर शेफ्स 2' से छोटा-सा ब्रेक ले रहे हैं। अब्दु की जगह करण कुंद्रा, एल्विश का साथ देंगे। याद दिला दें, पहले सीजन में करण कुंद्रा, अर्जुन बिजलानी के पार्टनर बने थे। उन्होंने इस शो से काफी कुछ सीखा था। यानि आने वाले एपिसोड्स में अंकिता लोखंडे, कृष्णा अभिषेक, रुबीना दिलैक, विकी जैन, एल्विश यादव, राहुल वैद्य, अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल, मन्नारा चोपड़ा, सुदेश लेहरी और कश्मीरा शाह के साथ करण कुंद्रा नजर आएंगे। वहीं भारती सिंह शो होस्ट करेंगी और शेफ हरपाल सिंह सोखी जज की भूमिका निभाएंगे। करण कुंद्रा की बात करें तो उन्होंने हाल ही में अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश के लिए एक वीडियो बनाया था।



## 85 साल पहले रिलीज हुआ था होली का पहला गाना...

**नई दिल्ली।** रंगों की त्योहार हो और बेहतरीन पकवानों के साथ नाच-गाना न हो ऐसा कैसे हो सकता है। हिंदी सिनेमा में हर त्योहार की झलक यूं तो देखने को मिलता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड की वो पहली कौन सी फिल्म थी, जिसमें होली की मस्ती देखनी को मिली थी। बॉलीवुड फिल्मों में होली के यूं तो आपने कई गानें सुने होंगे, लेकिन, क्या आपको वो पुराने गाने याद हैं, जो आपके दादा-दादी या नाना-नानी के टाइम पर काफी फेमस थे। आज हम आपके के लिए होली के सिर्फ पुराने गानों की लिस्ट लेकर आए हैं, जिसकी मदद से आप अपनी होली को और ज्यादा मजेदार कर सकते हैं। बॉलीवुड में सालों से होली के कई गानें सुनते आए हैं। हर साल इन गीतों की खूब धूम रहती है। कुछ गाने तो ऐसे हैं जिन्हें आए 60 सालों से ज्यादा हो गए। लेकिन, आज भी लोग उन्हें खूब गुनगुनाते हैं। क्या आप जानते हैं होली का पहला गाना आजादी से पहले रिलीज हुआ था।



***'औरत' से होली के गानों की की गई थी शुरुआत :*** होली के गानों की शुरुआत ब्लैक एंड व्हाइट दौर से हुई थी। साल 1940 में रिलीज हुई फिल्म 'औरत' से होली के गानों की शुरुआत की गई थी। होली पर गाना बनाने का सबसे पहला ख्याल निर्देशन महबूब खान को आया। महबूब खान ने ही भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार फिल्म मदर इंडिया को बनाया था। इस गीत के बोल हैं 'आज होली खेलेंगे साजन के संग'। इस गाने को सिंगल अनिल बिश्वास ने अपनी शानदार आवाज में गाया था। इसी फिल्म में एक और गाना दर्शकों को सुनने के लिए मिला, जिसके बोल हैं। जिसके बोल हैं 'जमुना तट पर होली खेलते श्याम'।

## शोले से लेकर रांझणा तक होली के दृश्यों ने बनाया फिल्मों को यादगार

**नई दिल्ली।** होली का त्योहार हमारी जिंदगी को खुशियों से भर देता है, अपनों के साथ वक्त गुजारने का अवसर भी देता है। होली का यही त्योहार हिंदी फिल्मों में भी खूब दिखाया जाता है। कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिसमें होली के दृश्यों ने कहानी को अलग मोड़ दिया। जानिए, हिंदी फिल्मों के ऐसे ही कुछ यादगार होली दृश्यों के बारे में जिनके कारण कहानी आगे बढ़ी।

***रांझणा :*** फिल्म 'रांझणा'में जब होली दिखाई जाती है तो अभिनेता धनुष के किरदार कुंदन को सोनम कपूर का किरदार जोया रंग लगाता है। यही वह पल होता है, जब कुंदन, जोया के प्यार में पूरी तरह से डूब जाता है। वह प्यार की एक अलग दुनिया का हिस्सा बन जाता है।



***मोहब्बतें :*** शाहरुख खान और अमिताभ की फिल्म 'मोहब्बतें' की कहानी अनुशासन और प्यार के बीच एक लड़ाई को दिखाती है। अमिताभ ने इसमें एक सख्त प्रिंसिपल का रोल है। फिल्म में शाहरुख म्यूजिक टीचर बने हैं, जो बच्चों को प्यार का मतलब बताते हैं। फिल्म में प्रिंसिपल बने अमिताभ बच्चन की सख्ती के बावजूद कुछ बच्चे बाहर जाकर, शाहरुख खान के साथ होली मनाते हैं। इससे कहानी में प्रिंसिपल के अनुशासन को चुनौती मिलती है।

***डर :*** शाहरुख ने फिल्म 'डर'में एक नेगेटिव रोल किया था, जो किरण (जूही चावला) को छिप-छिपकर डराता है, परेशान करता है। लेकिन होली के दृश्य में शाहरुख का किरदार राहुल, होली के माहौल का फायदा उठाकर किरण को रंग लगाता है। इस दृश्य में ही किरण का प्रेमी और होने वाले पति सुनील, राहुल का पीछा करता है लेकिन उसे पकड़ नहीं पाता है।


***सिलसिला :*** फिल्म 'सिलसिला'में तो होली पर एक पूरा गाना 'रंग बरसे' फिल्माया गया है। लेकिन, इसी गाने में अमित (अमिताभ बच्चन) और चांदनी (रेखा) के बीच अफेयर की बात, अमित की पत्नी (जया बच्चन) और चांदनी के पति (संजीव कुमार) को पता चलती है। फिल्म की कहानी में होली के इसी सींस से अलग मोड़ आता है।

***शोले :*** फिल्म 'शोले'में तो होली के गाने के बाद ही गब्बर और जय-वीरू का आमना-सामना होता है। गब्बर अपनी ताकत, अपना डर गांव वालों को दिखाता है। लेकिन जय और वीरू, गब्बर और उसके गुंडों का सामना करते हैं, उन्हें भागने पर मजबूर करते हैं। लेकिन इसके बाद गब्बर, जय और वीरू को मारने की ठान लेता है।

**रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे अरे कैने मारी पिचकारी तोरी भीगी अंगिया रंग रसिया, रंग रसिया**

## ... इन मस्ती भरे बॉलीवुड गानों संग मनाएं त्योहार

*नई दिल्ली। होली पर्व 14 मार्च को पूरे देश में धूमधाम मनाया जाएगा। लोगों ने अपने-अपने दोस्तों और परिवार के साथ होली में रंग जमाने की पूरी तैयारी कर ली है। होली आते ही हर किसी का दिल खुशी से झूठ उठता है। इस रंग भरे त्योहार में हर कोई मन-मुटाव भुलाकर दुश्मनों को भी गले लगा लेता है। आज आपको उन फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिनमें होली के त्योहार को इस तरह से दिखाया गया, कि लोग आज भी इन फिल्मों के रंग भरे गाने भूला नहीं पाए हैं। होली, भारत का सबसे रंगीन त्योहार है। बॉलीवुड की कई फिल्मों में होली के त्योहार को ना सिर्फ उत्सव के रूप में दिखाया, बल्कि इसे कहानी का एक अहम हिस्सा बनाकर प्यार, नफरत, एकता और मस्ती के भाव को उभारा है।*




**रंग बरसे :** यश चोपड़ा की क्लासिक फिल्म सिलसिला में होली का गाना 'रंग बरसे' आज भी हर होली के त्योहार का हिस्सा बन जाता है। अमिताभ बच्चन और रेखा के बीच की केमिस्ट्री इस गाने में हर किसी को याद होगी। फिल्म में होली का सीन प्यार और सामाजिक बंधनों के बीच की जटिलता को दर्शाता है।

**अरे जा रे हट नटखट :** 1959 में आई फिल्म नवरंग का गाना 'अरे जा रे हट नटखट, ना छू रे मेरा घूंघट' तो आज की जनरेशन भी खूब गुनगुनाती है। इस गानें के हिन के बिना होली अधूरी है।

**जोगी जी :** नदिया के पार फिल्म का गाना 'जोगी जी हां जोगी जी' भी होली के लिए परफेक्ट गाना है। इस गाने का नशा भांग के नशे से भी ज्यादा है। ये गाना आपकी होली में प्यार के रंग भर देगा।

**बलम पिचकारी :** बॉलीवुड की एक और सुपरहिट फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में 'बलम पिचकारी' गाने ने युवाओं के बीच होली को एक नया रंग दिया। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की जोड़ी इस गाने में मस्ती और दोस्ती का रंग बिखेरती नजर आई। यह गाना आज भी होली पार्टियों में जमकर बजाया जाता है।


**लहू मुंह लग गया :** संजय लीला भंसाली की इस फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' में होली का गाना 'लहू मुंह लग गया' प्यार और जुनून का अनोखा मेल दिखाता है। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के बीच की शानदार केमिस्ट्री और भंसाली की सिनेमाटोग्राफी ने इस सीन को यादगार बना दिया।



**होली खेले रघुवीरा :** अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी की फिल्म बागबान का गाना होली खेले रघुवीरा एवरग्रीन सॉन्ग है। इस गाने के बिना होली अधूरी है। बरसों पहले आया ये गाना आज भी लोगों के बीच काफी पॉपुलर है।

**डू मी ए फेवर लेट्स प्ले होली :** अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार और प्रियंका चोपड़ा की फिल्म वक्त का गाना – डू मी ए फेवर लेट्स प्ले होली- इस गाने के बजते ही पार्टी में लोगों के कदम अपने आप ही थिरकने लग जाते हैं।

**सोनी-सोनी :** साल 2000 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म मोहब्बतें के गाने उस दौर में काफी पॉपुलर हुए थे। इस फिल्म में होली से लेकर दीवाली तक पर फिल्माए गाने हैं। फिल्म का गाना सोनी-सोनी काफी पॉपुलर हुआ। आज भी ये गाना हर पार्टी की शान है।





**आज ना छोड़ेंगे :** राजेश खन्ना की फिल्म कटी पतंग का गाना 'आज ना छोड़ेंगे' होली के हिट गानों में से एक है। अगर आप भी होली की प्ले लिस्ट तैयार कर रहे हैं, तो इस गाने को एड करना मत भूलिएगा।

**होली के दिन दिल मिल जाते हैं :** शोले बॉलीवुड की वो फिल्म जिसके चर्चे फिल्म इंडस्ट्री में आज भी होते हैं। फिल्म की कहानी और एक-एक स्टार कास्ट को फैंस भूल नहीं पाए हैं। फिल्म के यूं तो सभी गानें हिट रहे. लेकिन बात होती की हो तो इस फिल्म का गाना 'होली के दिन दिल मिल जाते हैं' को नहीं भूला जा सकता। इस गीत की गिनती सदाबहार गानों में होती है। इस गाने में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जबरदस्त केमिस्ट्री देखी गई थी।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# जबलपुर एयरपोर्ट पर क्यों लिया जा रहा है अधिक टैक्स

जबलपुर ।

मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर अपेक्षाकृत अधिक टैक्स क्यों लिया जा रहा है। जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सरकार को एक सप्ताह में स्पष्ट करने के निर्देश दिए कि क्या टैक्स घटाया जा सकता है। जनहित में इस सिलसिले में क्या गुंजाइश है, यह स्पष्ट किया जाए।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है। इसके जरिए जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी घटने को लेकर चिंता जाहिर की गई है। नोटिस जारी होने के बाद विमानन कंपनियों ने अपने जवाब में कहा था कि अधिक टैक्स लिए जाने के कारण वे फ्लाइट संचालन में असमर्थ हैं। जनहित याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा।

उन्होंने दलील दी कि जनहित याचिका की मूल मंशा जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के दिशा-निर्देश जारी करने की है। इसी सिलसिले में पूर्व में हाई कोर्ट ने एयर इंडिया से जवाब मांगा था। जिसकी ओर से अधिवक्ता अल्हाद नरसिंह कुलकर्णी द्वारा प्रस्तुत जवाब में साफ किया जा चुका है कि विस्तृत सर्वे करने के बाद कंपनी जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने में असमर्थ है। डुमना एयरपोर्ट में वर्तमान में जो चार्ज लगाया जाता है, वह अपेक्षाकृत अधिक है। यदि यहां से फ्लाइट सेवा प्रारंभ करने वाली कंपनियां इस चार्ज की अदायगी करेंगी तो मुनाफा कम नुकसान अधिक होगा। दरअसल, इसीलिए वे दूरी बना चुकी हैं। अंततः इसका खामियाजा नागरिकों को उठाना पड़ रहा है।



### क्या है मामला

जनहित याचिकाकर्ता के अनुसार जबलपुर में अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट हैं। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरू आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थी। जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर तथा भोपाल के सामान थी। फ्लाईट के लगातार बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में जबलपुर से औसतन 15 फ्लाइट संचालित होती थीं। वर्तमान में घटकर इनकी संख्या पांच हो गई है। इससे जबलपुर का विकास अवरुद्ध हो रहा है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान इंडिगो विमान कंपनी ने अपना जवाब पेश कर दिया था। पिछली सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने एयर इंडिया एक्सप्रेस को अनावेदक बनाते हुए नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया था। उक्त नोटिस के परिप्रेक्ष्य में कंपनी द्वारा पेश जवाब में कहा गया है कि उनके द्वारा देश के 45 हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन होता है। भारत के जिन 73 एयरपोर्ट्स से उनकी कंपनी द्वारा उड़ाने नहीं भरती, उसमें जबलपुर भी शामिल है। विभिन्न एयरपोर्ट्स से फ्लाईट्स का संचालन लाभ-हानि की दृष्टि से तय होता है।

# अनसुटेबल नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता और संबद्धता से जुड़ी मूल फ़ाइलें पेश करो

## नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े में हाईकोर्ट का आदेश

जबलपुर।

नर्सिंग फ़र्ज़ीवाडे मामले में हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच के जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल ने महत्वपूर्ण आदेश दिये हैं। कोर्ट के पिछले आदेश के पालन में सरकार ने नर्सिंग कॉलेज को मान्यता देने के मामले में जिम्मेदार सभी अधिकारियों के नामों की सूची हाईकोर्ट में बंद लिफाफे में पेश की गई। हाईकोर्ट ने अब मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित नर्सिंग काउंसिल को उन सभी अनसुटेबल नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता और संबद्धता से जुड़ी मूल फ़ाइलें 18 मार्च को पेश करने कहा है। ये वो कॉलेज हैं जिन्हें अनसूटेबल होने के बावजूद भी सूटेबल दर्शाते हुए मान्यताएँ दी गई थी।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की ओर से एक आवेदन पेश कर हाईकोर्ट से प्रार्थना की गई कि सीबीआई जांच में अनसूटेबल पाए गए सैकडो संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों के भविष्य को लेकर संकट उत्पन्न हो गया है। इन छात्रों को सुटेबल कॉलेजों में शिफ़्ट किया जाए। हाईकोर्ट ने इस मामले में सरकार को अगली सुनवाई में पक्ष रखने के निर्देश दिये हैं ।

साइबर पुलिस भोपाल ने हाईकोर्ट के आदेश के पालन में नर्सिंग काउंसिल के दफ्तर में लगे सीसीटीवी फुटेज के डीवीआर से गायब फुटेज को रिकवर करने में असमर्थता जताई। कोर्ट ने काउंसिल दफ़्तर के आसपास लगे हुए कैमरों की सीसीटीवी फ़ुटेज की जाँच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये ।

छात्रों को मिली राहत-

हाई कोर्ट के पूर्व आदेश के पालन में नर्सिंग फर्जीवाड़े से जुड़ी याचिकाओं के विचाराधीन होने के कारण प्रोविजनल मार्कशीट जारी की गई थी। इस कारण अन्य राज्यों में जाने वाले छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हाईकोर्ट ने उन तमाम छात्रों को राहत देते हुए काउंसिल को आदेश दिया है कि सभी को सभी छात्रों को नई मार्कशीट जारी किया जाए जिसमें प्रोविजनल शब्द का उपयोग न हो।

# सहकारी समितियों का पुनर्गठन कर उन्हें सशक्त करें : कलेक्टर

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में गुरुवार को सहकारी समितियों के पुनर्गठन के संबंध में कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की। जिसमें कहा गया कि सहकारिता आंदोलन के शुदृढ़ीकरण एवं सहकारिता को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिये पंचायत स्तर पर जहां प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति अथवा दुग्ध या मत्स्य सहकारी समितियां कार्यरत नहीं है, वहां नवीन बहुउद्देशीय पैक्स अथवा प्राथमिक दुग्ध या मत्स्य सहकारी समितियों का गठन किया जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्राथमिक रूप से अभी पांच समितियों को पुनर्गठन किया जाये। साथ ही कहा कि फार्मर रजिस्ट्री में पैक्स की सहभागिता लें, जिले में अभी 1.15 लाख फार्मर रजिस्ट्री होना है, अतः तहसीलदार से सपर्क कर इस दिशा में प्रभावी कार्य करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूशन, पेट्रोल व डीजल पंप खोलने, जैविक दवाईयों के स्टोर, ग्रामीण क्षेत्र में सेनेटरी नेपकीन सुनिश्चित करने तथा टेंट व मैरिज गार्डन से संबंधित कार्य भी किया जा सकता है। इसमें आंगनबाड़ी की महिलाओं से जुड़कर बेहतर कार्य किया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि पीडीएस की दुकानों में लगभग पांच सौ मेट्रिक टन का वेयर हाउस के साथ ही एक दस बाय दस का दुकान भी बनायें। उस दुकान में दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली सामग्रियों को विक्रय के लिये रखा जाये। उन्होंनें पैक्स के शुदृढ़ीकरण के लिये कहा कि कंट्रोल की दुकान के पास ग्रेडिंग मशीन, हैप्पी शीडर या कस्टम हायरिंग से जुड़े सामग्री भी रखें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि 10-12 सोसायटियों को प्रायोगिक तौर पर इस कार्य में लगायें, जिसमें कुछ सोसायटियां थोक सामग्री लाने का कार्य करेंगी बाकी उन्हें बेचने का। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर कहा कि सहकारी समितियों को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करें। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## ढाबा से 510 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर**। भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम बिलखरवा में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 510 पाव देशी शराब जब्त की है। भेड़ाघाट थाना प्रभारी श्रीमति पूर्वा चौरसिया ने बताया कि ग्राम बिलखरवा निवासी 29 वर्षीय सम्राट ढाबा संचालक रमन पटेल गत रात अपने ढाबा के बरामदे में अधिक मात्रा में शराब बेचने के लिए रखा हुआ था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 510 पाव देशी शराब जब्त की है, जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 51 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी रमन पटैल के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।





## काशी बनारस और अयोध्या की धार्मिक यात्रा पर आज जायेंगे नगर समाचार पत्र विक्रेता

**जबलपुर**। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली की दो दिवसीय छुट्टी पर लगभग 150 समाचार पत्र वितरकों का समूह जबलपुर से धार्मिक यात्रा हेतु काशी विश्वनाथ के दर्शन व उसके बाद विंध्यवासिनी माता के दर्शन एवं रामलला के दर्शन हेतु 14.3.2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 4 बजे अयोध्या रवाना हो रहे हैं और लौटते में प्रयागराज के दर्शन करके 16.3.2025 दिन रविवार को लौटेंगे। इससे पूर्व सभी मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक की यात्रा व खुजराहों, भीमकुंड, बागेश्वर धाम, जटाशंकर,सायगढ की यात्रा पर जा चुके है। इन यात्राओं के सफल होने के बाद इस वर्ष बड़ी यात्रा का प्रयास किया गया है। इस यात्रा में समाचारपत्र विक्रेताओं के सहयोग के साथ साथ-साथ मालवीय चौक जबलपुर स्थित प्रतिष्ठान सुहाने न्यूज एजेंसी के संचालक राकेश सुहाने और उनके परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

## आज शाम 5 बजे तक बंद रहेंगी शराब दुकानें

**जबलपुर**। जिला प्रशासन ने होली के मद्देनजर धुरेंडी के दिन सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक शराब दुकान बंद रखने के आदेश जारी किये। जिला दंडाधिकारी दीपक सक्सेना ने इस संबंध में गुरुवार की देर शाम आदेश जारी कर दिए थे। आबकारी विभाग को निर्देश दिए गए है कि धुरेंडी के दिन शाम 5 बजे तक शराब दुकानों को बंद रखने के लिए आदेश के पालन सुनिश्चित किए गए है। इस अवधि में मदिरा का क्रय विक्रय अवैध संग्रहण पूर्णता निसिद्ध रहेगा। दुकानदानों द्वारा नोटिस टांग दिये जाने से शराब प्रेमियों ने स्टॉक कर शराब को रखा।

### म्यूजिकल ग्रुप ने दी होली के शानदार गीतों की प्रस्तुति

**जबलपुर**। भारतीय म्यूजिकल ग्रुप द्वारा दत्त मंदिर के प्रेक्षागृह में होली महोत्सव के अतंर्गत होली के गीत एवं अन्य शानदार गीतों का आयोजन दोपहर 12 से रात्रि 10 बजे तक किया गया, ग्रुप की संयोजिका मंजू चौधरी ने बताया कि संस्कारधानी के सभी कला साधकों को निःशुल्क गीत गाने का अवसर मंच पर दिया गया, गाने के बोल जैसे कि पल पल दिल के पास, बेखुदी में सनम, दिल में होली जल रही है, रंग बरसे, जैसे गीतों की प्रस्तुति गणेश चौधरी, कृष्णा, मधु बर्मन, रहीस खान, आरती ज्योतिष, मदन गोपाल, नीति, दीपक, अरुण श्रीवास आदि कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज से शानदार प्रस्तुतियां दी एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसपी सूर्यकांत शर्मा रहे, वहीं मंच का संचालन अमित परनामी ने किया।

# 14 मार्च से एक माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

## सूर्य के मीन राशि में प्रवेश के साथ शुरू होगा खरमास, अप्रैल-मई में 11 शुभ मुहूर्त

जबलपुर।

14 मार्च को सूर्य कुंभ राशि से मीन राशि में प्रवेश करेगा। यह समय खरमास या मलमास कहलाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बृहस्पति की राशि में सूर्य के गोचर के दौरान मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। 14 अप्रैल की सुबह सूर्य मीन राशि से मेष राशि में प्रवेश करेगा। इसके बाद मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो सकेंगे।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार सूर्य के उच्च अंश की कक्षा मेष राशि में मानी जाती है। मीन राशि में सूर्य का अंश कमजोर होता है। जब सूर्य का मीन राशि को छोडक़र मेष राशि में परिवर्तन होता है तब सूर्य का अंश बढ़ जाता है। सूर्य उच्च अंश में आकर सकारात्मक प्रभाव छोड़ते है। यही कारण है कि चैत्र, वैशाख में सूर्य का मेष राशि का परिभ्रमण होता है और यहां से पुनः मांगलिक कार्य की शुरुआत हो जाती है। इस बार अप्रैल और मई माह में 11 प्रमुख मुहूर्त रहेंगे जिस पर मांगलिक कार्य किए जा सकेंगे।



### ये शुभ मुहूर्त रहेंगे दो महीने

अप्रैल माह में शुभ मुहूर्त 2, 7, 9, 14, 18, 30 को है। इसी प्रकार मई महीने में शुभ मुहूर्त 1, 7, 8, 28, 29 तारीख को और जून माह में केवल 8 तारीख को शुभ मुहूर्त रहेंगा। इसी तरह मुंडन संस्कार के लिए अप्रैल में 14, 24 और मई माह में 1 व 3 तारीख को मुहूर्त है। वहीं 8 जून के बाद गुरु का वार्धक्य दोष एवं गुरु का अस्त होने से विवाह आदि नही हो सकेंगे। इसके बाद 16 नवंबर से विवाह कार्य पुनः आरंभ होंगे। विवाह के लिए नवंबर माह में 16, 22, 23, 25, 30 और दिसंबर माह में 4 दिसंबर को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना : जिले में अब तक लक्ष्य से 26 फीसदी अधिक आवेदन प्राप्त

**जबलपुर**। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण में देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप के लिये युवाओं के पंजीयन के मामले में जबलपुर जिले ने बड़ी सफलता हासिल की है। योजना के तहत जिले में अभी तक लक्ष्य से 26 फीसदी अधिक युवाओं द्वारा आवेदन किये जा चुके हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण में जबलपुर जिले को 1 हजार 232 युवाओं के पंजीयन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके विरूद्ध 13 मार्च तक 1 हजार 555 युवा इंटर्नशिप के लिये आवेदन कर चुके हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल करने में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में लगाये गये शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार 10, 11 और 12 मार्च को लगातार तीन दिन तक लगाये गये इन शिविरों के माध्यम से 1 हजार 218 युवाओं ने इंटर्नशिप के लिये ऑनलाइन आवेदन किया है। युवाओं को उद्योगों की वर्तमान की जरूरत के मुताबिक विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित करने तथा उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च से बढ़ाकर अब 31 मार्च कर दी गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत इंटर्नशिप के लिए 21 से 24 वर्ष की आयु के ऐसे युवा पात्र हैं, जो सीधे तौर पर सरकारी कर्मचारियों से संबंधित नहीं है और उन्होंने अब तक किसी अन्य अप्रेंटिसशिप योजना का लाभ नहीं लिया है। युवाओं द्वारा योजना के तहत इंटर्नशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन www.pminternship.mca.gov.in पोर्टल पर किये जा सकते हैं।

# कांग्रेस ने जलाई जनता की समस्याओं की होलिका

**जबलपुर**। होलिका दहन की संध्या पर शहर कांग्रेस कमेटी जबलपुर द्वारा रसल चौक में समस्याओं की होली जलाने का आयोजन किया गया। इस प्रतीकात्मक होलिका दहन के माध्यम से कांग्रेस ने जनता की प्रमुख समस्याओं के प्रति सरकार की उदासीनता का विरोध किया।

कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और शहरवासियों ने एकजुट होकर बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार और अपराध जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर रोष व्यक्त किया।इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि सरकार जनता की परेशानियों को नजरअंदाज कर रही है। प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं, बेरोजगार युवा हताश हैं, और कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम और जबलपुर विकास प्राधिकरण की लापरवाही से आमजन त्रस्त हैं, जबकि भू-माफिया खुलेआम सक्रिय हैं।उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं, सरकारी अस्पतालों में आवश्यक सुविधाओं का घोर अभाव है, जिससे आम जनता को निजी अस्पतालों के महंगे इलाज पर निर्भर होना पड़ता है।श्रीकृष्ण से प्रार्थना है कि अन्याय, अधर्म और अनीति के इस दौर में वे हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की शक्ति दें।शहर कांग्रेस कमेटी ने वूमेन एम्पावरमेंट को लेकर भी चिंता जाहिर की और सरकार से मांग की कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं.कार्यक्रम में विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व मंत्री तरुण भनोत, पूर्व विधायक संजय यादव, कांग्रेस संसद प्रत्याशी दिनेश यादव, पार्षद संतोष पांडा, अमरीश मिश्रा, अतुल नरेश बाजपेयी, राजेश यादव, नरेंद्र पंगे, प्रवेंद्र चौहान और रितेश गुप्ता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी नेताओं ने एकजुट होकर प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना की और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में शहरवासियों ने हिस्सा लिया और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की।




## आरआई सर्किल स्तर पर होंगे गेहूं उपार्जन केन्द्र

# गोदामों के निर्धारण में बरती जायेगी पूरी पारदर्शिता : कलेक्टर

जबलपुर।

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं के उपार्जन की तैयारियों के तहत आज गुरूवार को कलेक्ट्रेट में वेयर हाउस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में वेयर हाउस संचालकों को गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्रों के निर्धारण तथा भंडारण केंद्रों के निर्धारण सबंधी नियमों एवं प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री सक्सेना बैठक में कहा कि गेहूं के उपार्जन और भंडारण की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जायेगी। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीदी गई उपज के भंडारण केंद्रों के लिये प्राथमिकता के अनुसार चिन्हित गोदामों की सूची एक-दो दिन के भीतर वेयर हाउस संचालकों को उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि वेयर हाउस संचालक इस सूची को अच्छे से देख लें और यदि इस पर उन्हें कोई आपत्ति हो तो 15 मार्च को शाम 5 बजे तक उसे दर्ज भी करा दें। श्री सक्सेना ने कहा कि आपत्तियों के निराकरण के बाद ही उपज के भंडारण के लिये चयनित गोदामों की सूची को अंतिम रूप दिया जायेगा। कलेक्टर श्री सक्सेना ने उपार्जन में सामने आई कमियों को दूर करने वेयर हाउस संचालकों से सुझाव देने का आग्रह भी किया। कलेक्टर ने बैठक में वेयर हाउस संचालकों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि वेयर हाउस संचालकों को उपार्जन में आने वाली परेशानियों को दूर करने के हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि रबी उपार्जन को सुचारू व पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिये इस बार 31 आरआई सर्किल स्तर पर तीन-तीन उपार्जन केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। जिसमें तीन हजार मेट्रिक टन का व खाली गोदामों को प्राथमिकता क्रम में लिया जायेगा। बैठक में उपार्जन से जुड़े अधिकारियों के साथ वेयर हाउस संचालक मौजूद थे।



## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में जिले में स्थित स्थावर सम्पत्ति जैसे भूमि एवं भूखण्ड के बाजार मूल्य की संगणना के लिये बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 में अचल संपत्तियों के मूल्य की संगणना के गाईड लाईन व मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही मूल्यांकन समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव सुझाव के लिये जिला व उप पंजीयक कार्यालयों में अवलोकन के लिये रखे गए है, जिसमें आमजन 17 मार्च को दोपहर 1 बजे तक अपने सुझाव या आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। इस दौरान केंट विधानसभा से विधायक प्रतिनिधि सचिन जैन सहारा भी उपस्थित थे।

# देर रात तक चला होलिका प्रतिमाओं का दहन

# कहीं महंगाई और समस्या युक्त तो कहीं प्रदूषण मुक्त होली जली

*रंगों का अलमस्त त्यौहार होलिकोत्सव पर शहर में स्थापित की गई सैकड़ों होलिका प्रतिमाओं का रविवार की रात दहन किया गया। अनेक स्थानों पर एक दिन पूर्व ही होलिका स्थापित कर दी गई थी। शाम ढलते ही बाजार गुलजार हो गये थे लोगों ने रंग पिचकारी मेवा मिष्ठान की खरीदी की और इसके बाद रात नौ बजे के बाद सड़कों पर होली के हुलियारे शराब के नशे में मदमस्त होकर हुड़दंग मचाने लगे थे। खासकर जहां पर होलिका प्रतिमाएं रखी गई थी वहां डीजे साउंड लगाकर हुलियारे नाचते गाते रहे। रात 10 बजे के बाद पुलिस ने सख्ती प्रारंभ की।*

हरिभूमि जबलपुर।

जिला दण्डाधिकारी द्वारा त्यौहारों एवं चुनावों के मद्देनजर प्रतिबंधात्मक धारा 163 लागू कर दी गई थी जिससे पुलिस ने रात 10.30 बजे के बाद होलिका प्रतिमाओं का दहन प्रारंभ करवा दिया था। इक्का-दुक्का स्थानों को छोड़कर सभी मुख्य मार्ग पर रखी गई होलिका प्रतिमाओं का दहन रात 12 बजे तक कर दिया गया। वैसे भी होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 10.44 बजे से 12.30 बजे तक था लेकिन शांति समिति की बैठक में होलिका दहन की समय सीमा रात 11 बजे तय की गई थी। लिहाजा पुलिस ने 11 बजे से होलिका दहन कराने के लिए दबाव बनाना प्रारंभ कर दिया था। तमाम प्रतिबंध के बावजूद गली कूचों और कालोनियों में डीजे साउंड बजते रहे। छुटपुट घटनाओं को छोड़कर आमतौर पर शांतिपूर्ण माहौल में होलिका प्रतिमाओं का दहन किया गया। पुलिस ने लगातार पेट्रोलिंग की और फिक्स प्वाइंटों पर चहल कदमी करते रहे।

### कांग्रेस ने जलाई समस्याओं की होली

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, बढ़ते अपराध और मीटर की लूट खसोट की होली रसल चौक में जलाई गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, प्रवींद्र सिंह चौहान, प्रवीण कुशवाहा, अनुज श्रीवास्तव, विवेक भोंसले, श्याम सोलंकी, संजय जैन, रीतेश गुप्ता, विक्रम सिंह ठाकुर, राकेश चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

### होली पर महंगाई-बेरोजगारी का साया

बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक होलिकोत्सव पर इस बार महंगाई और बेरोजगारी का साया छाया रहा। एक तरफ बाजारों में मंदी छायी रही वहीं होलिका प्रतिमाओं को कहीं मंहगाई के प्रतीक में कहीं बेरोजगारी के प्रतीक में कहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश की झांकी के रूप में स्थापित किया गया था। हालांकि गत वर्ष के मुताबिक इस वर्ष होलिका कम रही, अधिकांश स्थानों पर भूसा, कंडे, लकड़ी एकत्रित कर होलिका के रुप में जलाई गई।



## देर रात तक हुये होलिका दहन

**सिहोरा।** फागुन पूर्णिमा पर बुराई की प्रतीक होलिका दहन के बाद आज उमंग उत्साह के साथ रंग अवीर की बैछारे झूटेगीं लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर सभी रागद्धवेष भूल जायेगें।

नगर में दर्जनों स्थानों में विभिन्न मुद्राओं में होलिका की प्रतिमा स्थापित की गई थी जिनका दहन देर रात तक चलता रहा और उमंग का पर्व आज नगर में पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। गत देर रात होलिका दहन के पश्चात ही रंग गुलाल उडन्ने के साथ रंगो के पर्व का शुभारम्भ हो गया है। और इस पांच दिवसीय रंगोत्सव के पहले दिन रंग उड़ाने और होली खेलने बच्चे बेतावी से इंतजार कर रहे थे।

आज जगह जगह होली मिलन समारोह के अलावा बाजार सहित सघन बस्तियों में सामुहिक होली कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें और आज शुक्रवार को रंगो की बौछार के साथ धुरेड़ी का पर्व मनाया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रो में भी फाग के गीतो के साथ रंग ही रंग उड़ता दिखाई देगा। होली के पर्व को देखते हुये जहां लोगो ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है वहीं कुछ लोग कल रात तक बाजारो में रंग और पिचकारी खरीदने पहुँचे। धुरेड़ी के दिन भी रंगो की दुकान सजी रहेगी। एक दिन पहले शराब के साथ भांग की दुकानों में भी भारी भीड देखी गई ।



## माता गुजरी महिला महाविद्यालय में छात्राओं ने मनाया गुलाल उत्सव

**जबलपुर।** रंग-बिरंगे गुलाल और प्राकृतिक रंगों से सराबोर, अपनी ही धुन में मस्त छात्राओं ने खूब अबीर उड़ाया, अवसर था होली उत्सव। माता गुजरी महिला महाविद्यालय में हर वर्ष की तरह इस बार भी होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव का मार्गदर्शन, महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर सुनील कुमार पाहवा, रजिस्टार डॉ. सत्येंद्र कुररिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने अबीर, गुलाल, प्राकृतिक रंगों, फूलों के साथ होली खेलकर इस उत्सव को यादगार बनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. माया शुक्ला, डॉ. श्रुति पुंज, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने किया। इसके साथ ही डॉ. महेंद्र जैन, राकेश तिवारी, डॉ. गणेश दुबे, राफेल परस्ते, प्रभात केवट, देवेश अवस्थी, प्रदीप सेन ने मुख्य भूमिका निभायी। इस अवसर पर डॉ. संध्या बटालिया, डॉ. रानू सिंह , डॉ. महिमा त्रिपाठी, डॉ. मीता श्रीवास्तव, डॉ. मोनिका धगट, डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. राजुल जैन, डॉ. मंजूषा पौराणिक, डॉ. रमणीक कौर एवं समस्त प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे।




## एम.ए. हिंदी उत्तरार्द्ध के विद्यार्थियों का विदाई समारोह

**जबलपुर।** हिंदी विभाग, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में हिंदी विभाग के एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का फेयरवेल (विदाई) समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा डांस, कविता, गायन की रंगारंग प्रस्तृति दी गई साथ ही भारतीय लोक संस्कृति में ईसुरी की फागों का गायन किया गया। जैसे "दो नाम जगत में सुंदर है, चाहे कृष्ण कहो या राम", जो तुम छैल-छला बन जाते, मोहन भर पिचकारी खींचे, सखी रे भाग हमारे भारी फागों का विद्यार्थियो द्वारा जोष उल्लास के साथ गाया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. महेन्द्र कुषवाहा, डॉ. तरूणेद्र साकेत, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, शोधार्थी हरीश झारिया, सुषमा मौर्य, अजय मिश्रा के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी बृजलाल जायसवाल, मानसी कुशवाहा, पूजा सिंह, प्रशांत, सृष्टि गर्ग, दिव्या, आम्रपाली के साथ महाविद्यालय के एम.ए. हिंदी के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।



## अधिवक्ताओं की निःशुल्क लिपिड प्रोफ़ाइल जांच की गई

**जबलपुर।** ब्रह्मलीन अधिवक्ता आदर्श मुनि त्रिवेदी की स्मृति में आयोजित निःशुल्क जाँच शिविर में गुरुवार को आदर्श सभागार हाई कोर्ट बार एसोसिएशन में थायरायड यूरिक एसिड कोलेस्ट्राल प्रोटीन हीमोग्लोबिन ब्लड शुगर आदि की जांच की गई। इस शिविर में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने अपनी जांच कराई। म प्र जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन, मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा हितकारिणी विज्ञान कला एवं वाणिज महाविद्यालय देवताल गढ़ा, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। शिविर में प्रशांत अवस्थी, आशीष त्रिवेदी, रत्नेश मिश्रा सिद्धार्थ शुक्ला शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांतीय संयोजक निलेश पाण्डेय, दिनेश सिंह ठाकुर आनंद शुक्ला अपूर्व त्रिवेदी नीलम गोयल के के पांडे शुभम मिश्रा आशीष तिवारी संदेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## प्रतिदिन परेशान हो रहे हजारों यात्री

## रेलवे और बिजली कम्पनी के बीच फंसा सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन के ट्रांसफार्मर हटाने का मामला

**सिहोरा।** दो विभागों के बीच की आपसी खींचतान का खामियाजा आम यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है ।जिसके चलते हजारों यात्री अपनी जान खतरे में डालकर स्टेशन पहुंचने के लिए मजबूर हैं। यह मामला है सिहोरा रोड रेलवे की सडक का जहां बीच सड़क में खड़े ट्रांसफार्मर से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। रेलवे के अधिकारियों का तर्क है कि ट्रांसफार्मर हमारी जगह पर लगा है इससे बिजली कंपनी तत्काल हटाए वहीं दूसरी तरफ बिजली कंपनी का तर्क है कि ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के लिए कंपनी शिफ्टिंग चार्ज जमा करे, तभी ट्रांसफार्मर को हटाया जाएगा।

### अमृत योजना के तहत हो रहा सौंदर्यीकरण

अमृत भारत योजना के तहत सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन को नया स्वरूप दिया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के पहले रेलवे के अधिकारियों ने बिजली कंपनी को निर्देशित किया था कि ट्रांसफार्मर हमारी जगह पर लगा हुआ है इसे तत्काल हटाएं। संबंधित ट्रांसफार्मर में रेलवे का कोई भी कनेक्शन नहीं है। बिजली कंपनी द्वारा ट्रांसफार्मर नहीं हटाए जाने पर रेलवे ने सड़क को चौड़ा कर दिया और रोड भी बना दी। वहीं बिजली कंपनी का कहना है कि ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए शिफ्टिंग चार्ज रेलवे को जमा करना होगा इसके बाद ही से हटाया जाएगा। ऐसे में दो विभागों की खींचतान के कारण आम यात्रियों को अपनी जान खतरे में डालकर स्टेशन पहुचना पड़ रहा है।



### हमेशा बना रहता है रेल यात्रियों का दबाव

सिहोरा रेलवे स्टेशन से सिहोरा, मझौली, बहोरीबंद और ढीमरखेडा से अनेक यात्री अप-डाउन करते हैं। 24 घंटे स्टेशन पर यात्रियों का दबाव है। ट्रान्सफार्मर बिल्कुल दोनों सडक के बीचों-बीच है इसलिए एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश चौदहा का कहना है कि सडक से ट्रान्सफार्मर अलग करने को लेकर कोई विवाद नहीं है। दोनों विभाग आपसी समन्वयक बनाकर ट्रान्सफार्मर को दूसरी जगह शिफ्ट करे जिससे यात्रियों को राहत मिले सके।

## रमजान शरीफ का दूसरा जुमा आज

**जबलपुर।** पाक माह रमजान शरीफ का आज दूसरा जुमा है। इस मौके पर शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों व नमाजगाहों में दोपहर डेढ़ बजे जुमा की नमाज अदा की जाएगी! नमाज के पूर्व इमाम साहब खुतबा पढ़ेंगे तथा नमाजोपरांत दुआए मांगी जाएगी. मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने एक बयान में कहा है की हम शहरवासियों ने पहले भी मिलकर एक साथ त्यौहार मनाये है. और आज भी जुमे के दिन मिलकर भाईचारे के साथ मनाएंगे! मौलाना साहब ने कहा की हिंदु मुस्लिम एक दूसरे की भावनाओं को ध्यान रखते हुए त्यौहार मनाये और मिलकर अपने मुल्क को तरक्की की तरफ ले जाये। हिंदु मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने कुर्बानी देकर इस देश को आजाद कराया है। राजनीतिक लोगों के चक्कर में आपसी संबंध ना बिगाड़े! मौलाना साहब ने कहा कि पुलिस प्रशासन मस्जिदों व ईदगाहों के पास अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाए जिससे शरारती तत्वों द्वारा माहौल खराब ना हों। मौलाना साहब ने पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि होली के लिए देढ़ बजे तक का समय दिया जाए ताकि मुस्लिम धर्मावलंबी इसके बाद मस्जिद में जाकर जुमे की नमाज अदा कर सके और शालीनतापूर्वक दोनों समुदाय के लोग त्यौहार मनाये. मौलाना साहब ने उम्मीद जाहिर की है की आज का आम दिनों जेसे ही शांति से निकलेगा। मुस्लिम समुदाय के वरिष्ठ हाजी कदीर सोनी, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, मतीन अंसारी, पप्पू वसीम खान, बाबा रिज़वान, अमीन कुरेशी, जमा खान, याकूब अंसारी, प्यारे साहब, मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर अली कादरी, हाजी तौसिफ रज़ा, अकबर खान सरवर, शमीम अंसारी गुडडू, अशरफ मंसूरी, जवाहर कादरी, अशरफ राईन,आदि ने जुमे के मौके पर मस्जिदों व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिसबल, साफ़ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जलपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखने की मांग की है! इसके साथ ही मुस्लिम समाज के वरिष्ठों ने कहा की जबलपुर ने हमेशा अपने संस्कारधानी होने की पहचान पेश की है! इस बार भी संस्कारधानी अपने संस्कारों में कायम रहेगी। किसी भी अफवाह पर नौजवान ध्यान न दे ताकि माहौल खराब ना हो।

## संपूर्ण ब्राह्मण मंच की बैठक में नियुक्ति प्रदान की गई



**जबलपुर।** राष्ट्रीय महामंत्री पंडित यदुवंश मिश्रा एवं युवा अध्यक्ष निशांत शर्मा संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा निःशुल्क उपनयन संस्कार एवं परशुराम धाम ग्वारीघाट में निरंतर प्रति गुरुवार भगवान परशुराम की आरती के साथ समस्त समाजों को एक सूत्र में पिरोने के लिए निरंतर सर्वे भवंतु सर्व सुखना के मंत्र के साथ सनातन संस्कृति को एक करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं इसी परिपेक्ष में संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा आज कार्यालय से यदुवंश मिश्रा एवं निशांत शर्मा को सामाजिक समरसता के लिए यह दायित्व दिया गया। हर्ष व्यक्त करते हुए पंडित धनंजय बाजपेई, डॉक्टर अरुण मिश्रा, रावेंद्र तिवारी, सीता सीताराम कुरचानिया, सुधाकर मिश्र, सत्येंद्र तिवारी, आनंद मोहन शर्मा, पुष्पा तिवारी, आभा तिवारी, मधुबाला दुबे, सुधा मिश्रा आदि ने संकल्प लिया कि कंडा की होली जलाएंगे, साथ ही नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया।



## शांतिपूर्ण सौहार्द और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** शहर की गंगा-जमुनी तहज़ीब और धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स जबलपुर ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें रमज़ान और होली के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए विशेष प्रशासनिक सतर्कता और सुरक्षा उपायों की मांग की गई।

ज्ञापन में संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी व ड्रोन सर्विलांस, नियमित फ्लैग मार्च, शांति समिति की बैठकें, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी जैसे अहम सुझाव दिए गए। जबलपुर के पदाधिकारियों सहित कई गणमान्य नागरिक इस अवसर पर उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।




**श्री संजय खम्परिया-** सिहोरा, वार्ड क्रमांक 16 खितौला निवासी श्री संजय खम्परिया का 56 बर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे सिहोरा के पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया,राजू खम्परिया के छोटे भाई थे।



**श्रीमती चित्रा साहू-** कटरा अधारताल निवासी श्री द्वारका प्रसाद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती चित्रा साहू (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. प्रिया शर्मा-** शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री सतीश शर्मा की पुत्री कु. प्रिया शर्मा (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मीना बाई केवट-** सिद्धि विनायक कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री कन्छेदी लाल केवट की धर्मपत्नी श्रीमती मीना बाई केवट (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रहलाद सिंह गौंड़-** प्रोफेसर कॉलोनी सुहागी निवासी श्री प्रहलाद सिंह गौंड़ (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## हाई कोर्ट व जिला अदालत के जजों की मौजूदगी में मनाया होली मिलन

### जिला बार एसोसिएशन का आयोजन

**जबलपुर।** जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी सहित अन्य की विशेष मौजूदगी में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला बार प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, स्टेट बार सदस्य शैलेंद्र वर्मा, जिला बार के पूर्व अध्यक्ष उमेश पांडे सहित अन्य की उपस्थिति उल्लेखनीय थी। जिला बार मार्गदर्शक समिति के सदस्य तुलसीदास लोहान, केडी सिंह सहित, जिला बार की उपाध्यक्ष ज्योति राय, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेंद्र यादव, कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा सीपू, अर्जुन साहू, मनोज तिवारी, दुर्गेश मनाना सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ताओं ने उपस्थित होकर फूलों की होली खेली। संचालन कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन साहू ने अनूठे अंदाज में किया। राधा-कृष्ण के नृत्य से सबका मन मोह लिया।

## 8 माह व्यतीत हो जाने के पश्चात आरोपियों के विरूद्ध अब तक नहीं दर्ज हुई एफ.आई.आर.

**जबलपुर।** प्रार्थिया साक्षी भारद्वाज की बहन शुभ्रा भारद्वाज व अजीत नामक लड़के द्वारा माँ के नाम की फर्जी कूटरचित हस्ताक्षरित वसीयत को नुकसान पहुँचाने एवं 8 माह शिकायत चार्ज पूर्ण होने एवं सी.एम. हेल्प लाईन नं. 30751730 में दर्ज शिकायत के बावजूद थाना प्रभारी गोरखपुर के द्वारा हीला-हवाली, विलंब कारित करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज न करने बावत शिकायत पत्र निवेदन है कि प्रार्थिया साक्षी भारद्वाज ने 8 माह पूर्व थाना प्रभारी गोरखपुर, सी.एस.पी. गोरखपुर एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर के समक्ष माँ के नाम से फर्जी कूटरचित हस्ताक्षरित की हुई वसीयत बहन शुभ्रा भारद्वाज एवं अजीत शर्मा ने अपने नाम तैयार की थी, जिसकी शिकायत प्रार्थिया ने देकर उक्त शिकायत की विधि अनुसार जांच करवाई। सी.एस.पी. गोरखपुर के द्वारा हैडराईटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट नोहराईज वसीयत के अधिवक्ता के कथन एवं शेष कार्यवाही कर प्रथम दृष्टया अपराध गठित होना पाया गया, जिसका अनुमोदन के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा के समक्ष उक्त शिकायत जाँच पर एफ.आई.आर. हेतु अनुमोदन के लिये गये, तथा उसे अनुमोदित कर पुलिस अधीक्षक के समक्ष उक्त प्रकरण भेजा गया। पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी गोरखपुर को निर्देशित किया कि उक्त प्रकरण की जाँच कर अग्रिम कार्यवाही कर एफ.आई.आर. दर्ज की जाए। प्रार्थिया निरंतर थाना प्रभारी गोरखपुर, जबलपुर से संपर्क करती रही, किन्तु थाना प्रभारी गोरखपुर के द्वारा आश्वासन दिया गया कि अभी मैंने प्रकरण देखा नहीं है, टाईम नहीं मिल रहा है, पढ़ लेता हूँ, जबकि पुलिस अधीक्षक ने दिनांक 28.02.2025 को आदेशित किया था। थाना प्रभारी ने प्रार्थिया को कहा कि पुलिस अधीक्षक जब मुझसे बोलेंगे तभी एफ.आई.आर. होगी, सभी कार्यवाही हो चुकी है, इस तरह से विलंब कारित किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री दो फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन सियाम ने गुरुवार को कहा कि कारखानों से कंपनी डीलरों को घरेलू यात्री वाहन निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 1.9 प्रतिशत बढ़कर 3,77,689 इकाई हो गया। पिछले साल फरवरी में कुल यात्री वाहन थोक बिक्री 3,70,786 इकाई रही थी। फरवरी में 3.78 लाख इकाइयों की अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की।

### एमटीएनएल का शेयर 18 फीसदी से अधिक चढ़ा

MTNL


**नई दिल्ली।** एमटीएनएल के शेयर में बृहस्पतिवार को 18 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। सरकार ने संसद में कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी ने भूमि और भवनों के मौद्रीकरण से जनवरी, 2025 तक 2,134.61 करोड़ रुपये कमाए हैं। 18.36 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 51.30 रुपये और 51.18 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए।

### जेनएआई से वित्तीय सेवाओं की उत्पादकता बढ़ जाएगी




**नई दिल्ली।** सृजनात्मक कृत्रिम मेधा (जेनएआई) वर्ष 2030 तक भारतीय वित्तीय सेवाओं के उत्पादकता स्तर को 34 से 38 प्रतिशत और खासकर बैंकिंग परिचालन के लिए 46 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि जेनएआई भारत के वित्तीय सेवा परिदृश्य को नया रूप दे रहा है।

### एस्पेक्ट बुलियन ने मुंबई में लगाई वेंडिंग मशीन




**मुंबई।** एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स के एक प्रभाग एस्पेक्ट बुलियन एंड रिफाइनरी ने यहां एक गोल्ड (सोना) और सिल्वर (चांदी) वेंडिंग मशीन का अनावरण किया। यह वेंडिंग मशीन उपभोक्ताओं को पूरे भारत में एक समान कीमत पर सुरक्षित और परेशानी मुक्त तरीके से सोने और चांदी के सिक्के और बार (छड़) खरीदने की सुविधा देती है।

### पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन को कर्ज जुटाने की मिली मंजूरी

पी एफ सी PFC

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने 2025-26 के लिए 1,40,000 करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। साथ ही 2024-25 के लिए 3.5 रुपये प्रति शेयर के चौथे अंतरिम लाभांश की भी अनुमति दी है। 12 मार्च, 2025 को हुई अपनी बैठक में 2025-26 के लिए कुल 1,40,000 करोड़ रुपये के कर्ज को मंजूरी दी।

### ओला इलेक्ट्रिक की एस1 ई-स्कूटर पर 26,750 रुपए छूट की पेशकश



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने बृहस्पतिवार को अपने इलेक्ट्रिक स्कूटरों की एस1 श्रृंखला के लिए सीमित समय की 'होली फ्लैश सेल' की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि इस सेल के तहत ग्राहक एस1 एयर पर 26,750 रुपये और एस1 एक्स+ (जेन-2) पर 22,000 रुपये तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

इन मॉडल की कीमत अब क्रमशः 89,999 रुपये और 82,999 रुपये से शुरू होती है। फ्लैश सेल 13 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च को समाप्त होगी।

# जेफ यास ने सट्टेबाजी से की शुरुआत और इस साल कमाई में सबको पीछे छोड़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दुनिया के टॉप 25 अमीरों में से 13 की नेटवर्थ में इस साल गिरावट आई है। सबसे ज्यादा नेटवर्थ दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने गंवाई है। उन्होंने इस साल दो महीने और 10 दिन में करीब 132 अरब डॉलर गंवाए हैं। लेकिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शख्स का नाम शायद ही आपने कभी सुना होगा।

इस साल जेफ यास की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 17 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह 62.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 23वें नंबर पर हैं। यास प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग फर्म सुस्केहाना इंटरनेशनल ग्रुप के फाउंडर हैं।

- यास की नेटवर्थ दो महीने में 17 अरब डॉलर बढ़ चुकी
- दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 23वें नंबर पर काबिज

## कमाई के मामले में इस साल नंबर 1 हैं जेफ यास

### यास के पास फर्म की 51 फीसदी हिस्सेदारी

यह कंपनी वित्तीय उत्पादों और परिसंपत्तियों खासकर डेरीवेटिव्स में मार्केट्स बनाती है। साथ ही यह प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल में भी निवेश करती है। यास के पास टिकटॉक की डेवलपर बाइटडांस में भी कुछ हिस्सेदारी है। यास की कमाई का मुख्य स्रोत सुस्केहाना इंटरनेशनल ग्रुप है। यह एक मार्केट-मेकिंग और प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग फर्म है। मार्च 2023 की फाइलिंग के मुताबिक यास के पास फर्म में 51 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी का सालाना रेवेन्यू लगभग 10.9 अरब डॉलर आंका गया है। सुस्केहाना इंटरनेशनल ग्रुप के पास टेक फर्म बाइटडांस का लगभग 15 फीसदी हिस्सा है। बाइटडांस की वैल्यूएशन करीब 365 अरब डॉलर है।



### गैम्बलर में शुरू से रूचि

जेफ यास का जन्म न्यूयॉर्क में हुआ था। उनके माता-पिता दोनों अकाउंटेंट थे। अपने पिता की प्रेरणा से उन्होंने कम उम्र में ही शेयरों और गैम्बलिंग में रुचि लेना शुरू कर दिया। उन्होंने पहला शेयर कैंपबेल फूड कंपनी का खरीदा था। यास ने स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क से कॉलेज में पढ़ाई की। वहां वह अक्सर पोकर खेलते थे और घुड़दौड़ पर दांव लगाते थे। वहां उनकी दोस्ती ऐसे लोगों से हुई जो उनकी ही तरह के शौक रखते थे। स्नातक होने के बाद वे एक प्रोफेशनल गैम्बलर बनने के लिए लास वेगास चले गए।

### 1987 में डाली सुस्केहाना की नींव

जल्द ही उन्होंने एक ऑप्शंस ट्रेडर बनने के लिए फिलाडेल्फिया जाने का फैसला किया। उन्हें मिलेनियम मैनेजमेंट के संस्थापक इजराइल इंग्लैंडर का सपोर्ट मिला। इंग्लैंडर ने उन्हें फिलाडेल्फिया स्टॉक एक्सचेंज में एक सीट खरीदने में मदद की। 1987 में उन्होंने अपने कॉलेज के पांच दोस्तों के साथ मिलकर सुस्केहाना इंटरनेशनल ग्रुप की स्थापना की। फर्म ने एक ऑप्शन मार्केट-मेकर के रूप में शुरुआत की। लेकिन अब वह कई तरह की फाइनेंशियल एसेट्स क्लासेज में ट्रेड करती है। साथ ही खेल और राजनीतिक सट्टेबाजी डेरिवेटिव भी प्रदान करती है। इसके पास वेंचर कैपिटल और प्राइवेट इक्विटी ग्रुप भी हैं जो फर्म की पूंजी का निवेश करते हैं।

## नौकरी खोजने की सुविधा देने वाला मंच 'इनडीड' ने जारी की रिपोर्ट

# शारीरिक श्रम वाली नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी केवल 20 प्रतिशतः रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नौकरी खोजने की सुविधा देने वाला मंच 'इनडीड' ने एक सर्वेक्षण में यह कहा है। यह सर्वेक्षण बड़े और मझोले शहरों (टियर एक और टियर दो) में 14 उद्योगों के 4,000 से अधिक नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच किया गया है। इससे पता चलता है कि 2024 में 73 प्रतिशत नियोक्ताओं ने 'ब्लू-कॉलर' यानी शारीरिक श्रम से जुड़ी भूमिकाओं के लिए महिलाओं को काम पर रखा।

### दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी में महिलाएं कम

जबकि देश भर में महिलाओं की भागीदारी 20 प्रतिशत पर स्थिर रही। खुदरा, स्वास्थ्य और औषधि, निर्माण और रियल एस्टेट, यात्रा तथा होटल जैसे उद्योग औसतन 30 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी के साथ अग्रणी हैं। वहीं दूरसंचार, बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवाएं और बीमा) और सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत से कम प्रतिनिधित्व है।

### महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता के लिए तलाश रही नौकरियां

रिपोर्ट में कहा गया, ''हालांकि, अधिक महिलाएं मुख्य रूप से वित्तीय स्वतंत्रता के लिए 'ब्लू-कॉलर' नौकरियों की तलाश कर रही हैं, लेकिन कार्यस्थल की वास्तविकताएं कठोर बनी हुई हैं।'' सर्वेक्षण में शामिल आधी से अधिक महिलाओं ने काम के लचीले घंटे की कमी को एक बाधा बताया।

*देश में कारखानों, खुदरा, निर्माण जैसे क्षेत्रों में शारीरिक श्रम से जुड़े काम कर रहे लोगों में महिलाओं की भागीदारी महज 20 प्रतिशत है। इन्हें वेतन विसंगतियों से लेकर स्वच्छता की कमी जैसे कार्यस्थल से जुड़ी कठिन चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है।*





### कंपनियां और महिला कर्मियों को नियुक्त कर रही

इनडीड इंडिया के बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा, ''हालांकि, कंपनियां अधिक महिलाओं को नियुक्त करने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन सच्ची प्रगति उन्हें जोड़े रखने की रणनीति, करियर विकास के अवसरों और नीतियों पर निर्भर करती है। इसमें वित्तीय सुरक्षा, काम के घंटे में लचीलापन और स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं।

- कार्यस्थल से जुड़ी कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है
- 14 उद्योगों के चार हजार से अधिक कर्मचारियों पर किया गया सर्वे
- महिलाएं कल कारखाने, खुदरा और निर्माण जैसे क्षेत्रों से जुड़ी है

### हुनरमंद और प्रतिभा की कमी

हालांकि, नियोक्ताओं का मानना है कि हुनरमंद और उपयुक्त प्रतिभा की कमी और नौकरी छोडने की ऊंची दर प्रमुख बाधाएं हैं। स्वास्थ्य सेवा की बढ़ती लागत भी एक चुनौती है। जबकि महिलाएं बीमा और वेतन सहित चिकित्सा अवकाश को कार्यस्थल की महत्वपूर्ण अपेक्षाओं के रूप में देखती हैं।

### करियर में उन्नति के कम अवसर

इसके अलावा, इन महिलाओं को करियर में उन्नति और पदोन्नति के कम अवसरों का भी सामना करना पड़ता है। सर्वेक्षण में शामिल हर दूसरी महिला ने कौशल बढ़ाने में रुचि दिखाई, लेकिन सही प्रशिक्षण तक पहुंच एक चुनौती बनी हुई है। इन चुनौतियों के बावजूद, 78 प्रतिशत नियोक्ता 2025 में अधिक महिलाओं को नियुक्त करने की योजना बना रहे हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि है।

### महिलाओं की भागीदार जरूरी

शशिक कुमार ने कहा, 'नियोक्ताओं को शारीरिक श्रम से जुड़े क्षेत्रों में महिलाओं के लिए कौशल, सही परामर्श और नेतृत्व विकास में निवेश करना चाहिए। आज महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल विविधता की बात नहीं है, बल्कि यह एक आर्थिक आवश्यकता भी है।'

# सैटेलाइट फोन दूरदराज के इलाकों में भी ले जा सकेंगे : मित्तल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- उपग्रह से 4जी, 5जी, 6जी जैसी संचार प्रौद्योगिकी जुड़ जाएगी

उद्योगपति एलन मस्क की स्पेसएक्स के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के अगले दिन भारती समूह के संस्थापक सुनील मित्तल ने बुधवार को कहा कि उपग्रह (सैटेलाइट) से 4जी, 5जी, 6जी जैसी संचार प्रौद्योगिकियों का मिश्रण जुड़ जाएगा। मित्तल ने कहा कि इससे ग्राहक अपने मोबाइल फोन दुनिया के सबसे दूरदराज के हिस्सों में, यहां तक कि आसमान और समुद्र में भी ले जा सकेंगे। दोनों भारतीय दूरसंचार प्रतिद्वंद्वियों, भारती एयरटेल और जियो ने भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की उच्च गति की इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन मित्तल ने बयान में कहा, दूरसंचार उद्योग के लिए, उपग्रह प्रौद्योगिकी को जोड़ना अपने ग्राहकों के लिए नई प्रौद्योगिकी लाने से अलग नहीं होना चाहिए। भविष्य में 4जी, 5जी और 6जी की तरह, अब हमारे पास एक और प्रौद्योगिकी होगी, यानी 'एसएटी-जी''।

### दुनिया के किसी भी कोने में ले जा सकेंगे

जल्द ही ग्राहक अपने मोबाइल को दुनिया के सबसे दूर के हिस्से में ले जा सकेंगे, उनके साथ आसमान और नीले समुद्र में भी जा सकेंगे। मित्तल ने कहा कि बार्सिलोना में हाल ही में संपन्न 'मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस-2025'' में अपने उद्घाटन भाषण के दौरान उन्होंने दूरसंचार और उपग्रह कंपनियों से एक साथ मिलकर काम करने, अपनी शक्तियों को संयोजित करने और समुद्र और आकाश के साथ-साथ पहुंच से दूर क्षेत्रों को भी जोड़ने के मिशन को पूरा करने का आह्वान किया था।

# विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना में 73 आवेदन मिले

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि सरकार को विशेष इस्पात के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दूसरे दौर के तहत 73 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

पौंड्रिक ने राष्ट्रीय राजधानी में 'भारतीय इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को गति'' कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में कहा कि भारत में विशेष इस्पात के उत्पादन को बढ़ाने के सरकार के प्रयासों के तहत पीएलआई योजनाएं शुरू की गई हैं, ताकि देश को उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।



- विशेष इस्पात उत्पादन क्षमता में लगभग 1.65 करोड़ टन की वृद्धि होगी

पौंड्रिक ने कहा, ''हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि देश में घटिया इस्पात का आयात न हो। इसलिए हम गुणवत्ता नियंत्रण आदेश पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, ताकि घरेलू और आयातित दोनों प्रकार के इस्पात पर्याप्त गुणवत्ता के हों...। सचिव ने कहा, ''हमने हाल ही में पीएलआई का दूसरा दौर किया और हमें इसमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। हमें 73 आवेदन मिले हैं और इससे देश में विशेष इस्पात उत्पादन क्षमता में लगभग 1.65 करोड़ टन की वृद्धि होगी।'''' पौंड्रिक ने अमेरिका के शुल्क लगाने के प्रभाव के बारे में कहा कि अमेरिकी कदम से घरेलू इस्पात उद्योग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारत का अमेरिका को निर्यात बड़ी मात्रा में नहीं है। अधिकारी ने कहा, ''हम अमेरिका को ज्यादा निर्यात नहीं करते हैं।

### अमेरिका को 1 लाख टन से कम निर्यात

अमेरिका को हमारा कुल स्टील निर्यात 1,00,000 टन से कम है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि इससे भारतीय इस्पात पर ज्यादा असर होगा।''

# स्वेलेक्ट एनर्जी को 150 मेगावाट के सौर मॉड्यूल का ऑर्डर मिला





**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा समाधान प्रदाता स्वेलेक्ट एनर्जी सिस्टम्स को 150 मेगावाट से अधिक सौर मॉड्यूल का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि उसने अपने विस्तार के लिए गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के माध्यम से 290 करोड़ रुपये भी जुटाए हैं। स्वेलेक्ट एनर्जी ने बयान में कहा कि उसने अपने उच्च दक्षता वाले टॉपकॉन द्वि-मुखीय सौर पीवी मॉड्यूल के लिए 150 मेगावाट से अधिक के ऑर्डर प्राप्त किए हैं। ये ऑर्डर स्वेलेक्ट के प्रौद्योगिकी नेतृत्व और सौर ऊर्जा बाजार में इसके भरोसे को रेखांकित करते हैं। इसमें कहा गया है कि स्वेलेक्ट ग्रुप ने निजी नियोजन के आधार पर जारी गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिए इंडिया इंफ्राडेट लिमिटेड से 290 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

- फोनपे ने शाओमी के साथ की बहु-वर्षीय साझेदारी

# शाओमी स्मार्टफोन पर फोनपे का इंडस ऐपस्टोर रहेगा इंस्टॉल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली





वित्तीय समाधान मंच फोनपे के ऐप मार्केटप्लेस इंडस ऐपस्टोर ने बृहस्पतिवार को उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता शाओमी इंडिया के साथ बहु-वर्षीय साझेदारी की घोषणा की।

कंपनी ने बयान में कहा कि इंडस ऐपस्टोर अब भारत में शाओमी के सभी नए स्मार्टफोन पर पहले से इंस्टॉल आएगा और मौजूदा उपकरणों पर 'गेटऐप्स' की जगह लेगा। इसका उद्देश्य उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाना, ऐप की खोज को सरल बनाना और पहुंच को बढ़ाना है। इंडस ऐपस्टोर की मुख्य कारोबार अधिकारी (सीबीओ) प्रिया एम नरसिम्हन ने कहा, शाओमी इंडिया की पहुंच को हमारे स्थानीयकृत ऐप खोज मंच के साथ जोड़कर, हम उपयोगकर्ताओं को सहज, सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक अनुभव प्रदान करते हुए डेवलपर्स के लिए अवसर पैदा कर रहे हैं। यह साझेदारी भारत में मोबाइल ऐप की खोज और अनुभव करने के तरीके को बदलने के हमारे दृष्टिकोण की शुरुआत है।

### *भारत के अनुरूप तैयार किया गया*

*यह एक एंड्रॉयड-आधारित मोबाइल ऐप स्टोर है, जिसे भारतीय जनसांख्यिकी की स्थानीय और सांस्कृतिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है।*

## एनटीपीसी ने मप्र में सौर परियोजना चालू की...



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने शाजापुर सौर परियोजना की 50 मेगावाट की इकाई चालू होने की घोषणा की है। इसके साथ समूह की कुल स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता 77,461.50 मेगावाट हो गयी है। एनटीपीसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''मध्य प्रदेश में शाजापुर सोलर पार्क में स्थित एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. की कुल 105 मेगावाट क्षमता की शाजापुर सौर परियोजना (यूनिट-1) में दूसरी और अंतिम 50 मेगावाट की इकाई चालू हो गयी है।पहले चरण के तहत 55 मेगावाट की इकाई पहले ही 29 नवंबर, 2024 को वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ चुकी है। इसके साथ ही, एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता अब 77,461.50 मेगावाट हो गई है। एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी, एनटीपीसी लि. की अनुषंगी की अनुषंगी इकाई है।

# टीसीएस की झोली में आई एक और कंपनी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




- 2250 करोड़ रुपए में हुई डील
- कंपनी ने 100 प्रतिशत इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण की घोषणा की

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने एक बड़ी डील की है। कंपनी ने 11 मार्च को 2250 करोड़ रुपए में दर्शिता सदर्न इंडिया हैप्पी होम्स के 100 प्रतिशत इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण की घोषणा की।

स्टॉक फाइलिंग में कहा गया है कि टाटा समूह की फर्म कॉमर्शियल रियल एस्टेट फर्म की भूमि और भवन का भी अधिग्रहण करेगी, जो डिलीवरी सेंटर बन जाएगा। एक सूत्र ने स्पष्ट किया कि डिलीवरी सेंटर बेंगलुरु में स्थित होगा। इस डील में दो साल बाद इकाई में 100 प्रतिशत इक्विटी शेयर हासिल करने का कॉल ऑप्शन है। बता दें कि सितंबर 2004 में वजूद में आई दर्शिता साउथर्न इंडिया हैप्पी होम्स एक कॉमर्शियल संपत्ति के डेवलपमेंट में लगी हुई है। कंपनी के मुताबिक राजस्व सृजन अभी शुरू नहीं हुआ है, इसलिए पिछले 3 वर्षों का कारोबार शून्य है। हाल ही में टीसीएस ने यूरोप के दूसरे सबसे बड़े टेलीकॉम टावर ऑपरेटर वैंटेज टावर्स के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी 86,000 साइटों के नेटवर्क को कवर करते हुए एक डिजिटल सर्विस प्लेटफॉर्म लॉन्च करने के लिए की गई है। इसका मकसद टेलीकॉम टावर इंस्टॉलेशन के लिए भूमि पट्टे पर लेने वाले संपत्ति मालिकों के अनुभव को बदलना है।

इस पहल का लक्ष्य एसेट मालिकों के लिए सर्विस प्रक्रियाओं को आसान बनाना, प्रतिधारण दर बढ़ाना और पूरे यूरोप में वैंटेज टावर्स के साथ टेलीकॉम साइट साझेदारी को मजबूत करना है। इस सहयोग के तहत टीसीएस टेलीकॉम के लिए अपनी प्रमुख डिजिटल समाधान पेशकश टीसीएस क्रिस्टलस को भी तैनात करेगा।

### एचसीएल ने भी किया विस्तार

टीसीएस की प्रतिस्पर्धी एचसीएल टेक जैसी कंपनियां भी अपने डिलीवरी सेंटर नेटवर्क का विस्तार कर रही हैं। कंपनी ने केरल और तेलंगाना के हैदराबाद में सेंटर शुरू किए हैं। यह दिखाता है कि महामारी के बाद इस सेक्टर में हाइब्रिड कल्चर ट्रेंड के बाद ऑफिस से काम करना और ग्राहकों के ज्यादा करीब रहना आम बात हो गई है।

## गूगल का क्रोम ब्राउजर सर्च मोनोपोली का कारण

# अमेरिका गूगल से क्रोम ब्राउजर खरीदने के पीछे पड़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ऐसा लगता है कि अमेरिका गूगल क्रोम ब्राउजर के पीछे हाथ धोकर पड़ गया है। अमेरिका एक बार गूगल को उसके क्रोम ब्राउजर को बेचने के लिए दबाव डाल रहा है। इससे अमेरिका ने नवंबर 2024 में भी गूगल को ऐसा करने को कहा था।

- गूगल ने किया सरकार के प्रस्ताव का विरोध

एंटीट्रस्ट अथॉरिटी की रिपोर्ट के मुताबिक अब अमेरिका का डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस एक बार फिर गूगल को अपना क्रोम ब्राउजर बेचने की सलाह दे रहा है। गूगल का क्रोम ब्राउजर लाखों करोड़ों मोबाइल यूजर के लिए प्राइमरी सर्च इंजन है। किसी सवाल का जवाब पाने के लिए गूगल क्रोम की ही मदद लेते हैं।

### गूगल का क्या कहना है

गूगल का इस बारे में कहना है कि सरकार के प्रस्ताव से अमेरिका के उपभोक्ताओं, अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचेगा। गूगल ने जो अपना प्रस्ताव दायर किया है, उसमें उसने कहा है कि छोटे-मोटे बदलावों की जरूरत है। कंपनी ने प्राइम प्लेसमेंट के लिए रेगुलर पेमेंट की अनुमति देने का सुझाव दिया है। इसके साथ ही गूगल ने कहा कि जिनि पार्टनर के साथ उसकी साझेदारी है, उनको बाकी सर्च इंजन के साथ एग्रीमेंट करने की परमिशन दी जाए।




### डिफॉल्ट सर्च इंजन से हटे क्रोम ब्राउजर

बात सिर्फ बिकने की ही नहीं है। गूगल क्रोम का आधिपत्य कम करने के लिए अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस चाहता है कि क्रोम ब्राउजर को जिन डिवाइसेज में डिफॉल्ट तौर पर रखा जाता है, उसे भी हटा दिया जाए। मसलन एप्पल स्मार्टफोन और मोझिला जैसी कंपनियों को डिफाल्ट तौर पर क्रोम ब्राउजर दिखाने पर बैन किया जाएगा। डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने माना है कि ऐसा करने से ऑनलाइन सर्चिंग सेक्टर में गूगल का दबदबा और बढ़ता है।

### बिकने पर गूगल का कंट्रोल हट जाएगा

ऐसे में अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट का मानना है कि गूगल के क्रोम ब्राउजर की वजह से बाकी की सर्च कंपनियों को मौका नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में अगर क्रोम ब्राउजर बिक जाता है तो गूगल का क्रिटिकल सर्च प्वाइंट से कंट्रोल हट जाएगा और बाकी सर्च कंपनियों को सही मौका मिल सकेगा।

*दूसरी कंपनियों को नहीं मिल पा रहा मौका*


*कोई सरकार या कोर्ट किसी कंपनी का प्रोडक्ट बेचने का दबाव कैसे बना सकती है। दरअसल ऑनलाइन सर्च की दुनिया में गूगल का दबदबा है या यूं कह लें कि एकाधिकार है तो गलत नहीं होगा।*

## चिंतन

# हिन्दी का विरोध करते-करते हद से आगे बढ़ गए स्टालिन

किसी भी चीज का विरोध अगर विरोध की सीमा तक ही रहे तो बेहतर होता है। अगर वो ईर्ष्या के स्तर तक चला जाए तो उसे कतई सही नहीं ठहराया जा सकता। ऐसा ही हाल तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक नेता एमके स्टालिन हिंदी विरोध का हो रहा है। वो हद से ज्यादा आगे बढ़ गए हैं। वे अब न केवल हिंदी के खिलाफ स्थानीय बोलियों को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि भाषा को छोड़कर देश विरोध तक उतर आए हैं। नई शिक्षा नीति और ट्राय लैंग्वेज पॉलिसी का विरोध करते-करते स्टालिन 2025-26 के बजट में '₹' का सिंबल 'ரூ' सिंबल से रिप्लेस कर दिया। यह तमिल लिपी का अक्षर 'रु' है। कहने की जरूरत नहीं है कि स्टालिन का यह कदम भड़काने वाला है। पहले से ही वो हिन्दी को लेकर तरह-तरह की गलतबयानी करते रहे हैं। उनका यह कहना कि भोजपुरी, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरठा, कुरमाली समेत अनेक भाषाएं अस्तित्व के लिए हांफ रही हैं। प्राचीन मातृभाषाएं खत्म हो रही हैं, जबकि स्टालिन का यह आरोप निरर्थक है, क्योंकि हिंदी क्षेत्र की इन बोलियों-भाषाओं के सम्मिलित रूप को ही हिंदी कहा जाता है। इनसे प्राप्त जीवनशक्ति से हिंदी फलती-फूलती है। ठेठ हिंदी का ठाठ उसकी बोलियों के सौंदर्य से निर्मित होता है। हिंदी समाज एक साथ अपनी जनपदीय भाषा जैसे भोजपुरी, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही भी बोलता है और हिंदी भी। लिखने-पढ़ने का अधिकांश कार्य वह हिंदी में जरूर करता है, इसीलिए राजभाषा अधिनियम के अनुसार उन्हें 'क' श्रेणी में रखा गया और दस राज्यों में बंटने के बावजूद उन्हें 'हिंदी भाषी' कहा गया। भोजपुरी, राजस्थानी, अवधी, ब्रज आदि हिंदी के अभिन्न अंग हैं। इन सबके बिना हिन्दी पूर्ण नहीं है और हिन्दी के सहयोग से ही स्थानीय भाषा फल-फूल रही हैं। जब देश में हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, तब स्टालिन जैसे नेता देश को ही बांटने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया के तमाम देश भारत जैसे बड़े बाजार की हिंदी को अपने भविष्य का रास्ता मान रहे हैं। अनेक देश हैं जहां हिन्दी सीखने का चलन बढ़ा है। उन्हें लग रहा है कि हिन्दी को बेहतर तरह से जानकार ही भारत जैसे विशाल बाजार में कामयाबी हासिल की जा सकती है, लेकिन हमारे अपने ही हैं कि हिन्दी के नाम का विरोध करते-करते देश बांटने तक आ पहुंचे हैं। हिन्दी और गैरहिन्दी के बीच खाई खोदकर उसे और चौड़ा करने के प्रयासों में लगे हैं। इसके पहले उन्होंने संस्कृत का भी बेतुका विरोध किया था। अब नई शिक्षा नीति पर यह दुष्प्रचार भी कर रहे हैं कि त्रिभाषा फार्मूला दरअसल हिंदी थोपने की कोशिश है। क्या ऐसे बयान देकर स्टालिन भारतीय भाषाओं को आपस में लड़ाने और अंग्रेजी को आधिपत्य जमाए रखने का अवसर नहीं दे रहे हैं। अगर बात केवल हिन्दी तक ही होती तो चलो विरोध मान लेते, लेकिन अब तो उन्होंने भारतीय मुद्रा का सिंबल ही बदल दिया है। यह तो किसी राज्य, किसी भाषा नहीं बल्कि देश की धरोहर है। अगर स्टालिन के विरोध के स्वर को ध्यान से सुना जाए तो साफ हो जाता है कि वो केवल हिन्दी का विरोध नहीं कर रहे, बल्कि अपने वोट बैंक के लिए राष्ट्रभाषा के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। स्टालिन को लगता है कि वो हिन्दी का विरोध करके ईवी रामास्वामी नायक यानी पेरियार, सीएन अन्नादुरई और करुणानिधि जैसा नाम बन जाएंगे, क्योंकि ये सभी हिन्दी के विरोध से ही पनपे थे, लेकिन स्टालिन भूल रहे हैं कि देश बहुत आगे बढ़ चुका है। महज भाषा का विरोध करके सत्ता नहीं चलाई जा सकती। जनता को विकास चाहिए और इसके लिए वो किसी का भी तख्ता पलट सकती है।

## सारा संसार



भारत के प्रसिद्ध गणेश मंदिर में से एक गणपतिपुले मंदिर महाराष्ट्र राज्य में रत्नागिरी की एक चोटी पर स्थित है। यहां गणेशजी की मूर्ति पूर्व की बजाय पश्चिम की ओर है जिस कारण फरवरी और नवंबर के महीनों में सूरज की रोशनी सीधे गणेश जी की मूर्ति पर पड़ती है। स्थानीय लोगों का यह भी मानना है कि भगवान गणेश की मूर्ति को किसी ने नहीं रखा है, बल्कि स्वयं प्रकट हुई थी।

## पर्व
सुरेश हिन्दुस्थानी



# होली के संदेश को समझें

भारत भूमि के संस्कार ऐसी अनमोल विरासत है, जो सदियों से एक परंपरा के रूप में प्रचलित है। जो समाज में ऐक्य भाव की स्थापना करने का मार्ग प्रशस्त करता है। वर्तमान में जहां परिवार टूट रहे हैं, वहीं समाज में अलगाव की भावना भी विकसित होती जा रही है। इस भाव को समाप्त करने के लिए हमारे त्योहार पथ प्रदर्शक बनकर आते हैं, लेकिन विसंगति यह है कि हम इन त्योहारों को भूलते जा रहे हैं। त्योहार की परिपाटी को हमने अपनी सुविधा के अनुसार बदल दिया है। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि हम अपनी जड़ों से या तो कट चुके हैं या फिर कटने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जो व्यक्ति या समाज अपनी जड़ों से कट जाता है निश्चित ही पतन की ओर ही जाता है। त्योहार हम सभी को जड़ों से जुड़े रहने का संदेश देते हैं। होली के त्योहार को पूरा देश मनाता है। इसका सांस्कृतिक आधार देखा जाए तो यह परस्पर मनमुटाव को समाप्त करने का एक माध्यम है। रंगों का पर्व होली सामंजस्य को बढ़ावा देता है। जिस प्रकार से होली के अवसर पर सभी रंग आपस में घुल मिल जाते हैं, उसी प्रकार व्यक्तियों के मिलने की भी कल्पना की गई है। होली पर दुश्मनों के भी भाव बदल जाते हैं, और सारे देश में दोस्ती का वातावरण निर्मित होता दिखाई देता है। वर्तमान में होली के बारे में हम कहते हैं कि पहले जैसी होली अब नहीं होती। यह सत्य है कि इसमें परिवर्तन आया है, लेकिन क्या हमने सोचा कि ऐसा परिवर्तन आने के पीछे कारण क्या हैं। वास्तव में इसके लिए हम ही दोषी हैं। पांच दिन के इस त्योहार की मस्ती को हमने समेट कर रख दिया है और मात्र एक या दो घंटे में पूरा त्योहार मना लिया जाता है। ऐसे में मात्र एक घंटे में होली का वह भाईचारे वाला स्वरूप कैसे दिखाई देगा। हम व्यक्ति केंद्रित होकर त्योहार मनाते हैं, जबकि भारतीय त्योहार का स्वरूप व्यक्ति केंद्रित न होकर समाज केंद्रित है। होली के त्योहार को इसी रूप में मनाएंगे तब ही हमें वही होली दिखेगी, जो वास्तविक है। वर्तमान में होली पर कई लोग दुश्मनी मिटाना तो दूर, दुश्मनी पालने की कवायद करते दिखाई देते हैं। पिछले कई वर्षों से होली पर लड़ाई झगड़े होते दिखाई देते हैं। इससे सवाल यह उठता है कि क्या हम होली को वास्तविक अर्थों में मनाने का मन बना पा रहे हैं। अगर नहीं तो तो हमें यह कहने का भी अधिकार भी नहीं है कि होली का स्वरूप पहले जैसा नहीं रहा। पौराणिक मान्यताओं के आधार पर होली के पावन पर्व का निष्कर्ष निकाला जाए तो यही परिलक्षित होता है कि जिसके मन में विकार होता है, उसे समाप्त करने का होली का त्योहार सबसे अच्छा अवसर है, अगर हमने अपने अंदर पैदा हुए विकार को समाप्त करने का प्रयास नहीं किया तो भगवान उस विकार को समाप्त करने का काम कर देंगे। हम जानते हैं कि भगवान नरसिंह ने राक्षस हिरणयकश्यप को इसलिए मार दिया कि उसके अंदर कई विकार समाहित हो गए थे। भक्त प्रहलाद ने कई बार चेताया भी, लेकिन उसने अपने अंदर के अहं को समाप्त नहीं किया। विकार को समाप्त करने का पर्व होली है। अगर होली पर हमने अपने अहं को नहीं छोड़ा तो फिर होली के मायने ही क्या है?

((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# संभल में होली व जुम्मा विवाद क्यों?

संभल में होली और जुम्मे की नमाज देशव्यापी बहस और विवाद का विषय यूं ही नहीं बना हुआ है। निस्संदेह, भारत में 116 करोड़ से थोड़ा ज्यादा हिंदू और 22 करोड़ से ज्यादा मुसलमान हैं तो दोनों को मिलजुल कर ही रहना है। अनुज चौधरी का बयान इसी के संदर्भ में था। सच है कि उनके बयान की दो पंक्ति को निकाल कर हंगामा पैदा कर दिया गया और यही बताता है कि कुछ लोग किस तरह देश में सांप्रदायिक तनाव, हिंसा पैदा करना चाहते हैं। संभल के हिंदुओं से पूछिए कि क्या वे पिछले 50 वर्षों में होली जैसे त्योहार को भी खुलकर मना पाए हैं? अगर नहीं तो यह दूसरे समुदाय के लिए शर्म और सोचनीय विषय होना चाहिए।

संभल में होली और जुम्मे की नमाज देशव्यापी बहस और विवाद का विषय यूं ही नहीं बना हुआ है। हालांकि संभल के सीईओ अनुज चौधरी के वक्तव्य को आधार बनाकर कई पार्टियां, नेता और मीडिया का एक वर्ग आलोचना कर रहा है। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने तो यहां तक कह दिया कि ऐसे लोग जब सरकार बदलेगी तो जेल में होंगे। मुस्लिम संगठनों सहित अनेक मुस्लिम नेताओं ने तो उनके खिलाफ ऐसा अभियान चला दिया है मानो वे संभल में शांति नहीं बल्कि अशांति का कारण बन चुके हों। क्या वाकई अनुज चौधरी ने ऐसा बयान दिया है, जिससे उनके विरुद्ध इस तरह का माहौल होना चाहिए? सामान्य तौर पर देखें तो होली और जुम्मे की नमाज एक ही दिन हो रही है तो निश्चित रूप से प्रशासन का दायित्व दोनों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की है। कोई एकपक्षीय बयान देकर किसी समुदाय को नाराज करे तो उसके विरुद्ध आवाज उठनी चाहिए, किंतु क्या वाकई संभल का मामला ऐसा ही है? इससे जुड़े दोनों पक्षों को समझे बगैर हम कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं दे सकते।

निस्संदेह, भारत में 116 करोड़ से थोड़ा ज्यादा हिंदू और 22 करोड़ से ज्यादा मुसलमान हैं तो दोनों को मिलजुल कर ही रहना है। दोनों की अपनी संस्कृतियां हैं तथा अलग-अलग उत्सव हैं। यह दोनों समुदायों की जिम्मेदारी है कि वे एक दूसरे की भावनाओं, संवेदनाओं का ध्यान रखते हुए तथा अपने उत्सवों के महत्व के अनुसार ऐसा आचरण करें। इसी तरह पुलिस प्रशासन का दायित्व हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखने के पूर्वोपाय करना है। अगर कहीं समस्या पैदा हुई तो पुलिस प्रशासन के लिए उत्तर देना कठिन होता है। अनुज चौधरी का बयान इसी के संदर्भ में था। सच है कि उनके बयान की दो पंक्ति को निकाल कर हंगामा पैदा कर दिया गया और यही बताता है कि कुछ लोग किस तरह देश में सांप्रदायिक तनाव, हिंसा पैदा करना चाहते हैं। यह वर्ग प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध माहौल बनाने के लिए झूठ का नैरेटिव चला रहा है। अनुज चौधरी के बयान को देखें तो उसमें यह पंक्ति है कि जुम्मे की नमाज वर्ष में 52 बार आती है, जबकि होली एक बार। इसी में वे यह भी कह रहे हैं कि जिन्हें होली से समस्या हो वे उस दिन बाहर न निकलें। अपने पूरे वक्तव्य में वे कह रहे हैं कि हिंदू समाज मुसलमानों की भावनाओं का ध्यान रखें और मुस्लिम समाज हिंदुओं की भावनाओं का। इसमें गड़बड़ी करने वालों को चेतावनी भी दे रहे हैं। वह कह रहे हैं कि जिस तरह ईद के दिन लोग सेवैयां खाते हैं, एक दूसरे से गले मिलते हैं ठीक उसी तरह होली का त्योहार भी है और इसको मुस्लिम भी उसी रूप में लें, थोड़ा बड़ा हृदय दिखाएं। उसी में वे कहते हैं कि जिन्हें बिल्कुल इससे समस्या हो वह बाहर न निकलें। इसमें ऐसी कोई बात नहीं है, जिसके आधार पर उनको जेल में डालने से लेकर और न जाने क्या-क्या कहा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीवी कार्यक्रम में यह कहते हुए उनका समर्थन किया है कि वह पहलवान है और पहलवान की तरह स्पष्ट बोलता है। उन्होंने भी लगभग




वही बातें बोलीं जो अनुज चौधरी ने कहा। इस तरह अनुज चौधरी का वक्तव्य योगी सरकार के विचारों की ही अभिव्यक्ति है। यह सच है कि इसके पहले भी होली और जुम्मे का नमाज एक दिन हुआ है, किंतु यह कहने वाले भूल रहे हैं कि जिन शहरों या क्षेत्रों में मुस्लिम आबादी है वहां कई बार यह शांतिपूर्ण संपन्न हुआ तो कई बार अशांति पैदा हुई, हिंसा हुई, दंगे भी हुए। आप दंगों के इतिहास का अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि इनमें से बड़ी संख्या में हिंदू उत्सवों या महत्वपूर्ण दिवसों के दिन या उनसे जुड़े हुए रहे। क्या हम पिछले वर्ष 24 नवंबर को संभल में हुई हिंसा भूल गए? आखिर न्यायालय के आदेश से सर्वेक्षण टीम वहां आई थी, कहीं हिंदुओं की भीड़ नहीं थी, कोई नारा नहीं था, अचानक हजारों लोग ईंट पत्थर लेकर कहां से निकल पड़े? जितनी भयानक पत्थरबाजी हुई, आगजनी गई और गोली तक चली उसका कोई एक कारण था तो यही कि संभल कट्टर मजहबी सांप्रदायिक उपद्रवी तत्वों का केंद्र बन चुका है। सीधे पुलिस से हिंसक मोर्चाबंदी लेने का दुस्साहस सामान्य लोग नहीं कर सकते। लोगों के मस्तिष्क को उस सीमा तक असामान्य बनाया जा चुका है या बन चुका है तो फिर उस स्थान के लिए पुलिस प्रशासन को भी सामान्य से अलग व्यवहार करना पड़ेगा। संभल में दंगों का भयानक इतिहास है। 1978 के दंगों के बाद बड़ी संख्या में हिंदुओं के पलायन हुए और यह 1995 तक जारी रहा। क्यों? करोड़ों की संपत्ति रखने वालों को भी वहां से भागने को भी विवश होना पड़ा। वहां से निकले परिवार जिन शहरों में हैं उनकी कथा सुनकर किसी का भी कलेजा मुंह को आ जाता है। 24 नवंबर, 2024 को हिंसा के बाद धीरे-धीरे पूरे संभल शहर में कब्जाए, जमीन में दबाई या विरक्त महत्वपूर्ण पूजास्थल, कूप, बावड़ी निकल रहे हैं। संभल धार्मिक पुस्तकों में एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात रहा है तथा कलयुग में भगवान कल्कि अवतार की भी भविष्यवाणी वही है। पिछले मोटा-मोटी 800 वर्षों से वह क्षेत्र इसी कारण इस्लामी हमले का शिकार रहा है। जामा मस्जिद विष्णु पुराण, भविष्य पुराण से लेकर अकबरनामा, बाबरनामा एवं अंग्रेजों के काल में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार हरि मंदिर को ध्वस्त कर बनाया गया है। कल्पना कीजिए, उत्तर प्रदेश का एक छोटा शहर अगर हिंदू धर्म स्थलों को निगल जानेकी भूमिका निभा रहा हो तो वहां की सांप्रदायिक स्थिति क्या रही होगी?

भारत का दुर्भाग्य है कि यहां सेकुलरिज्म की गलत व्याख्या सोच और वोट बैंक की मानसिकता में इन्हें दुरुस्त करने के लिए खड़े होने वाले को खलनायक बनाया जा रहा है। जामा मस्जिद के पास एवं अन्य जगह पुलिस थाने या पोस्ट बनाने तक का विरोध करने वाले कौन लोग थे? कल्पना कीजिए, अगर प्रदेश और केंद्र में भाजपा सरकार नहीं होती तो जितनी बड़ी संख्या में कब्जे किए गए या विरक्त मंदिर, मिट्टी में दबाए गए कूप और बावरी मिले हैं वह संभव होता? आश्चर्य इस पर होना चाहिए कि कब्जा किए गए, कराए गए उन पवित्र स्थलों या निर्माण को न्याय पूर्ण तरीके से खाली करने की कार्रवाई देश में नेताओं, बुद्धिजीवियों व मीडिया के एक बड़े वर्ग की आलोचना का शिकार हो रहा है। यह इकोसिस्टम इतना बड़ा है कि इसका सामना करना कठिन होता है तथा यही वर्ग देश में नैरेटिव भी बनाता है। ऐसा नहीं होता तो अनुज चौधरी के वक्तव्य की सभी पक्षों द्वारा प्रशंसा होती तथा उसके अनुरूप व्यवहार की अपील की जाती। वहां के हिंदुओं से पूछिए कि क्या वे पिछले 50 वर्षों में होली जैसे त्योहार को भी खुलकर मना पाए हैं? अगर नहीं तो यह दूसरे समुदाय के लिए शर्म और सोचनीय विषय होना चाहिए या नहीं? संभल पुलिस प्रशासन न्याय और कानून की दृष्टि से अपनी शक्तियों का सदुपयोग कर रहा है। यही कारण है कि बाहर दुष्प्रचार व विरोध करते हुए भी इनमें से कोई न्यायालय तक जाने का साहस नहीं करता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
## दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है।

# हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
## प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## होली उत्सव



शिमला में गुरुवार को कॉलेज के छात्र होली मनाते हुए।

## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। *- मनोज वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### यूएन को अपडेट कर रहे



अपने कार्यकाल के पहले दिन से ही हमने संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली की मजबूती के लिए महत्वाकांक्षी सुधार एजेंडा शुरू किया। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए। हम 21वीं सदी के लिए संयुक्त राष्ट्र को अपडेट कर रहे हैं।
-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### बच्चों का भविष्य ख़तरे में



85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में-पेपर लीक युवाओं के लिए 'पद्मव्यूह' बन गया है। पेपर लीक मेहनती छात्रों से उनके परिश्रम का फल छीन लेता है। यह अगली पीढ़ी को गलत संदेश देता है कि बेईमानी, मेहनत से बेहतर हो सकती है, जो अस्वीकार्य है।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### सरकार पटरी से उतर चुकी



आम इंसान की ज़िंदगी में मरना ही लिखा है। कभी ट्रेन के डिब्बे में, कभी ट्रेन की पटरी पर, कभी प्लेटफार्म के भगदड़ में तो कभी कुंभ के भगदड़ में, ट्रेन भी पटरी से उतर चुकी है और मोदी की सरकार भी।
-संजय सिंह, आप नेता

### सीखने के लिए काम करें



अमीर बनने के लिए सरल सुझाव- ऐसी संपत्ति अर्जित करें जो आय उत्पन्न करें। अपनी आय से कम खर्च करें। केवल आय पर नहीं, धन निर्माण पर ध्यान दें। वित्तीय बुद्धि बढ़ाएं। केवल पैसे के लिए नहीं, बल्कि सीखने के लिए काम करें।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# नासा की अध्ययन के लिए नई अंतरिक्ष दूरबीन प्रक्षेपित



नासा की नवीनतम अंतरिक्ष दूरबीन को प्रक्षेपित किया गया जो पूरे आकाश का अध्ययन करेगी। यह शुरुआत से लेकर अब तक करोड़ों आकाशगंगाओं और उनकी साझा ब्रह्मांडीय चमक (कॉस्मिक ग्लो) का व्यापक अध्ययन करेगी। स्पेसएक्स ने कैलिफोर्निया से स्फीरेक्स वेधशाला को प्रक्षेपित किया। सूर्य का अध्ययन करने के लिए सूटकेस के आकार के चार उपग्रह भी साथ में भेजे गए। कुल 48 .8 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्फीरेक्स मिशन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि अरबों वर्षों में आकाशगंगाएं कैसे बनीं और विकसित हुईं तथा कैसे ब्रह्मांड का इतनी तेजी से विस्तार हुआ। स्फीरेक्स उन तारों के बीच बर्फीले बादलों में पानी और जीवन के अन्य तत्वों की खोज करेगा जहां नए सौर मंडल उभर रहे हैं। 'कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' के मिशन के मुख्य वैज्ञानिक जेमी बॉक ने कहा कि ब्रह्मांडीय चमक ब्रह्मांड के इतिहास में अब तक जितना भी प्रकाश उत्सर्जित हुआ है, उसे अपने अंदर समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि यह ब्रह्मांड को देखने का एक बहुत ही अलग तरीका है, जिससे वैज्ञानिकों को यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि अतीत में प्रकाश के कौन से स्रोत छूट गए थे।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय



पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ'' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ'' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## होली से पहले इसरो का देश को तोहफा


# स्पैडेक्स उपग्रह सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया, इससे चंद्रयान-4 और अंतरिक्ष स्टेशन के मिशन का खुला रास्ता

- भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया था
- यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत ईंधन भरने के लिए आधार बनेगा

"भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। डॉकिंग-अनडॉकिंग मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होली से पहले इसरो ने देश को बड़ा तोहफा दिया है। इसरो ने स्पैडेक्स उपग्रह की सफलतापूर्वक अनडॉकिंग कर ली है। इसके साथ ही चंद्रयान-4 के लिए रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, अंतरिक्ष को उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को डॉकिंग और अलग करने की प्रक्रिया को अनडॉकिंग कहते हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को कहा कि उसने 'स्पेडेक्स' उपग्रहों को 'अनडॉक' करने (अलग करने) का काम पूरा कर लिया है। इससे चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशनों के लिए रास्ता साफ हो गया है।



### मिशन के फायदे

भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। डॉकिंग-अनडॉकिंग मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है। यह मिशन चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए भी अहम है। यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत, ईंधन भरने, मलबे को हटाने और अन्य के लिए आधार तैयार करेगा। यह तकनीक उन मिशनों के लिए अहम है, जिनमें भारी अंतरिक्ष यान और उपकरण की जरूरत होती है, जिन्हें एक बार में लॉन्च नहीं किया जा सकता।

### 16 जनवरी 2025 को की थी डॉकिंग

इससे पहले 16 जनवरी को भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की थी। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था कि भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है।

### केंद्रीय मंत्री सिंह ने दी बधाई



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने इस कामयाबी के लिए इसरों को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि इसरो टीम को बधाई। यह हर भारतीय के लिए खुशी की बात है। स्पैडेक्स उपग्रहों ने अविश्वसनीय डी-डॉकिंग को पूरा कर लिया गया है। इससे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान समेत भविष्य के महत्वाकांक्षी मिशनों में काफी मदद मिलेगी। इन मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग भी इससे प्रशस्त होगा। पीएम नरेंद्र मोदी का निरंतर संरक्षण इस उत्साह को बढ़ाता है।

### 30 दिसंबर 2024 को शुरू हुआ था

स्पेडेक्स मिशन पिछले साल 30 दिसंबर को शुरू किया गया था, जब इसरो ने अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' प्रयोग का प्रदर्शन करने के लिए दो उपग्रहों - एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को कक्षा में स्थापित किया था। 'स्पेस डॉकिंग' अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं। कई प्रयासों के बाद अंतरिक्ष एजेंसी ने 16 जनवरी को दोनों उपग्रहों को सफलतापूर्वक 'डॉक' किया था।

## खबर संक्षेप

### चीनियों की चहेती बनीं ट्रंप की सेक्रेटरी लेविट



**बीजिंग।** व्यापारिक तनातनी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रेस सचिव 27 वर्षीय कैरोलिन लेविट चीन में ऑनलाइन स्टार बन गई हैं। उनके वाइट हाउस में पत्रकारों से बहस के वायरल वीडियो चीन में धूम मचा रहे हैं। अमेरिकी पत्रकारों को बेबाकी से जवाब देते कैरोलीन के वीडियो चीनी सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे हैं। चीनी सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि लेविट की खूबसूरती, आत्मविश्वास और कार्यस्थल पर मजबूती से अपनी बात रखने का तरीका उन्हें प्रेरित कर रहा है।

### फट सकता है सबसे खतरनाक ज्वालामुखी



**नई दिल्ली।** अलास्का के पास स्थित माउंट स्पर ज्वालामुखी में आने वाले हफ्तों या महीनों में विस्फोट होने की संभावना बढ़ गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाल के दिनों में इस ज्वालामुखी में असामान्य गतिविधियां देखी गई हैं। माउंट स्पर में महत्वपूर्ण रूप से बढ़े हुए ज्वालामुखीय गैस उत्सर्जन का पता चला है। इसके अलावा क्रेटर में भी सक्रियता देखी गई है। उपग्रह के आंकड़ों से जमीन की स्थिति देखने के बाद 'माउंट स्पर' के लिए अलर्ट की श्रेणी को 'येलो' तक बढ़ा दिया।

## यूएन में सीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र पर आयोजित कार्यक्रम में बोलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

# महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण, अनुभव को साझा करने को तैयार भारत

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत के महिला सशक्तिकरण के साथ ही डिजिटलीकरण की सराहना हुई है। भारत ने एक बार फिर महिलाओं के नेतृत्व में देश के विकास के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) के 69वें सत्र में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत लैंगिक डिजिटल बंटवारे को पाटने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने के अपने अनुभव को दुनिया के साथ साझा करना चाहता है। भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के साथ आगे बढ़ रहा है।

भारत एक ऐसे देश का निर्माण कर रहा है जहां महिलाएं अवधारणा से लेकर डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी तक में भाग लेकर सक्रिय आर्किटेक्ट के रूप में नेतृत्व करती हैं। जो भारत के विकास पथ को विकसित राष्ट्र की ओर आकार देती है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और यूएन वूमन द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल और वित्तीय समावेशन और महिला सशक्तिकरण के लिए वित्तपोषण - मुख्य संसाधनों की महत्वपूर्णता' पर आयोजित मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग ले रही हैं। महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग का 69वां सत्र 10 मार्च को शुरू हुआ और 21 मार्च तक चलेगा।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत एक ऐसे देश का निर्माण कर रहा है जहां महिलाएं अवधारणा से लेकर डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी तक में भाग लेकर सक्रिय आर्किटेक्ट के रूप में नेतृत्व करती हैं जो भारत के विकास पथ को विकसित राष्ट्र की ओर आकार देती है

1. भारत में महिलाएं तेजी से डिजिटल भुगतान इंटरफेस को अपना रहीं
2. 8.73 करोड़ यूपीआई लेन-देन, पिछले साल से 147%



### यूपीआई विकास में भारत का नेतृत्व सराहनीय



यूएन वूमन की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने इंडिया स्टैक और यूपीआई विकसित करने में भारत के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें उन बाधाओं को दूर करना होगा जो महिलाओं को डिजिटल और वित्तीय प्रणालियों से दूर रखती हैं। सरकारों को सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए जो महिलाओं को प्राथमिकता देता है। भारत स्टैक और यूपीआई विकसित करने में भारत का नेतृत्व यह साबित करता है कि जब समावेशन नवाचार के मूल में होता है तो क्या संभव है। उन्होंने कहा कि भारत में हमने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के माध्यम से डिजिटल वित्तीय समावेशन की शक्ति देखी है। डिजिटल भुगतान ने महिलाओं के रोजगार और स्वायत्तता को बढ़ाया है। यह एक वैकल्पिक एजेंडा नहीं है। यह एक बेहतर दुनिया का खाका है। आइए हम साहसी बनें।

### यूपीआई ने लेन-देन प्रणाली को बदला

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव को साझा करने में प्रसन्न है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में विकसित यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने नियमित लेन-देन की प्रणाली को बदल दिया है। पूर्ण डाटा सुरक्षा के क्षेत्र को पूरी तरह से डिजिटल बना दिया है, जिसमें 8.735 करोड़ लेन-देन हुए हैं। यह 147% बढ़ गए हैं। इसमें लिंग, शहरी, ग्रामीण, अमीर और गरीब की बाधाओं को पार कर लिया गया है और महिलाएं तेजी से डिजिटल भुगतान इंटरफेस को अपना रही हैं।

### सुरक्षित डिजिटल वातावरण आवश्यक

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राष्ट्रों को सचेत रहना होगा कि महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना सबसे महत्वपूर्ण है, लेकिन डाटा और गोपनीयता की रक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। आज की तकनीकी दुनिया में प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए विनियमन को संतुलित करने की आवश्यकता है। भारत सरकार जानती है कि महिलाओं की गरिमा और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण आवश्यक है।

## 8 दिन का मिशन 9 माह में बदला

# सुनीता विलियम्स की पृथ्वी पर वापसी एक बार फिर टली



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से वापसी एक बार फिर टल गई है। हालांकि, इस बार वजह अंतरिक्ष यान में आई कोई खराबी नहीं है, बल्कि लॉन्च व्हीकल में आए तकनीकी समस्या बना है। इसके चलते आईएसएस पर भेजा जाने वाला स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्चिंग से सिर्फ एक घंटे पहले टाल दिया गया। अब इस मिशन को 14 मार्च को एक बार फिर लॉन्च करने की कोशिश की जाएगी। इसके साथ ही सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में रहने वाला जो मिशन महज 8 दिन में खत्म हो जाना था, उसे अब नौ महीने से ज्यादा हो चुके हैं।

### 5 जून 2024 को गईं थीं

5 जून 2024 को नासा का बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था। इस मिशन के तहत नासा ने अपने दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर को आठ दिन की यात्रा पर भेजा। दोनों को स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के जरिए मिशन पर भेजा गया था।

### थ्रस्टर्स के कमजोर प्रदर्शन से टली वापसी

हालांकि, अंतरिक्ष स्टेशन के लिए स्टारलाइनर की उड़ान के दौरान, अंतरिक्ष यान के कुछ थ्रस्टर्स ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया। थ्रस्टर्स' आमतौर पर कम फोर्स वाले रॉकेट मोटर्स को कहा जाता है। थ्रस्टर्स के कमजोर प्रदर्शन के अलावा स्टारलाइनर के हीलियम सिस्टम में कई लीक भी देखे गए। इसके बाद नासा और बोइंग ने अंतरिक्ष यान के बारे में व्यापक डेटा विश्लेषण के जरिए जानकारी जुटाई।

## बीएलए बोली पाकिस्तानी सेना का झूठ बेनकाब

# बंधक संकट के बीच बलूचिस्तान पहुंचे पीएम शहबाज, की समीक्षा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हाईजैक जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को लेकर सस्पेंस बरकरार है। पाकिस्तानी सेना का दावा है कि उसने रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया है तो दूसरी ओर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का कहना है कि पाकिस्तानी इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक अहमद शरीफ चौधरी द्वारा किए गए दावे झूठे हैं और पाक हार को छिपाने की नाकाम कोशिश कर रहा है। इसी बीच पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने गुरुवार को बलूचिस्तान के दौरे पर पहुंचे हैं, जहां उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की।

### कई मोर्चों पर चल रही है लड़ाई



बीएलए ने बयान जारी कर कहा कि आईएसपीआर द्वारा किए गए दावे झूठे हैं और पाक हार को छिपाने की नाकाम कोशिश कर रहा है। जमीनी हकीकत ये है कि कई मोर्चों पर लड़ाई जारी है और दुश्मन को भारी नुकसान और सैन्य क्षति हो रही है। पाक की सेना न तो युद्ध के मैदान में जीत हासिल कर पाई है और न ही अपने बंधक कर्मियों को बचाने में कामयाब हो पाई है।

### पाक सेना का दावा

वहीं, बुधवार रात को आईएसपीआर ने बयान में कहा गया था कि पाक सेना ने एयरफोर्स, फ्रंटियर कोर (एफसी) और स्पेशल सर्विस ग्रुप (एसएसजी) के साथ मिलकर बोलन में ट्रेन पर हमला करने वाले 33 आतंकवादियों को एक रेस्क्यू ऑपरेशन में मार गिराया है और सभी बंधकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। हालांकि, इस हादसे में 21 यात्रियों और 4 सैनिकों की मौत हो गई।

## क्रिएटर्स को मंत्री गोयल की सलाह

# भारत की स्टोरी को दुनिया के सामने ले जाना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि क्रिएटिव इंडस्ट्री को भारत की ग्रोथ स्टोरी को दुनिया के सामने ले जाना चाहिए। स्टार्टअप्स, संगीत, क्रिएटिव इंडस्ट्री को जोड़ने वाले तीन दिवसीय बहुविषयक कार्यक्रम आरआईएसई-डीईएल सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने क्रिएटिव वर्क के केंद्र में विश्वास और वास्तविकता को जारी रखने पर जोर दिया। उन्होंने भारत के उत्थान में योगदान देने के लिए क्रिएटिव उद्योगों के चार पहलुओं की पहचान की, जिसमें जिम्मेदार सामग्री, नई कहानी, कौशल विकास और भारतीय क्रिएटिविटी का निर्यात शामिल है।

केंद्रीय मंत्री ने क्रिएटर्स से जिम्मेदार, नई कंटेंट पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया और भारत की निर्यात आय को बढ़ाने में कौशल, कहानी कहने, फिल्म निर्माण, संगीत उत्पादन, गेमिंग और डिजिटल मीडिया की भूमिका पर जोर दिया।

## प्रभु गोविंद के साथ पुष्प होली



**जयपुर।** होली के पावन पर्व पर जयपुर के प्रसिद्ध गोविंद देव जी मंदिर में श्रद्धालुगणों ने प्रभु के दर्शन किए। इस अवसर पर मुख्य पुजारी ने पुष्पों की बरसात कर होली खेली।

## क्यूएस रैंकिंग 2025 में पिछले साल की तुलना में 79 भारतीय संस्थान शामिल

# आईआईटी, आईआईएम समेत कुल 9 भारतीय संस्थान टॉप 50 में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नौ ऐसे भारतीय शैक्षणिक संस्थानों की सूची में शामिल हैं, जिन्हें क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) रैंकिंग 2025 में टॉप 50 में रखा गया है। क्यूएस सब्जेक्ट-वाइज रैंकिंग के 15वें एडिशन में नौ भारतीय विश्वविद्यालय और संस्थान दुनिया के टॉप 50 में शामिल हुए।

- भारत ने 55 सब्जेक्ट रैंकिंग में 50 में से टॉप 12 स्थान प्राप्त किए

भारत ने 55 सब्जेक्ट रैंकिंग में 50 में से टॉप 12 स्थान प्राप्त किए, जिसमें आर्ट्स और ह्यूमैनिटीज, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी,



लाइफ साइंस और मेडिसिन, नेचुरल साइंस और सोशल साइंस और मैनेजमेंट जैसे सब्जेक्ट शामिल थे। पिछले साल 69 से बढ़कर लगभग 79 भारतीय संस्थानों को दुनिया के टॉप 550 विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया। चीन, अमेरिका, ब्रिटेन और कोरिया के बाद देश में नई एंट्री की संख्या भी पांचवें स्थान पर है।

### टॉप 550 विश्वविद्यालयों में भारत के 79 संस्थान को मिली उपलब्धि

**आईएसएम, धनबाद ने माइनिंग में वैश्विक स्तर पर 20वां स्थान प्राप्त किया**

*इंडियन स्कूल ऑफ माइंस (आईएसएम), धनबाद ने इंजीनियरिंग-मिनरल और माइनिंग के लिए वैश्विक स्तर पर 20वां स्थान प्राप्त किया, जिससे यह देश का सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाला सब्जेक्ट एरिया बन गया। पिछले साल, आईएसएम 41वें स्थान पर था। आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक सुकुमार मिश्रा ने एक बयान में कहा कि पिछले साल की तुलना में यह प्रभावशाली सुधार अकादमिक कठोरता और रिसर्च एक्सीलेंस के प्रति हमारे कमिटमेंट को दर्शाता है।*

### आईआईटी दिल्ली और बॉम्बे ने अपनी स्थिति सुधारी

इसके अलावा, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के लिए 45वीं रैंक साझा करने वाले आईआईटी दिल्ली और बॉम्बे ने अपनी स्थिति में सुधार करते हुए क्रमशः 26वां और 28वां स्थान प्राप्त किया है। दोनों संस्थानों ने इंजीनियरिंग-इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक के लिए टॉप 50 की सूची में एंट्री की है। आईआईएम अहमदाबाद और बैंगलोर बिजनेस फॉर मैनेजमेंट स्टडीज के लिए दुनिया के टॉप 50 में बने रहे।

### पिछले साल से 25.7% वृद्धि

क्यूएस ने एक बयान में कहा कि इस साल की रैंकिंग में कुल 79 भारतीय विश्वविद्यालय, पिछले साल की तुलना में 10 ज्यादा, 533 बार शामिल हुए हैं, जो पिछले एडिशन की तुलना में 25.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसमें इंडिविजुअल सब्जेक्ट में 454 एंट्री और पांच ब्रॉड फैकल्टी एरिया में 79 एंट्री शामिल हैं।


## युद्ध विराम से पहले रूस का बड़ा दांव

# राष्ट्रपति पुतिन ने अमेरिका के सामने रखीं कई शर्तें

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

यूक्रेन और अमेरिका से युद्ध विराम पर बातचीत करने को लेकर रूस ने बड़ा दांव चला है। बताया जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने युद्ध विराम को लेकर बातचीत के दौरान अमेरिका के सामने कुछ शर्तें रखी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सूची में यूक्रेन को नाटो की सदस्यता न देने, यूक्रेन में विदेशी सैनिकों को तैनात न करने का समझौता और इस दावे को अंतरराष्ट्रीय मान्यता देने की मांग की है कि क्रीमिया और उसके चार प्रांत रूस के हैं।

### यूक्रेन जता चुका है सहमति



दरअसल, सऊदी अरब के जेद्दा में अमेरिका और यूक्रेन के बीच हुई बैठक में कीव ने अमेरिका के तत्काल अंतरिम युद्धविराम के प्रस्ताव पर सहमति जता दी थी। यह युद्धविराम शुरुआत में 30 दिनों के लिए होगा। अब इस मुद्दे पर रूस की सहमति का इंतजार है। युद्ध विराम पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारी रूस जाएंगे।

# आज होगी रंगों की बौछार, उड़ेगा रंग गुलाल

## रंगों का मदमस्त त्यौहार होली आज




**जबलपुर।** रंगों का मदमस्त रंग रंगीला त्यौहार होली सोमवार 14 मार्च को धुरेड़ी के दिन रंग अबीर के साथ परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। गिले शिकवे भूलकर लोग आज एक दूसरे से गले मिलेंगे और रंगों से सराबोर होंगे। पिछले कुछ वर्षों से होली का यह मदमस्त त्यौहार अराजक तत्वों ने उत्पात मचाकर बदरंग बनाने की कोशिशें कीं जिससे यह त्यौहार धीरे-धीरे परंपरागत से हटकर औपचारिक होकर रह गया है। अब नन्हे-मुन्ने बच्चे ही उत्साह और उमंग के साथ रंग गुलाल उड़ाते हैं। बाजारों में पिचकारी और टीशर्ट भी खूब बिकी। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पिछले 1 हफ्ते से ही थाना संभाग स्तर पर फ्लैग मार्च निकाले, ताकि गुंडे, बदमाशों में भय रहे और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

होली की हुड़दंग करने की परंपरा पुरानी रही है, लेकिन इस हुड़दंग में आत्मीयता, अपनापन और सद्भावना नहीं रह गई। संस्कारों के इन रंगों में लुच्चे, लफंगों ने राग द्वेष घोल कर होली के रंगों से लोगों के दिमाग पर भय और कुंठा के भाव घोल दिये हैं। यही वजह है, कि अब होली के इस मदमस्त त्यौहार पर संभ्रांत परिवारों के लोग घरों से नहीं निकलते। कालोनियों में जरूर लोग टोलियां बनाकर शांत वातावरण में मौज मस्ती के साथ रंगों का त्यौहार मना लाते हैं। अब गली-मोहल्ले में होलिका का दहन और रंगों की बौछार लुच्चे-लफंगे के हाथ में आ गई है, वे होली के नाम पर चंदा करते हैं। घास फूंस जलाकर बाकी पैसा नशाखोरी में उड़ाते हैं और इसी नशाखोरी में सद्भावनापूर्ण माहौल बिगड़ता है, जिससे लोग कतराने लगे हैं।

### होली में आंखों के लिए क्या-क्या सावधानी बरतें: डॉ.पवन स्थापक

* **जबलपुर** । केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करे।* पिचकारी मुंह पर न मारे, आंख में तेजी से पानी लगने से कोर्नियां पर जख्म हो सकता है।* हर्बल रंग से आंखों में एलर्जी की संभावना कम रहती है। इसलिए केमिकल रंगों से बचे और हर्बल रंगों का इस्तेमाल करे।* गंदे पानी का प्रयोग न करे क्योंकि इससे आंख में इंफेक्शन हो सकता है।* जिन बच्चों को चश्मा चढ़ा हुआ है वे चश्मा उतारकर होली खेलें। होली के हुड़दंग में चश्मा टूट सकता है और उसका कांच आंख में भी घुस सकता है।* चलती गाड़ियों पर पानी न डालें। इससे दुर्घटना की संभावना रहती है।* यदि होली खेलते समय आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत आंखों को साफ पानी से धोएं। यदि आंखें धोने के बाद भी तेज जलन हो, तो बिना देर किए डॉक्टर को दिखाएं। आंखों पर गलती से गुब्बारा लग जाए या खून निकल आए तो पहले सूती कपड़े से आंखों को ढंकें या फोहा लगाएं। इसके बाद डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

## बैंक के लंबित आवेदन पर 45 दिवस के अन्दर आदेश पारित करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा 27.02.2019 को शहर के प्रमुख दंत विशेषज्ञ प्रियांक दुबे, उनके पिता सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक कैलाश नारायण दुबे तथा उनकी माता आभा दुबे को रु.69.50 लाख की ऋण सुविधा प्रदान की गई। ऋण में प्रतिभूति स्वरुप बी टी तिराहा, गढ़ा पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक आवासीय भवन को बंधक रखा गया। इसके अतिरिक्त प्रियांक दुबे द्वारा बैंक से शैक्षिक ऋण भी प्राप्त किया गया। ऋणी द्वारा समय पर ऋण की पूर्ती न किए जाने के कारण ऋण खाते गैर निष्पादित आस्ति (**NPA**) वर्गीकृत हो गए एवं पंजाब नैशनल बैंक द्वारा वसूली की कार्रवाई प्रारंभ की गई। इसी क्रम में सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत ऋणी को 60 दिवस के अन्दर ऋण चुकाने की समयावधि प्रदान की गयी। परंतु फिर भी ऋण न चुकाने के कारण बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत माननीय जिलाधिकारी के समक्ष 2021 में बंधक संपत्ति का भौतिक कब्ज़ा लिए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। चूँकि लगभग 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी शासन द्वारा बैंक के आवेदन पर निर्णय पारित नहीं किया गया, इसलिए बैंक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष कब्ज़ा दिलाये जाने हेतु रिट याचिका दायर की गई। माननीय उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 04.03.2025 द्वारा शासन को बैंक के लंबित आवेदन पर 45 दिवस के अन्दर आदेश पारित करने के लिए निर्देशित किया।



## बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में किडनी दिवस पर मरीज को मिली नई जिंदगी

**जबलपुर।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में एक विशेष क्षण देखने को मिला, जब सफल किडनी ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को स्वस्थ होकर अस्पताल से छुट्टी दी गई। इस अवसर पर अस्पताल के संचालक व वरिष्ठ चिकित्सकों ने मरीज के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उन्हें गुलदस्ता भेंट किया।अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी दी कि मरीज सुदामा बाई को मेडिकल प्रक्रिया के तहत किडनी दान में मिली थी, जिसके बाद उनकी सफल ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई। आज, वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और अस्पताल से डिस्चार्ज हो रहे हैं। डॉक्टरों ने इसे एक सुखद संयोग बताया कि विश्व किडनी दिवस के मौके पर मरीज को नई जिंदगी मिल रही है।अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि आगे भी जरूरतमंद मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर चिकित्सकों ने लोगों को किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर जांच कराने की सलाह दी।

# हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में फूलों की होली आज

## रंग गुलाल खेलते निकली नर्मदा परिक्रमा

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को सैकड़ो वर्षों से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा फागुन पूर्णिमा सुबह 464 वी परिक्रमा संत महात्माओं के सानिध्य में परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में रंग गुलाल खेलते हुए हाथों में भगवा झंडा लेते हुए संकीर्तन मंडलियों के साथ निकली।

आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज परिक्रमा वासियों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया। परिक्रमा बेनगंगा पुल से प्रारंभ होकर 64 योगिनी पंचवटी धुआंधार लम्हेटा घाट से नाव पार कर शनि मंदिर डुडुवाड़ा इमलिया न्यू



भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट में नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन ह इस अवसर पर नर्मदा महा आरती के संस्थापक एव नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबवानी कैलाश विश्वकर्मा प्रभाकर चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 14 मार्च शाम 4:00 बजे चैतन्य महाप्रभु अभिषेक एवं फूलों की होली का कार्यक्रम के साथ प्रसाद भंडारे वितरण किया जाएगा।

## नींद की गंभीर समस्या से जूझ रहे 55 फीसदी स्टार्टअप संस्थापक : टीआईई

**जबलपुर।** लंबे समय तक काम करने का दबाव, वित्तीय अनिश्चितताएं और फंडिंग चुनौतियां, टीम प्रबंधन की जिम्मेदारियां और सोने से पहले स्क्रीन के अधिक उपयोग की वजह से 55 प्रतिशत स्टार्टअप संस्थापक और कारोबारी नींद की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। द इंडस एंटरप्रेन्योर्स ग्लोबल और हार्टफुलनेस की ओर से गुरुवार को जारी एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 55 प्रतिशत स्टार्टअप संस्थापक और कारोबारी लीड नींद की समस्या से जूझ रहे हैं। यह समस्या उनकी उत्पादकता, निर्णय लेने की क्षमता और समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है।

# होली में हानिकारक पीली मिट्टी, गेरू का उपयोग बंद करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।**

रादुविवि छात्र परिषद के संयोजक अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना को हानिकारक पीली मिट्टी भेंटकर उनसे इस मिट्टी पर प्रतिबंध लगाने पर चर्चा की गई। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यवाही का आदेश दिया। ज्ञापन में बताया गया कि भारतीय संस्कृति में होली का त्यौहार रंगों और पुष्पों से मनाये जाने का वर्णन है, परन्तु समय परिवर्तन के कारण आज इस त्यौहार में काफी विसंगतियां उत्पन्न हो गई हैं, जिसके कारण रंगों में घातक



रसायनों की मिलावट होने लगी है। रंगों में हानिकारक रासायनिक पदार्थों को मिलाकर बनाया जाने लगा है, जो कि प्रकृति और मानव के लिए हानिकारक है, इसी प्रकार पीली मिट्टी, गेरू भी मानव शरीर व प्रकृति के लिए हानिकारक है, क्योंकि पीली मिट्टी/गेरू से मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, यह श्वांस, आँख, कान, नाक के लिए हानिकारक है। एयर क्वालिटी (वायु गुणवत्ता) भी खराब होती है। प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद ही समस्त डी.जे. संचालकों का नाम पंजीयन करने की मांग की गई। इस अवसर पर रादुविवि छात्र परिषद संयोजक अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर, नितिन करण, दीपक सिंह राजपूत, एड. अभिषेक सिंह राजपूत, एड. अखिलेश सिंह, अभिनव श्रीवास्तव, अनुज लोधी, पं. सागर शुक्ला, गयाप्रसाद धुर्वे सहित अन्य उपस्थित रहे।



## गुरु तेग बहादुर खालसा कालेज में होली उत्सव “रंग दे” मनाया

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 12 मार्च को रंगों, उमंगों का त्यौहार होली उत्सव “रंग दे” हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य आरएस चंडोक ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा महाविद्यालय न केवल शिक्षा का केन्द्र है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने का स्थान भी है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में प्रेम सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है, इस पर्व को संयम और अनुशासन के साथ मनाएं तथा रंगों की खुशी में ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। रंगोत्सव में विद्यार्थियों ने प्राकृतिक गुलाल एवं रंगों से एक दूसरे को रंगकर उत्सव मनाया। विद्यार्थियों ने होली के पारंपरिक गीतों पर जमकर नृत्य किया, जिसका सभी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक सदस्यों ने मिलकर आनंद उठाया।

## पूर्व क्षेत्र कंपनी लाईन कर्मियों की सुरक्षा के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध

**जबलपुर।** म.प्र. पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. द्वारा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं 24x7 निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदाय करने हेतु प्रतिबद्ध है जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी 24x7 कार्यरत रहते हैं, इस कार्य के सफल क्रियान्वयन हेतु बिजली विभाग द्वारा सुरक्षा के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ समस्त सुरक्षा नियमों का सुदृढ़ता के साथ पालन किया जाता है। म.प्र. पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. अंतर्गत वर्तमान समय में स्थापित विद्युत अधोसंरचना जिसमें की 33 केव्ही के 739 फीडर, 11 केव्ही के 5205 फीडर, 298160 वितरण ट्रांसफार्मर, 2179 पावर ट्रांसफार्मर एवं 1223 33/11 केव्ही उपकेन्द्र शामिल हैं जिनमें प्रतिदिन औसतन 2500 परमिट, 150 के लगभग असफल वितरण ट्रांसफार्मर बदलना जैसे आदि कार्य सम्पादित हो रहे हैं जिसमें सभी कार्यों को 99.99 प्रतिशत सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली में लाइनमैन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया गया। इसमें देश की लगभग 70 डिस्कॉम, 28 ट्रांसमिशन कंपनी तथा 25 जनरेशन कंपनी ने भाग लिया। इसमें से म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर को हाई परफार्मिंग डिस्कॉम का अवार्ड मिला।

# माता गुजरी महिला महाविद्यालय में छात्राओं ने मनाया गुलाल उत्सव

**जबलपुर।** रंग-बिरंगे गुलाल और प्राकृतिक रंगों से सराबोर, अपनी ही धुन में मस्त छात्राओं ने खूब अबीर उड़ाया, अवसर था होली उत्सव। माता गुजरी महिला महाविद्यालय में हर वर्ष की तरह इस बार भी होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव का मार्गदर्शन, महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर सुनील कुमार पाहवा, रजिस्टार डॉ. सत्येंद्र कुररिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने अबीर, गुलाल, प्राकृतिक रंगों, फूलों के साथ होली खेलकर इस उत्सव को यादगार बनाया। डीजे और रैन डांस पर छात्राओं ने जमकर होली उत्सव में रंग-बिरंगे वातावरण के खुशनुमा अंदाज पेश किये। छात्राएं रंग बिरंगी पोशाकों में भी नजर आईं। छात्राओं ने कहा कि होली रंगों का एक पारंपरिक और मुख्य त्यौहार है इन विभिन्न रंगों के अर्थ को अपने जीवन में भी आत्मसात करना चाहिए और अपने त्यौहार से प्रेम करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा ने कहा कि होली के अवसर पर हम सभी मिलकर शांति एवं प्रेम का संदेश दें, सुरक्षित तरीके से होली मनाएं और इस पल को अपनी यादों में बसाएं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. माया शुक्ला, डॉ. श्रुति पुंज, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने किया। इसके साथ ही डॉ. महेंद्र जैन, राकेश तिवारी, डॉ. गणेश दुबे, राफेल परस्ते, प्रभात केवट, देवेश अवस्थी, प्रदीप सेन ने मुख्य भूमिका निभायी। इस अवसर पर डॉ. संध्या बटालिया, डॉ. रानू सिंह , डॉ. महिमा त्रिपाठी, डॉ. मीता श्रीवास्तव, डॉ. मोनिका धगट, डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. राजुल जैन, डॉ. मंजूषा पौराणिक, डॉ. रमणीक कौर एवं समस्त प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे।

## मेहरा समाज का वार्षिक सामाजिक सम्मेलन 23 को

**जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ जबलपुर के तत्वावधान में मेहरा समाज का वार्षिक सामाजिक सम्मेलन मानस भवन आडोटोरियम जबलपुर में रविवार 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान युवक-युवतियों के तय हो चुके विवाह दहेज रहित सम्पन्न कराये जायेंगे, विवाह योग्य युवक-युवतियों द्वारा स्वयं का मंच से परिचय दिया जाएगा, कक्षा 10वीं, 12वीं एवं इससे उच्च कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मान किया जाएगा, वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा एवं समाज की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। झारिया कल्याण संघ जबलपुर के डॉ. एन.पी. झारिया, गनेश सिंह झारिया, संतोष मेहरा, संतोष झारिया, अजय झारिया, गोपाल खांडेल, डॉ. आर.एम. झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, भीकम झारिया, हरी मेहरा, पुष्पा झारिया, बलराम झारिया सहित पदाधिकारी सभी स्वजातीय बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पधारकर सम्मेलन को सफल बनाने का आग्रह करते हैं।

# एपीएन ग्रुप के होली मिलन समारोह में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम




**जबलपुर।** होलिया में उड़े रे गुलाल..., होली के दिन खिल जाते...., रंग बरसे..., जोगीजी धीरे-धीरे..., जय-जय शिव शंकर..., जैसे शानदार गीतों की प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध कर दिया। अवसर था एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के होली मिलन समारोह का। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव रहे, अध्यक्षता तुलसीदास द्रविड़ ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अजीत श्रीवास्तव, धवल श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, ज्ञानचंद गोलछा, पार्षद अमरचंद बावरिया, संतोष विनोदिया आदि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, महाविद्यालय डिग्री प्राचार्य डॉ. सोनल खरे, एमपी बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई प्राचार्य महेश मोरे ने किया। इस अवसर पर चमन श्रीवास्तव ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। विद्यालय की शिक्षिका प्रेरणा पांडे के मंच संचालन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मानवेन्द्र सिंह, डॉ. सोनल खरे, अजय वर्मा, महेश मोरे, मनु श्रीवास्तव, स्वाति नौटियाल, जतिन कोहली सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# 17वीं डीजीक्यूए इंटर जोनल बैडमिंटन स्पर्धा का विजेता बना साउथ जोन

**जबलपुर।** 17वीं अखिल भारतीय अंतर क्षेत्रीय डीजीक्यूए इंटर जोनल बैडमिंटन स्पर्धा 2024-25 का समापन 13 मार्च को महाकोशल कॉलेज के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ। आज खेले गए पुरुष एकल में साउथ जोन के सूर्या ने विनिश को 21-14, 21-13 से हराकर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। दूसरे मिक्स डबल स्पर्धा में नार्थ जोन के अजय सिंह एवं प्रियांशु ने साउथ जोन के ऋषि एवं प्रिया को 21-16, 14-21, 21-13 से हराकर मिक्स डबल का खिताब अपने नाम किया। इस स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का खिताब सेंट्रल जोन की प्रिया केवट को एवं पुरुष खिलाड़ी का खिताब साउथ जोन के कमांडर विनिश को मिला। मैच के उपरांत पुरस्कार समारोह कार्यक्रम सीक्यूडब्ल्यू (शस्त्र) जीसीएफ जबलपुर के उत्सव कक्ष में आयोजित हुआ, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए इसके बाद विजेताओं एवं निर्णायकों को सीक्यूए शस्त्र जबलपुर के नियंत्रक ब्रिगेडियर समीर सिंह ने पुरस्कार प्रदान किए। समापन कार्यक्रम के दौरान कर्नल एम बालागोपाल, कर्नल साई कुमार, ले. कर्नल एसके नौटियाल, पीएससीओ दुबे एवं आरएस जाधव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के बच्चों, विजेताओं एवं निर्णायकों का उत्साहवर्धन किया। समापन के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन कर्नल बीएस डे सचिव सेंट्रल जोन द्वारा दिया गया।

## वाल्मीकि सेना ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** वाल्मीकि सेना जबलपुर मध्यप्रदेश के द्वारा संरक्षक अजय पदम (पूर्व पार्षद) के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। भेड़ाघाट नगर परिषद में महिला सफाई कर्मचारी लक्ष्मीबाई जिनसे विनियमित किये जाने के एवज में अधिकारी द्वारा 50 हजार रुपये की राशि ऐंठ ली गयी एवं विनियमित भी नहीं किया गया, और तो और सेवानिवृत्त होने पर जब महिला कर्मचारी अपना पीएफ का पैसा निकालने पहुँची तो उसके खाते से पीएफ की राशि निकल चुकी थी, जिससे उनके होश उड़ गए एवं महिला की तबियत बिगड़ गयी।इसी प्रकार समाज के लोगों के साथ फर्जीवाड़ा कर प्रताड़ित किया जा रहा है जिसे लेकर आज वाल्मीकि सेना द्वारा ज्ञापन सौपा गया।ज्ञापन के दौरान ज्ञान डागौर, अनुपम डागौर, सतीश करोसिया, रतन डागौर, महेश कटारे, ओमप्रकाश पारोचिया, राजेन्द्र धौलपुरी, राजा ठाकुर, बॉबी धौलपुरी, अमन गोगलिया, अमित करोसिया, सचिन महरोलिया, विनोद महरोलिया सहित अनेक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।




## आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा पर बिजली कर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, जबलपुर में आर.डी.एस.एस. योजना के अंतर्गत "आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा" विषय पर कंपनी में कार्यरत लाईन कर्मियों एवं परीक्षण सहायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 10 मार्च से 12 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर एस.के.गिरिया अति. मुख्य महाप्रबंधक (प्रशिक्षण) द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया तकनीकी ज्ञान समस्त लाइनकर्मियों को अपने कार्य को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, जबलपुर द्वारा आर.डी.एस.एस. योजनांतर्गत मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर के 460 लाइनकर्मियों का प्रशिक्षण जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा एवं सिवनी में पूर्ण हो चुका है। साथ ही केद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, जबलपुर द्वारा अजमेर विद्युत वितरण निगम के 400 कर्मियों को भी राजस्थान जाकर वहां प्रशिक्षण प्रदान करना है, जो कि माह अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो रहा है।

भारत ऋषि और कृषि का देश है: स्वामी रामदेव

# पतंजलि रिसर्च अनुसंधान में दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) योजना द्वारा प्रायोजित विषय औषधीय पौधों की खेती में कृषि उद्यमिता के विकास के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण का दो दिवसीय आयोजन पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन और पतंजलि विश्वविद्यालय के सहयोग से पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के सभागार में किया गया।

इस कार्यक्रम में औषधीय पादपों का संरक्षण, उनकी प्राकृतिक प्रजातियों का वृक्षारोपण और संरक्षण पर जोर दिया गया, साथ ही हर्बल उद्यानों के विकास के माध्यम से संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। स्वामी रामदेव एवं बालकृष्ण ने अतिथियों का स्वागत शाल और माला पहनाकर किया। चार सत्रों में विभाजित इस सम्मेलन में राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर के किसानों तथा कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिन्होंने उत्तराखण्ड की प्राचीन संजीवनी को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने में सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में डॉ. कुणाल भट्टाचार्य, डॉ. अरुण चंदन, मीनाक्षी, श्वेता, डॉ. जितेंद्र सिंह बुटोला, प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार, पवन कुमार, कवीन्द्र सिंह, ज्ञान प्रकाश, श्री अमित काले, भानुप्रताप सिंह और प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने सहभागिता की। कृषि संबंधित विषयों पर उपस्थित किसानों का मार्गदर्शन किया गया।



### पतंजलि बन चुका है आध्यात्मिकता का पर्याय

*कार्यक्रम में योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि कृषि उद्यमिता खेती का एक ऐसा दृष्टिकोण है, जो सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रक्रियाओं के आपसी संबंधों को महत्त्वपूर्ण मानता है। आधुनिक कृषि उद्यम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए उत्पादन करते हैं।*

### प्रबंधन की कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी

*केंद्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश के जीव विज्ञान संकाय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार ने फसल से पहले के प्रबंधन की कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सिंचाई, मिट्टी की तैयारी, बुआई और कीटों से बचाव को आवश्यक बताते हुए कहा कि इनका मुख्य उद्देश्य संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम करना और उत्पादकता बढ़ाना है। आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के इनक्यूबेशन मैनेजर अमित काले ने कृषि नवाचार और स्टार्टअप मॉडल के संदर्भ में कृषि मंत्रालय की वित्तीय सहायता से इनक्यूबेशन पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने, कृषि-उद्यमिता और कृषि व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत शुरू की गई नई योजनाओं पर विचार साझा किए। पतंजलि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर, प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने वैश्विक स्तर पर भारत को 'विश्वगुरु' बनाने की बात कही।*

### पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जानकारी

पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार के औषधि खोज एवं विकास प्रभाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. कुणाल भट्टाचार्य ने अनुसंधान और विकास गतिविधियों का अवलोकन करते हुए कृषि उद्यमिता को पतंजलि से जोड़ते हुए इसके योगदान की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने मानव और पशुओं के लिए सार्वभौमिक संपदा की स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औषधीय पौधों के स्तरीकरण पर जोर दिया। अनुसंधान में औषधीय पौधों के पांच प्रमुख घटकों- मेडिकोइथो बोटानिकल सर्वे, प्रोपेगेशन तकनीक, मेडिसिन प्लांट की डेमोंस्ट्रेशन कल्टीवेशन, बोटानिकल, फर्माकॉगनोस्टिकल स्टैंडर्डलाइजेशन और माइक्रोबायोलॉजी की चर्चा की। मुख्य वक्ता, राष्ट्रीय औषधीय पौधे बोर्ड, आयुष मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अरुण चंदन ने औषधीय जड़ी-बूटियों के प्राचीन काल से लेकर आज तक पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी।

## शराब पीने से पहले जमीन पर क्यों छिड़कते हैं बूंदें?



**नई दिल्ली।** होली का त्योहार अब बस आने ही वाला है। हर तरफ होली का खुमार छाया हुआ है। चाहे मार्केट हो या घर, होली की तैयारी अब आखिरी चरम पर है। जहां महिलाएं होली के दिन पकवान बनाने में व्यस्त रहती हैं, वहीं युवाएं इस दिन सिर्फ मौज-मस्ती के मूड में रहते हैं। कई युवा शराब के नशे में चूर नजर आते हैं। अगर आपके भी दोस्त शराबी हैं तो आपने भी कई लोगों को शराब पीने से पहले गिलास से कुछ बूंदें नीचे छिड़कते देखा होगा। कई बार शराबी अपने हाथ में गिलास लेकर शराब की कुछ बूंदें जमीन पर छिड़कते हैं। अपनी अनामिका अंगुली को शराब में डुबो कर उसे छिड़का जाता है। कई शराबी ऐसा करते तो हैं तो लेकिन खुद उन्हें भी इसका कारण नहीं पता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं वो वजह, जिसकी वजह से शराबी ऐसा करते हैं।



# होली मनाने के अजीबोगरीब तरीके, कहीं पत्थर से, तो कहीं आग से खेली जाती है होली

नई दिल्ली। होली का त्योहार पूरे देश में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। रंगों का त्योहार मान्यताओं और परंपराओं का खूबसूरत समागम है। पूरे देश में इस त्योहार को अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। कहीं पर फूलों से होली खेली जाती है, तो कहीं पर लोगों पर लट्ठ बरसाई जाती है। क्या आप जानते हैं कि आग के जलते अंगारों से भी होली खेली जाती है? इस पर यकीन करने मुश्किल हो सकता है, लेकिन देश में कई ऐसी जगहें हैं जहां पर ऐसे ही अदीबोगरीब अंदाज में होली खेली जाती है।

### होली पर खोजते हैं जीवनसाथी



मध्यप्रदेश के भील आदिवासियों में होली के दिन जीवनसाथी ढूंढने की पंरपरा है। हालांकि, यह प्रथा काफी मजेदार भी है। इस दिन यहां एक बाजार लगता है। इस बाजार में लड़के-लड़कियां अपने लिए जीवन साथी खोजने के लिए आते हैं। इसके बाद यह आदिवासी लड़के एक खास तरह का वाद्ययंत्र बजाते हुए डांस करते-करते अपनी मनपसंद लड़की को गुलाल लगा देते हैं। अगर लड़की को भी लड़का पसंद आता है, तो लड़के को गुलाल देती है। दोनों की रजामंदी के बाद लड़का-लड़की को भगाकर ले जाता है और शादी करता है।



### होलिका दहन की राख पर चलते हैं लोग

राजस्थान के बांसवाड़ा में जनजातियां होलिका दहन की राख पर भी चलने की परंपरा है। यहां पर राख के अंदर दबी आग पर चलते हैं। इसके साथ ही एक-दूसरे पर पत्थरबाजी करने की परंपरा है। इस प्रथा के पीछे एक मान्यता है कि ऐसी होली को खेलने से जो खून निकलता है उससे व्यक्ति का आने वाला समय बेहतर बनता है।

### यहां पर नहीं मनाते हैं होली

हरियाणा के कैथल जिले के दूसरपुर गांव में लोग होली नहीं मनाते हैं। कहा जाता है कि इस गांव को एक बाबा ने श्राप दिया था। दरअसल, गांव के एक व्यक्ति से संत नाराज होने के बाद होलिका की आग में कूदकर जान दे दी। जलते बाबा ने गांव को श्राप दे दिया। उन्होंने कहा कि अब यहां कभी होली मनाई जाती है तो अपशगुन होगा। इस डर से सालों बीत जाने के बाद कभी होली नहीं मनाई गई।

# 2588 साल बाद बन रहा होली पर ऐसा योग, बीमारियां हो जाएंगी 'स्वाहा'

**नई दिल्ली। होली के मौके पर आपने एक कहावत तो सुनी ही होगी -'बुरा न मानो होली है'। होली के त्योहार पर आप किसी ने कुछ भी मज़ाक कर देते हैं, तो उसका मूड जल्दी खराब नहीं होता। यही वजह है कि होली पर लोग खुलकर हंसी-मज़ाक करते हैं। वैसे होली को लेकर सोशल मीडिया पर भी मीम्स खूब बनते हैं, जो लोगों को खूब पसंद आते हैं।**




### दिलचस्प पोस्ट वायरल

सोशल मीडिया पर ऐसी ही एक दिलचस्प पोस्ट वायरल हो रही है। इस पोस्ट में बताया गया है कि 2588 सालों के बाद होली पर ऐसा योग बन रहा है, जो आपकी बीमारियों को नाश कर देगा। इस पूरी खबर को पढ़िए, तब आपको पता चलेगा कि करना क्या है!

### इलाज सुनकर सदमे में आए लोग

आगे बताया गया है कि आपको करना ये है कि जब शाम को होलिका दहन हो रहा हो, तो आपको अपने सिर के ऊपर से अपने मोबाइल को सात बार घुमाना है और इसे होलिका में दहन कर देगा। इस मज़ेदार पोस्ट में ये भी कहा गया है कि इससे गुस्सा आना, जी मचलाना जैसी परेशानी आएगी, जो दो दिन में ठीक हो जाएगी। इस मज़ाकिया पोस्ट को 7 दिन में 2 लाख से ज्यादा लोगों ने पसंद किया है और कमेंट भी भरपूर आए हैं। ज्यादातर यूज़र्स ने लिखा कि वो पोस्ट को ध्यान से पढ़ रहे थे कि कोई सच में टोटका है। एक यूज़र ने लिखा- मुझे तो लगा मेरी सारी समस्याओं का हल ही मिल गया।



### तो ये रामबाण इलाज ...

इस पोस्ट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक यूज़र अकाउंट से शेयर किया गया है। देखने में ये अखबार की किसी कटिंग जैसा है, जिस पर शीर्षक में बताया गया है कि इस बार होली बेहद खास है, क्योंकि 2588 साल बाद वो योग बन रहा है, जो कई बीमारियों को दूर कर देगा। अंदर बीमारियों के लक्षण बताए गए हैं कि अगर आपका मन खाने में नहीं लगता, बार-बार नींद खुलती है, आंखों में दर्द रहता है और आलस आता है, तो ये रामबाण इलाज का काम करेगा।

## अगर इस जाति की लड़की पर डाला रंग तो...बैठेगी पंच करनी पड़ेगी शादी



### नहीं होगी कोई सुनवाई

**रांची।** होली के दौरान छेड़छाड़ के कई मामले हम सबने सुने और देखें हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए संथाल आदिवासी समाज ने एक ऐसी प्रथा की शुरूआत की है। झारखंड के साहित्यकार मनोज करपरदार ने बताया कि यह प्रथा हजारों साल से चल रही है। होली पर महिलाओं और पुरुषों के बीच मर्यादा बनी रहे, इसलिए इस रिवाज को शुरू किया गया। होली के नाम पर लड़कियों के साथ बदतमीजी हुआ करती थी। लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की जाती थी। इसी को देखते हुए नया नियम बनाया गया। ऐसा संथाल आदिवासियों में होता है। अगर इस जाति की लड़कियों पर गलती से भी रंग डाला तो सबसे पहले पंचायत बैठाई जाएगी। कई बार लड़कों को सबसे सामने माफी मांगनी पड़ती है, तो कई बार शादी भी। इस बात का फैसला गांव के बुजुर्ग लेते हैं। लड़की से पूछा जाता है कि क्या वो शादी के लिए तैयार है। सभी लोग इस परंपरा का बिना सवाल किए पालन करते हैं।

## मार खाओ इनाम पाओ...यूपी के इस गांव में अनोखी पैनामार होली, मर्दों की खूब धुनाई करती हैं



**लखनऊ।** होली का रंग यूपी में अलग ही अंदाज में देखने को मिलता है। मथुरा-वृंदावन की लट्ठमार होली दुनियाभर में मशहूर है, लेकिन फिरोजाबाद जिले के टूंडला क्षेत्र में एक गांव ऐसा भी है जहां होली के मौके पर महिलाओं का जोरदार राज चलता है। यहां के चुल्हावली गांव में 'पैनामार होली' की परंपरा सैकड़ों सालों से चली आ रही है, जिसमें महिलाएं पुरुषों को पैना (लकड़ी या हल्की छड़ी) मारकर होली खेलती हैं। गांव में होलिका दहन के अगले दिन यानी परेवा पर यह अनोखी होली खेली जाती है। इस दिन महिलाएं नई साड़ियां पहनकर हाथों में पैना लेकर निकलती हैं, जबकि पुरुष भी नए कपड़े पहनकर होली खेलने पहुंचते हैं। फिर शाम को सभी एक जगह इकट्ठा होते हैं और महिलाएं पैना से पुरुषों की पिटाई लगाती हैं।


**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

**न्यायालय पंकज मिश्रा पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग अधारताल जिला जबलपुर**
**राजस्व प्रकरण क्रमांक / बी-113/2024-2025**
**प्रारूप- 4**
**(सूचना पत्र नियम-5 (1) देखिए) म.प्र.लोकन्यास अधिनियम 1951**

चूँकि प्रकरण में आवेदक न्यास पिंजरापोल गौशाला चेरिटेबल न्यास रानीताल जिला जबलपुर द्वारा अध्यक्ष श्री प्रशांत अग्रवाल पिता स्व.श्री बालकृष्ण अग्रवाल निवासी 20 ए नयागांव हाउसिंग सोसायटी जबलपुर के द्वारा लोक न्यास पंजीयन क्रमांक 333 है। प्रशांत अग्रवाल पिंजरापोल गौशाला चेरिटेबल न्यास के अध्यक्ष है। आवेदक ट्रस्ट की संपत्ति मौजा सुभाष नगर नंबर बंदो 773 शीट नंबर 71 प्लाट नंबर 268 /1 रकबा 32945 वर्गफुट आवेदक ट्रस्ट के नाम राजस्व अभिलेखो मे दर्ज है। न्यास की बैठक दिनांक 30/6/2016 में रानीताल स्थित उक्त भूमि मे बी.ओ.टी. के माध्यम से व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन निर्माण एवं निर्मित भवन को अलग अलग हिस्से मे 60 वर्ष की अवधि हेतु रजिस्टर्ड लीज पर दिये जाने तथा उक्त से प्राप्त होने वाली आय से शहर के बाहर गोकुलधाम गौशाला का निर्माण किये जाने का प्रस्ताव रखा है एवं मौजा सुभाष नगर न.ब. 73 प.ह.न. 31 रा.नि.म. जबलपुर - 1 स्थित शीट नंबर 71 प्लाट नंबर 268/1 रकबा 32945 वर्गफुट वाणिज्यिक मेन रोड पर स्थित भूमि पर निमार्णाधीन बहुमंजिला भवन के पृथक पृथक यूनिट्स / इकाईयां को बैंक मार्डगेज / बंधक रखने भवन के पृथक पृथक यूनिट्स / इकाईयों को बैंक मार्डगेज / बंधक रखने हेतु अनुज्ञा चाही है। अत: एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 15/04/2025 को विचार के लिए नियत है। कोई भी व्यक्ति/ संस्था उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उक्त नियुक्ति के बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन / दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर करें। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्तियों / दावों / सुझावों पर कोई विचार के लिए ग्राहय नही किया जावेगा।

**जारी दिनांक- 12/03/2025**
**पेशी दिनांक- 15/04/2025**
(मुद्रा)
**(पंकज मिश्रा) पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग आधारताल, जबलपुर**


## राशिफल



**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।


**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर



**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।


**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यो में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।


**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।



**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

## टीवी कलाकारों ने सुनाए अपने शहर की होली के किस्से



**मुंबई।** होली रंगों, खुशियों और अपनेपन का त्योहार है। एण्डटीवी शो हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह उर्फ योगेश त्रिपाठी कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में मेरे गांव की होली का मजा ही अलग है। चारों तरफ रंग, मस्ती, हंसी और ढेर सारी मिठाइयां होती हैं। हम हर साल पहले पूजा करते हैं, फिर गुलाल उड़ाते हैं, नाचते-गाते हैं और मजेदार पकवानों जैसे गुजिया और ठंडाई का आनंद लेते हैं। बरसाना की लट्ठमार होली और वृंदावन की फूलों वाली होली तो देखने लायक होती है। भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी उर्फ शुभांगी अत्रे बताती है कि मध्य प्रदेश की होली हमेशा से मेरे दिल के करीब रही है। इसकी शुरूआत होलिका दहन के साथ होती है, जहां हम होलिका की आग के चारों ओर जमा होते हैं और समृद्धि और खुशियों के लिये प्रार्थना करते हैं। अगले दिन पूरा शहर रंगों से सराबोर रहता है और हर ओर खुशियां छाई होती हैं। इंदौर में, रंग पंचमी मनाई जाती है, जहां संगीत और डांस के साथ भव्य शोभायात्रायें निकलती हैं। इस बार मैं नमकीन और मालपुआ बनाऊंगी, जैसा हम घर पर करते थे। मेरे लिये होली सिर्फ एक त्योहार नहीं है, बल्कि एक अहसास भी है। यह परंपरा और खूबसूरत यादों का एक खूबसूरत मेल है।"

## शब्द पहेली - 5806



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली- 5805 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | ■ | ल | ■ | वा | य | लि | न |
| ■ | ल | ■ | य | ■ | प | व | न | ■ | ख | फा |
| ए | ■ | ■ | ध | व | ल | ■ | र | ■ | ■ | स |
| ह | र | द | म | ■ | पा | ल | ■ | फ | क | त |
| सा | ■ | म | ■ | दा | ना | ■ | सा | ■ | मा | ■ |
| न | वी | न | त | म | ■ | अ | ज | वा | ई | न |
| ■ | र | ■ | वा | ■ | स | दा | ■ | रि | ■ | वी |
| प | ता | का | ■ | ह | क | ■ | अ | स | मा | न |
| र | ■ | ■ | जी | ■ | प | र | दा | ■ | ■ | ता |
| वा | त | ■ | न | ल | का | ■ | व | ■ | द | ■ |
| ज | रु | र | त | ■ | ना | ■ | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल - 5816

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL BENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5815 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# तब होली पर खुशी से झूम उठोगे तुम



होली आए और बच्चे मस्ती-धमाल न करें, यह कैसे हो सकता है! यह मस्ती तभी जमकर हो सकेगी, जब बच्चों को अधिक से अधिक लोगों का साथ मिले। होली हमें उन सब के साथ मनानी चाहिए, जिनके साथ हम अधिक से अधिक समय बिताते हैं, हमारे आस-पास रहते हैं। इससे न सिर्फ इन सबको त्योहार की खुशियां मिलेंगी, हमारी खुशियां भी बढ़कर चहक उठेंगी। होली सेलिब्रेशन में हर किसी का प्यार भरा साथ जरूरी है।

सेलिब्रेशन
प्रखर श्रीवास्तव

आज होली है। बच्चों के लिए मस्ती-धमाल का दिन। एक-दूसरे को रंग लगाना ही है। दोस्तों को लाल-पीले, हरे-नीले रंगों से रंगना है, खुद भी रंगों से रंग जाना है। टोली बनाकर हुड़दंग करना है, डांस भी करना है। बच्चों, तुमने भी इस बार होली के लिए अपने दोस्तों के साथ कुछ प्लानिंग जरूर की होगी कि होली कैसे मनाएंगे, ऐसे जमकर धमा-चौकड़ी करेंगे? होली पर तुम अगर कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो जरूर यह त्योहार तुम्हें ही नहीं, दूसरों को भी खुशियों से भर देगा, यह होली तुम्हारी यादों में बस जाएगी।



## घर से करो शुरुआत

होली की शुरुआत अपने घर से करो। अगर दादा-दादी साथ रह रहे हैं तो सुबह सबसे पहले उनके पैर छूकर उनका आशीर्वाद लो। उन्हें गुलाल लगाओ, उनसे भी अपने माथे पर गुलाल का टीका लगवाओ। होली पर अपने दादा-दादी को कभी नहीं भूलो। त्योहार पर दादा-दादी घर के बच्चों का अपनापन पाकर निहाल हो जाते हैं। इसी तरह अपने पापा-मम्मी के भी पैर छूकर उनका आशीर्वाद लो। इन्हें भी गुलाल लगाना ना भूलना। अपने घर के आस-पास रहने वाले बड़ों से भी जाकर आशीर्वाद लो, खासकर उन वृद्ध लोगों के घर जरूर जाओ, जो अकेले रह रहे हैं, इनके बच्चे किसी दूसरे शहर या विदेश में रह रहे हैं। तुम्हारा साथ पाकर वे खुशी से खिल उठेंगे, ढेर सारा आशीर्वाद देंगे। त्योहार पर बड़ों का आशीर्वाद लेने का मतलब है, सुखी जीवन।

## जरूरी है दोस्तों का साथ

होली का असली मजा दोस्तों के साथ ही है। दोस्तों के साथ हम रंग ही नहीं खेलते, खूब मस्ती-धमाल भी करते हैं। इसलिए होली पर अपने हर दोस्त का साथ जरूरी है। बच्चों, होली पर उन दोस्तों को भी साथ लो, जिनसे किसी बात पर तुम्हारी कुछ दिन पहले लड़ाई हो गई थी, बातचीत बंद है। होली के दिन सारे शिकवे-शिकायत भूलकर उनके साथ रंग खेलो, उनसे गले मिलो। ऐसा करके तुम्हें एक अलग ही खुशी मिलेगी, तुम्हारा दोस्त भी खुश होगा। होली पर अपने उन दोस्तों को बिल्कुल न भूलो, जो किसी कारण होली नहीं खेल पा रहे हैं। शिवम को ही देखो, पिछली होली पर जब उसका दोस्त अंकित पैर में फ्रेक्चर होने की वजह से रंग खेलने नहीं आ सका तो शिवम पूरी टोली के साथ उसके घर पहुंच गया। अंकित को जब अपने घर में होली पर दोस्तों का साथ मिला तो उसके चेहरे पर छायी उदासी दूर हो गई। उसने सबको गुलाल का टीका लगाकर होली की खुशियां मनाईं। इसी तरह समीर के भी दोस्त उसे उस साल नहीं भूले, जब होली के एक माह पहले उसके पापा का एकाएक हार्टफेल होने की वजह से देहांत हो गया था, सभी दोस्त समीर के घर इसलिए गए कि वह त्योहार पर दुख में डूबा रहकर अपने आपको अकेला न समझे, उसको कुछ तो खुशी मिले, वह नॉर्मल लाइफ की ओर लौटे। समीर को दुख की घड़ी में अपने प्यारे दोस्तों का साथ पाकर एक बल मिला, त्योहार पर छाया सूनापन दूर हुआ। हां, बच्चों त्योहार इसीलिए होते हैं कि जीवन में छायी उदासी छंटे, खुशी मिले।



## इन्हें भी न भूलो

बच्चों, त्योहार की खुशियां जितने ज्यादा लोगों के साथ मनाओगे, उतना ज्यादा अच्छा लगेगा। कहते हैं न कि खुशियां बांटने से बढ़ती है। त्योहार सिर्फ परिवार, रिश्तेदार, दोस्तों और पड़ोसियों के साथ ही नहीं, उन लोगों के साथ भी मनाओ, जो अकेले हैं, असहाय हैं, गरीब और जरूरतमंद हैं। नवीन हर साल होली पर अपने दोस्तों के साथ शहर के अनाथालय में जरूर जाता है, जहां ऐसे बच्चे रहते हैं, जिनके मां-बाप नहीं हैं, वे अकेले हैं। नवीन और उसके दोस्त इन अनाथ बच्चों के साथ रंग खेलते हैं, इन्हें होली पर बनने वाली गुझिया, मिठाई और नमकीन बांटते हैं। ये बच्चे त्योहार पर ऐसा प्यारा साथ पाकर बहुत ज्यादा खुश होंगे। उधर अमित और उसकी बहन अनिता भी अपने पापा-मम्मी के साथ घर से कुछ ही दूर पर वृद्धाश्रम में जाकर अकेले रह रहे वृद्धों के बीच होली मनाते हैं, उन्हें गुझिया, मिठाई स्वयं खिलाते हैं, अपनेपन का अहसास देते हैं। बच्चों, बहुत से लोग तो घर के पास बनी झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर उन गरीब, असहाय लोगों के बीच त्योहार की खुशियां मनाते हैं, जिनके पास इतने भी पैसे नहीं होते जो दो वक्त की रोटी खा सकें। इन गरीब परिवारों में तुम्हारे जैसे बच्चे भी होते हैं, त्योहार पर मदद और अपनापन पाकर बेइंतहा खुश होते हैं।

बच्चों, होली पर तुम अपने होम सर्वेंट जैसे मेड, ड्राइवर को ना भूलो, इन्हें होली की मुबारकबाद दो, गुलाल लगाओ। त्योहार के मौके पर तुम इन्हें या इनके बच्चों को कोई प्यारा सा गिफ्ट भी दे सकते हो। ऐसा प्यार-सम्मान पाकर यह बहुत खुश होंगे।

बच्चों, तुम जब इस तरह होली की खुशियां सबके साथ सेलिब्रेट करोगे तो तुम्हें एक बहुत अलग तरह की खुशी मिलेगी, तुम खुशी से झूम उठोगे।

### इस्तेमाल करो ऑर्गेनिक कलर्स




बच्चों, होली में मस्ती जरूर करो, लेकिन मस्ती में आकर ऐसा भी कुछ मत करना कि रंग में भंग हो जाए, होली का मजा किरकिरा हो जाए। अकसर देखा जाता है कुछ बच्चे ऐसे रंगों का इस्तेमाल करते हैं, जिनमें स्किन को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल्स मिले होते हैं, रंग लगने के बाद काफी दिनों तक परेशानी बनी रहती है। ये केमिकल्सयुक्त रंग आंखों को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं, इसलिए ऐसे रंग बिल्कुल न इस्तेमाल करो। अब तो बाजार में ऑर्गेनिक कलर मिल रहे हैं, तुम इनका उपयोग कर सकते हो। बच्चों, अपने मम्मी पापा की गाईडेंस में ऑर्गेनिक कलर घर पर भी तुम फूलों, फलों और सब्जियों से बना सकते हो। जब तुम इन ऑर्गेनिक कलर्स का इस्तेमाल करोगे, तुम्हारे दोस्तों को ये कलर्स खूब भाएंगे, क्योंकि ये कलर्स खुशबूदार होते हैं। तुम्हारे दोस्त यही कहेंगे, 'लगाओ... लगाओ और कलर लगाओ न...।'

क्या तुम जानते हो / नयनतारा

बच्चों, क्या तुम जानते हो कि होली के अवसर पर होलिका दहन क्यों किया जाता है और रंग क्यों खेला जाता है? जानो, इन परंपराओं से जुड़ी पौराणिक कथाओं और मान्यताओं के बारे में।

# क्यों मनाते हैं हम होली का त्योहार



बच्चों, तुम्हें होली के त्योहार पर रंग खेलने में बहुत मजा आता होगा। लेकिन क्या तुम जानते हो कि होली का त्योहार क्यों मनाया जाता है? बता रहे हैं विस्तार से।

देश के अधिकतर त्योहारों का संबंध मौसम के बदलने और कृषि से होता है। होली भी इसका अपवाद नहीं है। यह त्योहार जाड़े की समाप्ति का संकेत और फसल काटने की शुरुआत करने का अवसर है, जो फाल्गुन की पूर्णिमा (मार्च माह में) पर वसंत ऋतु में मनाया जाता है। इस त्योहार से पौराणिक कथा भी जुड़ी है। प्राचीन समय में एक असुर राजा था, हिरण्यकश्यप। उसने तप कर असाधारण शक्तियां प्राप्त कर ली थीं। वह अपने को भगवान समझकर अपनी प्रजा पर दबाव डालने लगा कि वह ईश्वर की जगह उसकी पूजा करें। बहुत से लोग डर कर उसकी पूजा करने लगे, लेकिन उसी का पुत्र प्रहलाद, जो एक नेक और सच्चा बालक था, इस गलत बात से सहमत नहीं था। वह न केवल अपने पिता का विरोध करता था बल्कि भगवान विष्णु की पूजा और भक्ति करता था।



फिर हिरण्यकश्यप ने अपने ही पुत्र का वध करने का निर्णय लिया। इस साजिश में उसने अपनी बहन होलिका को भी शामिल कर लिया, जिसे यह वरदान प्राप्त था कि आग उसे जला नहीं पाएगी। इसलिए योजना यह बनाई गई कि होलिका अपनी गोद में प्रहलाद को लेकर बैठेगी, जिससे वह जलकर राख हो जाएगा। लेकिन यह साजिश नाकाम हो गई। अपनी बुआ होलिका की गोद में बैठा बालक प्रहलाद निरंतर भगवान विष्णु का नाम जप रहा था। इस तरह होलिका जल गई और प्रहलाद बच गया। इसीलिए हम होली पर होलिका दहन करते हैं कि अपनी बुराइयों को जलाकर राख कर दो।

जहां तक बात है कि हम होली पर रंग क्यों खेलते हैं? असल में प्राचीन भारत में वसंतोत्सव मनाया जाता था, जिसमें रंग खेले जाते थे। फिर वसंतोत्सव भगवान कृष्ण से जुड़ गया, जो मथुरा वृंदावन में गोपियों के साथ रंग खेलते थे। इसीलिए होली पर कृष्ण-राधा की भी पूजा की जाती है और रंग खेला जाता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## चटोरे चूहे की कहानी



बच्चों, 'कहानी एक चूहे की' नन्ही-सी चित्र-पुस्तक है। इसमें एक शरारती-आलसी चूहे की छोटी-सी मजेदार कहानी है। इस कहानी में निक्की नाम का एक चूहा है, जो बहुत चटोरा है। उसका स्वभाव भी थोड़ा नकचढ़ा है। उसे अपने मां-पिता की बातें कभी नहीं भाती हैं। अपनी इस आदत की वजह से वह अनहेल्दी चीजें खा-खाकर गोल-मटोल हो जाता है। दौड़ना तो दूर, वह ठीक से चल भी नहीं पाता। इस वजह से अकसर मुसीबत में पड़ता रहता है। इस कहानी में उसके साथ घटी ऐसी ही मुसीबत में घिरने की दो घटनाएं हैं। जिनमें किस्मत से वह बच तो निकलता है, लेकिन फिर वह अपनी गलती पर शर्मिंदा होता है और खुद को बदल डालता है। इस मजेदार कहानी में ऐसे कई घटनाक्रम हैं, जिन्हें पढ़ते हुए तुम खुद को लोट-पोट होने से रोक न सकोगे। पूरी किताब में रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *

**किताब**: कहानी एक चूहे की, **लेखन-चित्र**: उत्पल तालुकदार, **अनुवाद**: पंकज चतुर्वेदी, **मूल्य**: 50 रुपए, **प्रकाशक**: राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत

## हंसगुल्ले



**टीचर** : 'मुंह में पानी आना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**रोहन** : जैसे ही मैंने नल की टोंटी में मुंह लगाकर नल चालू किया, मेरे मुंह में पानी आ गया।
-करण, बिलासपुर

चिंटू-मिंटू फुटबॉल मैच देख रहे थे।
**चिंटू** : अरे, इतने सारे लोग फुटबॉल को लात क्यों मार रहे हैं?
**मिंटू** : गोल करने के लिए।
**चिंटू** : लेकिन फुटबॉल तो पहले से ही गोल है। इसे और कितना गोल करेंगे?
-आशीष, रायपुर

**सोनू** : मान लो, तुम्हारे पास चार सेब हैं, उनमें से दो सेब मैं ले लूं, तो तुम्हारे पास कितने सेब बचेंगे?
**मोनू** : चार ही बचेंगे, क्योंकि मैं तुम्हें एक भी सेब नहीं दूंगा।
-चंचल, दुर्ग

## जीके क्विज- 145

1. पौराणिक कथाओं के अनुसार हिरण्यकश्यप की बहन का नाम क्या था?
2. लट्ठमार होली कहां खेली जाती है?
3. भारतीय क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती है?
4. हाल ही में 'वंतारा एनिमल रेस्क्यू सेंटर' का उद्घाटन कहां किया गया?
5. प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस टेबल टेनिस खिलाड़ी ने पिछले दिनों टेबल टेनिस से संन्यास की घोषणा की?
7. पोंगल किस राज्य का प्रमुख त्योहार है?
8. हवामहल कहां स्थित है?
9. कबड्डी किस देश का राष्ट्रीय खेल है?
10. यूनेस्को का मुख्यालय कहां स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-145 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-144 का उत्तर**: 1.पूर्णिमा देवी वर्मन, 2.सर्विसेज, 3.प्रयागराज, 4.रमेन डेका, 5. 8 मार्च, 6.लॉर्ड कैनिंग, 7.राजा राममोहन राय, 8.सुंदरलाल बहुगुणा, 9.शुक्र, 10.मार्कोनी

**जीके क्विज-144 का सही उत्तर देने वाले**: डॉली-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, कबीर-हिसार, रमेश-कोरबा, दीपिका-हिसार, चेतन-महासमुंद, कल्पना-झज्जर, अमन-बिलासपुर, दीपक-रोहतक, हिमांशु-रायगढ़, शोभित-बिलासपुर, काव्या-बालोद

# होली का सबक

होली पर बच्चे मस्ती-धमाल न करें, यह कैसे हो सकता है! बंटी, पिंकी, अर्जुन, गुड्डी और मन्नू ने जब सड़क पर स्कूटर से जा रहे एक अंकल जी को रंग भरे बैलूंस मारे तो वह गिर कर चोटिल हो गए। इस हरकत पर उन्हें डांट न पड़े, इसलिए सारे बच्चे चुपचाप वहां से खिसक लिए। इसके बाद जो हुआ, बच्चों के लिए एक बड़ा सबक था। प्यारी सी कहानी।



कहानी
सरस्वती रमेश

मन्नू और उसके दोस्तों ने इस बार होली पर जमकर हुड़दंग मचाने की प्लानिंग कर रखी थी। बंटी, पिंकी, अर्जुन और मन्नू ने रंग, पिचकारियों के साथ वाटर बैलूंस भी खरीद लिए। होली खेलने के लिए खास रंगीन कपड़े, टोपी और कमर में बांधने के लिए लाल, पीले चौड़े फीते भी उन्होंने मंगवा लिए थे। मन्नू के साथ होली मनाने के लिए गांव से उसकी चचेरी बहन गुड्डी भी आई थी। गुड्डी बहुत होशियार और बातूनी है। चंद दिनों में ही वह पिंकी, अर्जुन और बंटी की फ्रेंड बन गई। गुड्डी के आने से सब और भी खुश थे।

होली के दिन मन्नू और उसके सारे दोस्त सड़क के पास वाले खाली मैदान में होली खेल रहे थे। सबके चेहरे और कपड़े रंगे हुए थे। मन्नू ने कहा, 'गुड्डी तुम अपनी पिचकारी से बैलून में रंग भरो। हम सड़क से आने-जाने वालों पर बैलून फेकेंगे, खूब मजा आएगा।'

'चलो हम साथ मिलकर बैलूंस में रंग भरते हैं।' पिंकी बोली। सब बैलूंस में रंग वाला पानी भरने में लग गए। तभी बच्चों को सड़क पर स्कूटर से एक अंकल आते हुए दिखाई दिए। 'चलो-चलो.. जल्दी बैलून मारो।' मन्नू बोला। सभी बच्चों ने एक साथ स्कूटर पर आ रहे अंकल को बैलूंस मारना शुरू कर दिया। एक साथ कई सारे बैलून चेहरे पर लगने से अंकल के स्कूटर का बैलेंस बिगड़ गया। वह स्कूटर सहित वहीं गिर पड़े। स्कूटर गिरता देख मन्नू और उसके साथी घबरा गए। अंकल जी को थोड़ी चोट लग गई थी। 'अरे अंकल तो गिर गए! अब तो हमें डांट पड़ेगी, हमारी पिटाई भी हो सकती है।' अर्जुन बोला। 'इससे पहले कि अंकल उठकर हमें पकड़ लें, कोई आकर डांटे, हम तुरंत यहां से भाग चलते हैं।' पिंकी बोली।

'हां, ठीक कह रही हो तुम।' बंटी ने हां में हां मिलाई। सभी बच्चों ने जल्दी-जल्दी अपनी पिचकारी उठाई और वहां से नौ दो ग्यारह हो गए। घर पहुंचकर मन्नू ने मम्मी-पापा को स्कूटर वाले अंकल के बारे में कुछ नहीं बताया। उसे डर था, पापा की डांट खानी पड़ेगी। मन्नू ने मम्मी से पूछा, 'पापा कहां हैं?' 'वो तो कॉलोनी में होली मिलने गए हैं।' मम्मी ने बताया। यह सुनकर मन्नू की जान में जान आई। उसने गुड्डी से कहा, 'पापा जब वापस आएं, तो प्लीज पापा से कुछ बताना नहीं।' 'ठीक है, नहीं बताऊंगी।' गुड्डी ने सहमति में सिर हिला दिया।

मन्नू और गुड्डी ने नहा-धोकर कपड़े बदल लिए। पापा थोड़ी ही देर में वापस लौट आए। वह कुछ बड़बड़ा रहे थे। मम्मी ने पूछा, 'क्या बात है, मूड कुछ खराब लग रहा है आपका? आप इतनी जल्दी सभी से होली मिलकर आ भी गए?' 'अरे, क्या बताऊं, मैं किसी से होली मिलने जा ही नहीं पाया।' पापा खीझे स्वर में बोले। 'क्यों?' मम्मी ने जानना चाहा।

पापा ने गुस्से से बताया, 'पड़ोस के शर्मा जी की पत्नी बीमार हैं। वो उनके लिए दवाइयां लेकर आ रहे थे कि कुछ बच्चों ने अचानक उन्हें गुब्बारे मारने शुरू कर दिए। वह स्कूटर से वहीं गिर पड़े। वो तो मैं उधर से ही गुजर रहा था तो उन्हें उठाकर पास की एक क्लीनिक ले गया। गनीमत है, उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई।' 'आजकल के बच्चों में जरा भी मैनर्स नहीं हैं। होली के नाम पर कुछ भी करते हैं।' मम्मी भी थोड़ा गुस्से से बोलीं। मन्नू और गुड्डी दरवाजे के पीछे से यह सब सुन रहे थे। अब उन्हें अपने किए पर बहुत पछतावा हो रहा था। गुड्डी ने कहा, 'हमें चलकर शर्मा अंकल से माफी मांगनी चाहिए।' 'तुम ठीक कहती हो। अंकल को हमारी वजह से इतनी तकलीफ हो गई।' मन्नू बोला। शाम को बंटी, पिंकी, अर्जुन, मन्नू, गुड्डी सभी बच्चे शर्मा अंकल के घर गए। आंटी बीमार थीं, बच्चे इसलिए अपने साथ थोड़ा फल भी ले गए। 'अंकल जी, हमें माफ कर दीजिए। हमसे गलती हो गई।' मन्नू बोला। शर्मा अंकल को समझते देर न लगी, वह बोले, 'अच्छा तो बैलूंस मारने वाले शैतान बच्चे तुम सब हो।' अंकल की बात सुन सभी बच्चों के सिर नीचे झुक गए।

'तुम तो रजत के बेटे हो न?' शर्मा अंकल ने मन्नू की तरफ देखते हुए पूछा। 'जी अंकल।' मन्नू बोला। 'तुम्हारे पापा ने उस समय मेरी बड़ी मदद की। चलो मैं तुम लोगों को माफ करता हूं। लेकिन आगे से इस बात का ध्यान रखना कि कभी होली के नाम पर ऐसी शरारत नहीं करना कि किसी को चोट लग जाए, वह परेशान हो।' अंकल ने बच्चों को समझाया। 'हम समझ गए अंकल। हमें सबक मिल गया है। आगे से हम ऐसा कभी नहीं करेंगे।' सभी बच्चे बोले। बंटी ने फलों की टोकरी अंकल की तरफ बढ़ाते हुए कहा, 'यह आंटी के लिए, हम सब की तरफ से!'

'अरे वाह! तुम लोग तो बहुत समझदार बच्चे हो। मुझे उम्मीद है कि तुम सब बड़े होकर अच्छे इंसान बनोगे।' शर्मा अंकल खड़े होते हुए बोले। उन्होंने सभी बच्चों के माथे पर गुलाल का टीका लगाकर 'हैप्पी होली' कहा। साथ ही बच्चों के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद भी दिया। आंटी ने बच्चों को चॉकलेट्स भी दिए। *

कविता
राजा चौरसिया

## होली रंग-रंगीली



इंद्रधनुष जैसे रंगों से
दिखती छटा छबीली।
गांवों से लेकर शहरों तक
होली रंग-रंगीली।।
वासंती मौसम के चलते
कितने सुंदर फूल खिले हैं।
नए-पुराने सब हंस-हंस कर
हाव-भाव से गले मिले हैं।।
चारों ओर गुलाल उड़ रही
सरसों फूली पीली।
हो जाती है सबकी सूरत
पिचकारी से गीली।।
गूंज रहे हैं ढोल-ढमाके
ठुमक-ठुमक कर लोग नाचते।
हंसी-ठिठोली रहे परस्पर
होती रहें चुलबुली शरारतें।।
मनहूसी तो फुर्र हुई है
या फिर हालत ढीली।
कहती हर बस्ती तनाव को
टीली-लीली-लीली।।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां होली की मस्ती कर रहे बच्चों के एक जैसे दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।





**उत्तर**: 1. लड़की की टी-शर्ट पर ऊपर लाल-पीले के पास पीला रंग लगा हुआ है। 2. लड़के के बालों पर गुलाल नहीं लगा है। 3.लड़के की टी-शर्ट का रंग लाल है। 4.लड़के की पिचकारी का रंग नीला है। 5.लड़के के आगे रखी बाल्टी, पिचकारी और रंगों की प्लेट गायब है।

## सही रास्ता बताओ

बच्चों, मोनू को होली खेलने के लिए रंग और पिचकारी चाहिए, लेकिन जिस जगह ये दोनों सामान रखे हैं, वहां तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम जरा मोनू को रंग और पिचकारी वाली जगह तक पहुंचने में मदद तो करो।



## बैडमिंटन : डेनमार्क के डेनियल और मैड्स को 21-17, 21-15 से हराया

# सात्विक-चिराग की 40 मिनट में शानदार जीत, अब चीनी चुनौती से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। पिछले महीने अपने पिता के निधन के बाद कोर्ट पर लौटे सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड को 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-15 से हराया।

अब उनका सामना चीन के हाओ नान शि और वेइ हान जेंग से होगा। जीत के बाद सात्विक ने अपनी ऊंगली आसमान की ओर उठाई और ऊपर देखते रहे। शायद अपने पिता को तलाश रहे थे। उन्होंने कहा, 'यह बहुत कठिन है लेकिन जीवन ऐसा ही है।' सात्विक ने दुख के क्षण में साथ रहने के लिए चिराग को धन्यवाद देते हुए कहा, 'वह उस समय मेरे घर आया। हमने थोड़ा अभ्यास किया और मैं उसका शुक्रगुजार हूं। वह मेरी चोट के समय भी मेरे साथ था। उसके माता पिता और हमारे कोच भी आए। मेरे पिता हमेशा चाहते थे कि वे हमारे यहां आएं।' चिराग ने कहा, 'सात्विक ने इतना सब झेला और यहां खेलने का फैसला किया। कोई और ऐसा नहीं कर सकता था। वह काफी मजबूत है और मुझे गर्व है कि वह मेरा जोड़ीदार है।'




### लक्ष्य-मालविका से उम्मीद

भारतीय जोड़ी का सामना दूसरे दौर में येन झी फेंग और या शिन वेइ की चीन की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा। लक्ष्य सेन और मालविका बंसोड़ पहले की क्रमशः पुरुष और महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर चुके हैं। पूर्व फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने ताइवान की निचली रैंकिंग वाली सु ली यांग के खिलाफ पहले दौर की कड़ी चुनौती को पार करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया।



### पूर्व स्पिनर मैकगिल को मिली क्लीन चिट

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर स्टुअर्ट मैकगिल को कोकीन के सौदे में शामिल होने का दोषी पाया गया है लेकिन बड़े पैमाने पर ड्रग्स की आपूर्ति में भागीदारी को लेकर 'क्लीन चिट' मिल गई है। सिडनी जिला कोर्ट की जूरी ने 54 वर्ष के पूर्व लेग स्पिनर को अप्रैल 2021 में 330000 आस्ट्रेलियाई डॉलर कीमत की एक किलो कोकीन के सौदे में शामिल होने के मामले में निर्दोष करार दिया गया है ।



### प्रणय के बाद सिंधू भी पहले दौर में बाहर

भारत की स्टार शटलर और दो बार ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा है। बुधवार को सिंधू ने साउथ कोरिया की गा यून किम के खिलाफ अच्छा शुरुआत की, लेकिन लय बरकरार नहीं रख पाईं। पहला गेम जीतने के बाद सिंधु को यह मुकाबला 21-19, 21-13, 21-13 से हार मिली। रोहन और रुतविका की जोड़ी ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 40वें नंबर की जोड़ी ने यी होंग वेइ और निकोल गोंजालेस चैन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-10 17-21 24-22 से हराया। वहीं, एचएस प्रणय को पहले दौर में ही निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा, उन्हें फ्रांस के उच्च रैंकिंग वाले टोमा जूनियर पोपोव से 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### सेना ने केआईडब्लूजी खिताब बरकरार रखा

**गुलमर्ग।** भारतीय सेना की टीम बुधवार को यहां लगातार दूसरे साल 'खेलो इंडिया' शीतकालीन खेलों की चैंपियन बनी। सेना ने 18 पदक (सात स्वर्ण, पांच रजत, छह कांस्य) के साथ अपने खिताब का बचाव किया।

क्रिकेट

# रोहित को संन्यास लेने की जरूरत नहीं : डिविलियर्स




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि रोहित शर्मा को संन्यास लेने की कोई जरूरत नहनीं है और वह वनडे क्रिकेट के महानतम कप्तानों में से एक होंगे। चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद रोहित के संन्यास की अटकलें तेज थी लेकिन सैतीस वर्ष के रोहित ने भारत को तीसरी बार खिताब दिलाने के बाद इन अटकलों को खारिज किया।

डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'दूसरे कप्तानों की तुलना में रोहित का जीत का प्रतिशत देखिए, करीब 74 प्रतिशत है जो अतीत के बाकी कप्तानों से बेहतर है। अगर वह खेलता रहा तो सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ वनडे कप्तानों में से एक होगा। वह संन्यास क्यों ले ? उसका बतौर कप्तान ही नहीं बल्कि बल्लेबाज के तौर पर भी शानदार रिकॉर्ड है। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उसने 76 रन बनाकर भारत को शानदार शुरुआत दी और जीत की नींव रखी। जब दबाव चरम पर था तब उसने मोर्चे से अगुवाई की। रोहित शर्मा को संन्यास लेने की कोई जरूरत नहीं है। उसे किसी आलोचना को सुनने की भी जरूरत नहीं है। उसका रिकॉर्ड ही उसके लिए बोलता है।'

### लखनऊ के लिए बतौर बल्लेबाज़ खेलेंगे मार्श

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श को आईपीएल में बतौर बल्लेबाज़ खेलने की मंज़ूरी मिल गई है और पीठ में चोट के चलते चैंपियंस ट्रॉफ़ी खेलने से चूकने वाले मार्श अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। मार्श ने फ़रवरी की शुरुआत में विशेषज्ञ का रुख़ किया और इसके बाद उन्होंने समस्या से उबरने के लिए आराम करने का फ़ैसला किया। पिछले कुछ सप्ताह से उन्होंने बल्लेबाज़ी का अभ्यास शुरू किया है और उन्हें आईपीएल में सिर्फ़ बतौर बल्लेबाज़ खेलने की अनुमति मिली है, ऐसे में वह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इस सीज़न इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलते दिखाई दे सकते हैं।

### झारखंड ने जीती महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप

**पंचकूला।** हॉकी झारखंड ने बुधवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप फाइनल के नियमित समय में 1-1 से बराबरी के बाद शूटआउट में गत चैंपियन हॉकी हरियाणा को 4-3 से शिकस्त दी। प्रमोदनी लाकड़ा (44 वां मिनट) और रानी (42 वां मिनट) ने नियमित समय में गोल किए। रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर, बिनिमा धन और कप्तान एलेबला रानी टोप्पो ने शूटआउट में गोल किया, जबकि गोलकीपर अंजलि भिंजिया के दो महत्वपूर्ण बचाव ने झारखंड की जीत को सुनिश्चित किया।

**पश्चिम मध्य रेल**

आम नीलामी सूचना

जबलपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पुराने बैग सूटकेस जिनमे नए पुराने कपड़े, इत्यादि सामग्री की नीलामी की जाना है। उक्त सामग्री की नीलामी जबलपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में दिनांक 20.03.2025 दिन गुरूवार को प्रातः 12:00 बजे की जायेगी। अतः उक्त नीलामी के इच्छुक बोलीकर्ता COVID-19 से सुरक्षा हेतु नियमों का पालन करते हुए समयानुसार उपस्थित होकर बोली लगा सकते है।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरओ/जबलपुर, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा में दिये गये शर्तों को पूरा करने वाले अनुभवी/प्रतिष्ठित ठेकेदारों से आन लाईन निविदा आमंत्रित करते हैं जिनके जमा करने की तिथि 02.04.2025 समय 15.00 बजे तक रहेगी। **1. NIT No. JBP-TRO-TENDER-2024-01-R2, (I)** कार्य का नाम (लोकेशन सहित): Supply, Transportation, loading, unloading and filling of dry, screened sand in sand boxes of AC & DSL Locos as per Spec No AAR M-916-51 at NKJ, SGO, STA, BEHR & JBP and it's all Yard (UP & DN) round the clock and Checking of Sander working and attention of defective sand Gear of Electric/DSL Locos at NKJ, SGO, STA, BEHR & JBP and it's all Yard (UP & DN) round the clock for 731 days., **(II)** कार्य की लागत: Rs.3,30,22,201.31, **(III)** बयाना राशि **(END)** : Rs. 3,15,200.00, **2. NIT No. JBP-TRO-TENDER-2025-01, (I)** कार्य का नाम (लोकेशन सहित): Supply & filling of dry, cleaned & screened sand in AC/DSL Locomotives and Sanders repairing of AC/DSL Locomotives at NKJ Area, SGO Area, STA, BEHR & JBP Station/Yard of Jabalpur Division for a period of 332 Days., **(II)** कार्य की लागत: Rs. 41,56,951.62, **(III)** बयाना राशि **(END)**: Rs. 83,200.00, अधिक जानकारी के लिए *ireps.gov.in* देखें।

वरि.मं.वि. इंजी.(टीआरओ), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पंजाब नैशनल बैंक** ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

1227, नेपियर टाउन, जबलपुर, दूरभाष : 0761-2408636, Email : cojbpmkt@pnb.co.in

ध्यान दें ध्यान दें ध्यान दें

**ऑनलाइन धोखाधड़ी से रोकथाम**

- किसी से भी अपने पासवार्ड साझा न करें।
- किसी से अपने OTP साझा न करें।
- डेबिट/क्रेडिट की जानकारी जैसे CVV, पिन या कार्ड की समाप्ति तिथि साझा न करें।
- संदेहजनक या जंक ईमेल पर क्लिक न करें और SMS के माध्यम से आये लिंक पर क्लिक न करें।
- अविश्वनीय स्त्रोत से किसी भी एप को इनस्टॉल न करें।
- ऐसे पासवर्ड का प्रयोग न करें जिसे आसानी हैक किया जा सके एवं सदैव स्ट्रॉन्ग पासवर्ड का प्रयोग करें, नियमित अंतराल पर पासवर्ड बदलें।
- ऑनलाइन मोड में काम करते समय ऑटो सेव पासवर्ड पर क्लिक न करें।
- ATM या POS मशीन में सब के समाने पासवर्ड दर्ज न करें।
- पासवर्ड / OTP कार्ड के पीछे न लिखें।
- डिजिटल बैंकिंग सेवाओ के लिए PNB ONE प्लेट फार्म का प्रयोग करें।
- सदैव अपने मोबाईल एवं एप को नवीनतम संस्करण के साथ अद्यतन रखे शिकायत दर्ज करने हेतु अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से 1930 पर कॉल करें अथवा cybercrime.gov.in पर मेल करें।

**पंजाब नेशनल बैंक द्वारा जनहित में जारी**

**कार्यालय सेनानी 6 वी वाहिनी विसबल जबलपुर**

Email- co6bn_saf@mppolice.gov.in फोन - 0761-2676199 फैक्स 263399

क्रमांक/6वी बटा/विसब/जबल/साऊ/8/1124दिनांक 10/03/2025/2025

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

वाहिनी परिसर स्थित परेड ग्राउण्ड में निर्मित शेड में प्राक्कलन के अनुसार प्रोफाइल शीट कार्य कराने हेतु ई - निविदा आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदाकार ई निविदा ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर भेज सकते है ।

सेनानी 6 वी वाहिनी विसबल जबलपुर

G-24297/24

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध नये ईमारती काष्ठ / जलाऊ एवं चंदन काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ से प्राप्त कर सकते है ।

डिपो का नाम- काष्ठागार मनेन्द्रगढ़, नीलाम दिनांक-27-03-2025, नीलाम समय- प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र0 | प्रजाति | नये काष्ठ लट्ठा घ0मी0 | नये काष्ठ बल्ली नग | पुराने काष्ठ लट्ठा घ0मी0 | पुराने काष्ठ बल्ली नग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सागौन | 13.623 | 437 | 5.296 | 471 |
| 2 | साल | 265.930 | 0 | 129.340 | 232 |
| 3 | सजा | 21.014 | 0 | 39.498 | 0 |
| 4 | सतकठा | 0 | 0 | 0.126 | 51 |
| 5 | खम्हार | 3.851 | 22 | 9.170 | 225 |
| 6 | हल्दू | 0 | 0 | 1.840 | 7 |
| | योग:- | 304.418 | 459 | 185.270 | 986 |

जलाऊ काष्ठ

| क्र. | विवरण | नया लॉट | पुराना लॉट |
|---|---|---|---|
| 1 | जलाऊ मिश्रित | 201 चट्टा | 177 चट्टा |

चंदन काष्ठ वजन क्वि. में (निरस्त लॉट)

| प्रजाति | नया चंदन काष्ठ | अविकृत चंदन काष्ठ |
|---|---|---|
| चंदन सेपवुड तना | 0 | 1.4372 क्वि. |
| चंदन सेपवुड तना | 0 | 5.200 क्वि. |
| चंदन हार्डवुड जड़ | 0 | 0.3625 क्वि. |
| चंदन सेपवुड बुरादा | 0 | 0.0250 क्वि. |
| योग :- | 0 | 7.025 क्वि. |

टीप :-1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व कय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी से लॉगईन करके देख सकते है ।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

G-242505956/3

**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म.प्र.**

दूरभाष -07622-262215 E-Mail-jsdjktn@mp.gov.in क्रमांक 207/निर्वाह/25 कटनी दिनांक 08/03/2025

**तृतीय वार्षिक ई-निविदा सूचना आमंत्रण वर्ष 2025-26 (आमंत्रण)**

जिला जेल कटनी में पदस्थ अधिकारियों के उपयोग हेतु किराये के वाहन हेतु तृतीय वार्षिक निविदा वर्ष 2025-26 ई - निविदा बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है, इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट से प्राप्त करें। निविदा की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री - बिड मीटिंग | दिनांक 26.03.2025 समय प्रातः 11:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र |
| 2 | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म का मूल्य 05.00 लाख तक की निविदा हेतु 500/- रुपए तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जाएगा । | दिनांक 30.03.2025 सायंकाल 5:30 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) | दिनांक 01/04/2025 प्रातः 11.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र |
| 5 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 02/04/2025 प्रातः 11.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है । निविदा फार्म दर्शित वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता हैं ।

जेल अधीक्षक
जिला जेल कटनी म.प्र.

G-24315/24

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट**
**ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण**

बालाघाट जिले के विकासखण्डो के ग्रामों में कॉम्बिनेशन मशीन द्वारा ग्रेवलपैक्ड नलकूप खनन कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" (प्रतिशत दर) मे एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के http://mptenders.gov.in द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रकिया की जावेंगी ।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| ई-टेंरिग पद्धति कमांक | निविदा कमांक/आमंत्रित दिनांक | कार्य की अनुमानित लागत (राशि रू. लाख में) | धरोहर राशि राशि (अर्नेस्ट मनी) रू. मे | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा प्रपत्र कय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑन लाईन खुलने की तिथि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | | 9 |
| 2025_PHED_408015_1 | 46/07.03.2025 | 274.55 | 274550/- | 15000/- | 5 माह | 25.03.2025 | 27.03.2025 | लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन |

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।

नोट :- 1- सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल (http://mptenders.gov.in) में पंजीयन करायें ।
2- " निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनो को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा । यह संशोधन केवल http://mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेगें "
निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क केडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाईट पर भुगतान कर केवल ऑन लाईन पर ही कय किये जा सकतें है ।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर देखी जा सकती है ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बालाघाट (म.प्र.)
(07632-241131)

जी- 24319/24

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल जिला-शहडोल 484001 (म.प्र.)**

PHONE -07652-240304, FAX-07652-240304 EMAIL-dfosshahdol@mpforest.org, dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांका/एन0आई0टी0/ई-टेण्डर/2025/756 शहडोल दिनॉक 04.03.2025

**ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत वानिकी कार्यो में सुरक्षा कार्य के तहत सामग्री (नीलगिरी बल्ली पोल) की आवश्यकता है। जिस हेतु वर्ष 2025-26 में सामग्री प्रदाय हेतु एम0 पी0 ई-टेन्डर पोर्टल पर ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी निविदा क्रमांक/2025_MPFD_406832_1 है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

**PRODUCT SPECIFICATIONS**

| S.No. | Product | PRODUCT SPECIFICATIONS | Unit | Quantity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नीलगिरी बल्ली पोल | नीलगिरी लकड़ी पोल (छाल रहित) लम्बाई 2 मीटर X मोटाई (Grith) 31-40 से.मी. पोल के निचले सिरे पर डामर लगा (Conial Portion) हुआ 0.56 से.मी. में The wooden poles should be properly debarked and uniform cone should be shaped at the top end. Specifications required :- Specifications required Full Length of Pole (in meter) 2 Meter We require the product to have a central portion with girth 31-40 CM. Top conical portion 5.1 feet must have green paint, and bottom portion1.5 feet must have | प्रति नग | आवश्यकतानुसार |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 04/03/2025 Time 03:00 PM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 05/03/2025 Time 10:00 AM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date .............. Time ............. AM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 04/03/2025 Time 10:00 AM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 03/04/2025 Time 01:00 PM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 04/04/2025 Time 02:00 PM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

(श्रद्धा पन्द्रे)
वन मण्डलाधिकारी, दक्षिण शहडोल वनमण्डल

G-24314/24

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**

E-mail- modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक / 617 / खनिज / 2024-25 दिनांक 10/03/2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है श्री सुधीर मिश्रा पिता - स्व. श्री शिवशंकर मिश्रा पता - 1818 / ए, गुप्तेश्वर रोड़, जिला जबलपुर (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा नवकरण कराने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन नवकरण आवेदन पत्र दिनांक 24/07/2024 को प्रस्तुत किया गया है । प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि मे आपत्तियां लिखित में प्रस्तुत किये जा सकते है ।

**आवेदित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | जबलपुर | घाघरा | 82 | 0.860 | शासकीय भूमि | गिट्टी एवं एम - सेण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 0.860 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में आपत्तियां विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह ) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।
2. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आपत्तीयां प्राप्त नहीं होती है तो आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत नवकरण स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा ।
3. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तीयों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।

सहा. खनिज अधिकारी
जिला - जबलपुर, (म.प्र.)

G-24325/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यालय कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर**

नरसिंह भवन, नरसिंहपुर 487001, फोन नं. 07792-230900, फैक्स नं.- 07792-230915
E-mail:- dmanarsinghpur@nic, website:- www.narsinghpur.nic.in

क्र./ 235 / भू-अर्जन शाखा / 2024 नरसिंहपुर दिनांक 04/03/2025

**राजस्व मामला क्रमांक 01/ अ-82/2020-21 ग्राम भौरझिर**
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि राज्य शासन कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर को लिंगा छीतापार भौरझिर पुरगुवा मार्ग निर्माण हेतु निजी भूमि की आवश्यकता होने के कारण मौजा भौरझिर नं.ब. 335 प.ह.न. 118 के निम्नलिखित भूमिस्वामियों के कुल रकवा 0.672 हे. मे से 0.024 हे. अर्जित किये जाने हेतु आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति (Consent Land Purchase Policy) के तहत भूमि क्रय करने का प्रस्ताव इस न्यायालय में विचाराधीन है, विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | हितग्राही का नाम | ख. न. | कुल रकवा (हे. मे) | अर्जित रकवा (हे. मे.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नारायण पिता ताराचंद्र कौरव | 443/1/3 | 0.672 | 0.024 |

उक्त प्रस्ताव पर यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई आपत्ति है तो स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में ईश्तहार दिनांक से 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति समस्त अभिलेखों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। 15 दिवस के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति के तहत उक्त भूमि का विलेख निष्पादन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी।

सहपत्र - ईश्तहार 3 प्रति में।

(श्रीमति शीतला पटले) कलेक्टर
नरसिंहपुर
अनुविभागीय अधिकारी

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-24329/24

**छ.ग. शासन वनविभाग बिलासपुर, वनमंडल बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**कोटा काष्ठागार नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमण्डल बिलासपुर के अधीनस्थ काष्ठागार कोटा बिलासपुर में उपलब्ध ईमारती लकड़ी (काष्ठ, जलाऊ) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय बिलासपुर अथवा काष्ठागार कोटा डिपो से प्राप्त कर सकते है ।

डिपो का नाम :-विक्रय काष्ठागार कोटा
नीलाम दिनांक :-20/03/2025
समय :- 9.00 बजे प्रातः से

| क्र. | प्रजाति | नया लट्ठा घ.मी. | नया बल्ली/खूंटा नग | नया जलाऊ चट्टा | पुराना लट्ठा घ.मी. | पुराना बल्ली/खूंटा नग | पुराना जलाऊ चट्टा | व्यापारी/औ. बांस नग | व्यापारी/औ. बांस नो.टन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सागौन | 24.223 | 256 | - | 102.203 | 812 | - | - | - |
| 2 | साल | 0.636 | - | - | 17.072 | 21 | - | - | - |
| 3 | बीजा, तिसा, शीशम | 3.637 | - | - | 1.424 | - | - | - | - |
| 4 | साजा/अर्जुन | 0.371 | - | - | 0.302 | 4 | - | - | - |
| 5 | खम्हार | 21.068 | 403 | - | 3.028 | 351 | - | - | - |
| 6 | सलई | - | - | - | 1.923 | - | - | - | - |
| 7 | अन्य | 0.913 | - | - | 83.362 | 159 | - | - | - |
| 8 | जलाऊ | - | - | 466.5 | - | - | 195 | - | - |
| 9 | व्या. बांस | - | - | - | - | - | - | 476 व्या. | 1.100 |
| 10 | निरस्त लॉट | - | - | - | - | - | - | 1620 | 1.350 |
| | योग -: | 50.848 | 659 | 466.5 | 209.314 | 1347 | 195 | 2096 | 2.450 |

टीप:- (1) क्रेता को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।(3) लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई- ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है।(4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकेण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा ।

वनमंडलाधिकारी
बिलासपुर वन मंडल बिलासपुर (छ.ग.)

G-24505947/24

सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध, ड्रोन से होगी निगरानी, फ्लैग मार्च किया

# धुरेडी और जुमे को लेकर पुलिस हाई अलर्ट



हरिभूमि जबलपुर।

होली पर्व की धुरेडी और रमजान माह के जुमे पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाए है। किसी को भी नियमों के उल्लघंन करने की इजाजत नहीं दी जाएगा। बिना अनुमति के आयोजन नहीं होंगे, वहीं प्रशासन द्वारा निर्धारित रुट से ही होली के जुलूस निकाले जायेंगे। पुलिस ने सभी के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया हैं वहीं धुरेडी की पूर्व संध्या पर पुलिस ने तमाम संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया है। आज ड्रोन के जरिए संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। पुलिस ने तमाम सुरक्षा के इंतजाम कर रखे है।

## शराब के नशे में वाहन चलाने पर होगी कार्रवाई

शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी और जगह-जगह स्टापर लगाकर वाहन रोके जाएंगे और ब्रेथ एनेलाइजर से मुंह सूंघे जायेंगें। जो भी शराब पीकर वाहन चलाते मिलेगा उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। होली पर बाहर से 3 कंपनियों का एक हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिस बल बुला लिया गया है। 140 फिक्स प्वाइंट पर पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। जबकि 60 पेट्रोलिंग मोबाईल शहर में भ्रमण करेंगी। कलेक्टर जिला एसपी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी शहर का जायजा लेंगे।

## हुड़दगिंयो से सख्ती से निपटा जायेगा

एसपी संपत उपाध्याय ने बताया कि होली एवं रमजान में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए रिजर्व फोर्स, अश्रु गैस दल, पुलिस कंट्रोल रूम में मौजूद रहेगा जो सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचेगा। जगह-जगह स्टापर लगाकर वाहनों को रोककर चैकिंग की जाएगी और शराब पीकर वाहन चलाते पाये जाने पर सख्ती की जाएगी। शहर में 140 स्थानों पर फिक्स पाइंट बनाये गये है जहां 1-4 का पुलिस बल तैनात रहेगा। वहीं प्रत्येक थाना क्षेत्र में 4- 4मोबाईल पार्टियां बनायी गई है, जो अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करेंगी।

## डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध

*डीजे साउंड बाक्स पर पूरी तरह से धुरेड़ी के दिन प्रतिबंध लागू रहेगा। जहां कहीं सांस्कृतिक आयोजन होंगे वहां भी दो से अधिक साउंड बाक्स वह भी सशर्त अनुमति के साथ लगाये जा सकते हैं।*



होली मनाने अपने अपने गांव, घर लौटे लोग

# 'मेरी होली मेरा घर' ट्रेनों बसों में भीड़ बढ़ी

**जबलपुर।** होली का त्योहार में बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। रंग-गुलाल पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। धीरे-धीरे त्यौहार का उत्साह परवान चढ़ रहा है। 'मेरा घर मेरी होली' की तर्ज पर कामकाजी लोग अब घर में होली मनाने के लिये छुट्टी लेकर घरों की ओर लौट रहे हैं। मजदूर वर्ग भी गुरुवार को काम करने के बाद शाम की गाड़ी से अपने-अपने घरों के लिये रवाना हो गये। लिहाजा यात्री बसों और ट्रेनों में भीड़भाड़ बढ़ गई है। लंबी दूरी पर जाने वाले लोगों को आरक्षण कराने के बाद भी सीट और बर्थ के लिये वेटिंग लिस्ट से जूझना पड़ रहा है। त्यौहार के समय एकाएक यात्रियों की भीड़ बढ़ने से बस मालिक चांदी काट रहे हैं और वहीं बसों के ड्रायवर व कंडक्टर लूट खसोट भी कर रहे हैं। घर लौटने की जल्दी में लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। बसों की छतों पर सवार होकर लोग जा रहे हैं तो वहीं ट्रेनों में दरवाजें पर लटककर लोग यात्रा कर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ी है।

जहां एक तरफ व्यापार और कामकाज के सिलसिले में आये लोगों का अपने घरों को लौटना प्रारंभ हो गया है तो वहीं सरकारी कर्मचारी भी गुरुवार की शाम को अपने घरों की ओर रवाना हो गए। धुरेड़ी के दिन छुट्टी रहेगी, दूसरे दिन शनिवार और तीसरे दिन रविवार का अवकाश रहेगा। लिहाजा तीन दिन लगातार अवकाश मिलने पर लोग घरों की ओर चल पड़े। वहीं दूसरी ओर रंगपंचमी तक 5 दिन व्यापार, व्यवसाय, मजदूरी का कामकाज प्रभावित रहेगा। वहीं निर्माण कार्यों के अलावा मेहनत मजदूरी के लिये आसपास के गांवों से मजदूरों का भी लौटना शुरू हो गया था, इससे यात्रियों का दबाव बसों और ट्रेनों में बढ़ा है।

# अवैध गैस रिफलिंग सेंटर में पुलिस का छापा

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत ज्योतिनगर में आटो में अवैध रुप से गैस रिफलिंग कर रहे एक आरोपी को और एक आटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मौके से 1 घरेलू गैस सिलेंडर,1 इलेक्ट्रानिक तराजू, 1 विद्युत मोटर आटो और नगदी 1 हजार 500 रुपए जब्त किए है। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि ज्योतिनगर गढ़ा निवासी 22 वर्षीय हर्ष नामदेव गत दिवस ज्योतिनगर स्थित एक प्लाट में नवनिवेश कालोनी संजीवनीनगर निवासी 24 वर्षीय आटो चालक अंकित बर्मन की आटो क्रमांक एमपी 20 आर 3827 में गैस रिफलिंग कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मौके से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 इलेक्ट्रानिक तराजू, 1 विद्युत मोटर, आटो तथा गैस रिफलिंग के नगदी 1 हजार 500 रूपये जप्त किए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 287 भारतीय न्याय संहिता के तहत तथा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

भेड़ाघाट पुलिस ने 1 को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी

# रॉयल सिटी कॉलोनी में लायसेंसी बंदूक से गोलीबारी



**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत चौकीताल स्थित रॉयल सिटी कॉलोनी में गत देर रात गोलियों की आवाज सुनाई दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गोलियों की आवाज के बाद, स्थानीय पुलिस को सूचना मिली और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। इस दौरान एक युवक को राइफल और गोली के तीन खोखों के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि गोली चलाने वाला मेडीकल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कार्यरत है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात के समय अचानक गोलियों की आवाज आई, जिससे किसी को भी समझ में नहीं आया कि क्या हो रहा है। इसके बाद, डायल-100 पर कॉल की गई और पुलिस को सूचित किया गया।

भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि रॉयल सिटी कॉलोनी के उस घर में पहुंचने पर आदित्य तिवारी नामक व्यक्ति मिला। आदित्य तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह मेडिकल अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी विभाग में कार्यरत हैं और उनकी राइफल लाइसेंसी है। मौके से तीन गोली के खोखे बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने प्राथमिक कार्रवाई करते हुए राइफल को जप्त कर लिया और अब आदित्य तिवारी से फायरिंग के कारणों और घटनास्थल के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## पिस्टल कारतूस सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अतंर्गत आरटीओ आफिस के पास अंधेरे में पिस्टल लेकर बैठे हुए दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिस्टल और एक कारतूस जब्त की है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भ्रमण के दौरान आरटीओ आफिस के पास एक टी स्टॉल के बाजू में अंधेरे में बैठे शांतिनगर राजीवगांधी वार्ड माढ़ोताल निवासी 24 वर्षीय आकाश बर्मन और शाहीनाका रेलवे ब्रिज के बाजू से तिलवारा निवासी 23 वर्षीय शुभम बर्मन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिस्टल और एक कारतूस जब्त कर लिया है। पिस्टल के संबंध में पूछताछ करने पर आकाश ने शुभम बर्मन द्वारा पिस्टल देने की बात कही और शुभम बर्मन से पूछने पर पिस्टल आकाश की होना बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के आरोपियों के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट तथा 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

*शिकायत लेकर ओमती थाने पहुंचे कोषालय*

# कोषालय गबन मामले में 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** जिला कोषालय जबलपुर में 55 लाख के गबन के मामलें में जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिला कोषालय अधिकारी ने पांच कर्मचारियों के खिलाफ ओमती थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने जिला कोषालय अधिकारी विनायिका लाकरा द्वारा दी गई लिखित शिकायत के बाद आरोपी संदीप शर्मा, सीमा अमित तिवारी, मनोज बरहैया, प्रिया बिश्नोई, अनुप कुमार मौर्या के खिलाफ बीएनएस की धारा 315(5), 319(2), 318(4), 338, 336 (3), 340 (2) और 61 (2) के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया है।

जबलपुरः जिला कोषालय कार्यालय ने 28 फरवरी 2025 को जारी किए गए आदेशों के तहत एक गंभीर गबन और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कार्रवाई शुरू की है। जिला कोषालय द्वारा की गई प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि संबंधित कार्यालय ने फरवरी 2024 से जनवरी 2025 के बीच अनधिकृत तरीके से वेतन और अन्य लाभों का आहरण किया। इस मामले में लगभग 56.58 लाख रुपये का अनधिकृत आहरण किया गया।

जिला कोषालय द्वारा इसकी सूचना संबंधित कर्तव्याधिकारी को दी गई थी, और यह पाया गया कि संबंधित कार्यालय ने 28 फरवरी 2025 को संज्ञान में लाए गए आदेशों के बावजूद भुगतान की प्रक्रिया को सही ढंग से लागू नहीं किया। इसके बाद, 6 मार्च 2025 को जांच समिति का गठन किया गया, जो इस मामले की गहन जांच कर रही है।

जांच में यह भी सामने आया कि कुछ अधिकारियों ने कई अनधिकृत लाभों का आहरण किया, जिसमें व्यक्तिगत वेतन और महंगाई भत्ता जैसे भुगतान शामिल थे। यह पाया गया कि संदिग्ध अधिकारियों ने आईएफएमआईएस का दुरुपयोग करते हुए लगभग 56.58 लाख रुपये का अनधिकृत आहरण किया।

जिला कोषालय ने सभी संबंधित दस्तावेजों और प्रमाणों के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की, जिसमें ये साफ किया गया कि कई कर्मचारी और उनके परिचितों ने गलत तरीके से सरकारी लाभ का लाभ उठाया। इनमें से कुछ मामलों में, अवकाश, बीमा और पारिवारिक कल्याण योजनाओं के तहत भी अनधिकृत भुगतान किए गए। यह मामला और भी गंभीर है, क्योंकि जांच में यह भी पाया गया कि कुछ अन्य कर्मचारियों ने शासकीय नियमों को दरकिनार करते हुए अपने परिवार और परिचितों के नाम पर गलत तरीके से धन का आहरण किया।

जिला कोषालय ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके अलावा, जिला प्रशासन ने सभी संबंधित खातों का मिलान किया और पाया कि कई कर्मचारियों ने शासकीय नियमों का उल्लंघन करते हुए आहरण किया था। दूसरी ओर, कोषालय और प्रशासन ने इस मामले को पूरी पारदर्शिता और सख्ती के साथ निपटाने का आश्वासन दिया है ताकि भविष्य में ऐसी कोई भी अनियमितता न हो।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं के विक्रय के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**जबलपुर।** राज्य सरकार द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार रबी वर्ष 2025-26 में गेहूं के उपार्जन के लिए किसान 31 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। गेहूं उपार्जन के लिए जिले में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 20 जनवरी से प्रारंभ की गई है। आज दिनांक तक 10 हजार 109 कृषकों द्वारा 18547.15 हेक्टेयर रकबे का ही पंजीयन कराया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक नुजहत बानो बकाई के मुताबिक गेहूं पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। किसान स्वयं के मोबाईल से घर बैठे गेहूं पंजीयन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र तथा एम पी किसान एप पर पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था है। एम पी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क , लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था है। सिकमी या बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल निर्धारित सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर ही उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि किसान गेहूं विक्रय के लिये अपना पंजीयन शीघ्रता से करायें।

*हाई कोर्ट ने अतार्किक आदेश को टिकाऊ न पाते हुए किया निरस्त*

# आदिम जाति कन्या आश्रम, खखरिया की अधीक्षिका को राहत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अतार्किक आदेश को टिकाऊ न पाते हुए निरस्त कर दिया। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ के आदेश के साथ याचिकाकर्ता के आदिम जाति कन्या आश्रम, मढ़ी व खखरिया में अधीक्षिका के पद पर वापस पदस्थ होने का रास्ता साफ हो गया।

याचिकाकर्ता लखनादौन, सिवनी निवासी अर्चना ऊईके की ओर से अधिवक्ता रवींद्र श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध विधिसम्मत जांच किए बिना मनमाना आदेश पारित कर दिया गया। नियमानुसार बिना कारण बताओ नोटिस जारी किए पद से हटाया नहीं जा सकता। इसके बावजूद ऐसा किया गया। इससे साफ है कि कार्रवाई के पीछे कतिपय दुर्भावना कार्य कर रही थी। याचिकाकर्ता अपनी पदीय जिम्मेदारी पूर्ण ईमानदारी से निवर्हन कर रही थी। इसीलिए वह मनमाने आदेश के विरुद्ध हाई कोर्ट चली आई। उसका तर्क है कि यदि निरीक्षण दल को मौके पर कोई कमी दिखी थी तो कायदे से जवाब मांगा जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया।



*हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण अंमरिम आदेश : कलेक्टर व एसडीएम के आदेश पर रोक*

# दूसरे पक्ष को सुने बिना पुनर्विलोकन की अनुमति नहीं

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश में कहा कि दूसरे पक्ष को सुनवाई का अवसर दिए बिना पुनर्विलोकन की अनुमति नहीं दी जा सकती। कलेक्टर व एसडीएम ने मनमाने तरीके से अनुमति दी है। न्यायदृष्टांत व नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के अनुसार ऐसा नहीं किया जा सकता। लिहाजा, कलेक्टर व एसडीएम के आदेश पर रोक लगाई जाती है। साथ ही कलेक्टर व एसडीएम सहित अन्य को नोटिस जारी किए जाते हैं। याचिकाकर्ता रीवा निवासी पंकज कुशवाहा की ओर से अधिवक्ता डीके शर्मा ने पक्ष रखा। अधिवक्त अभिषेक तिवारी, सरिता कोष्टी, जितेंद्र शर्मा ने पैरवी में सहयोग किया। उन्होंने दलील दी कि पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर एसडीएम ने नामांतरण आदेश पारित किया था। जिसके विरुद्ध एक अन्य पक्षकार जो कि न तो क्रेता है और न ही विक्रेता, वह नामांतरण आदेश के पुनर्विलोकन की मांग लेकर पहुंच गया। जिसके बाद दूसरे पक्ष को सुने बिना पुनर्विलोकन का आदेश पारित कर दिया गया, जो कि सर्वथा अनुचित है।

*हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण निर्णय*

# दो से अधिक संतान पर बर्खास्तगी का आदेश स्थगित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दो से अधिक संतान होने के आधार पर सेवा से बर्खास्तगी के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने आयुक्त लोक शिक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी मैहर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।



याचिकाकर्ता रीवा निवासी नसीर खान की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता मैहर में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 10 मार्च 2000 को जारी परिपत्र के आधार पर याचिकाकर्ता को छह मार्च, 2025 को सेवामुक्त कर दिया गया। इस परिपत्र में लिखा है कि कोई भी उम्मीदवार जिसके दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 या उसके बाद हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। इस परिपत्र में उम्मीदवार लिखा है, जबकि याचिकाकर्ता 1998 से नौकरी में पदस्थ था। बहस के दौरान हाई कोर्ट के पूर्व आदेशों का भी हवाला दिया गया, जिनमें समान प्रकरणों में राहत दी गई है।

*जिला दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश*

# पेट्रोल पंपों से खुले में पेट्रोल अथवा डीजल का विक्रय प्रतिबंधित

**जबलपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आज एक आदेश जारी कर जबलपुर जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में किसी भी पेट्रोल पम्प से डिब्बे अथवा बोतल या अन्य किसी खुले रूप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिले में शांति, सुरक्षा एवं क़ानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्धेनज़र जारी यह प्रतिबंधात्मक आदेश से तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण जिले में लागू हो गया है। आदेश में इसका उल्लंघन पाए जाने की स्थिति में दोषी व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

# 2 लाख का 9 किलो 590 ग्राम गांजा जब्त

**जबलपुर।** अधारताल और हनुमानताल पुलिस व क्राईम ब्रांच की टीम ने मादक पदार्थ गांजे के कारोबार में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9 किलो 590 ग्राम गांजा और दो मोबाइल जब्त किए है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 1 लाख 90 हजार रुपए बताई गई है।



अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरोजम मुरियाद थाना कुथुपरम्बा जिला कन्नूर केरल निवासी 50 वर्षीय गिरीश केवी गत रात करोंदा वायपास शिवशक्ति ढाबा के पास बैग में गांजा रखे हुए रोड किनारे खड़ा होकर ग्राहक का इंतजार कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची क्राईम ब्रांच की टीम और अधारताल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 किलो 500 ग्राम गांजा, दो कीपैड मोबाइल जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत 1 लाख 50 हजार रूपये बताई गई है। इसी प्रकार हनुमानताल थाना प्रभारी धीरज राज ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गत दिवस गिरधारी गुप्ता का प्लाट प्रेमसागर में गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे टेढ़ीनीम हनुमानताल निवासी 23 वर्षीय असरफ उर्फ कंजा और शारदा नगर हनुमानताल निवासी 25 वर्षीय उमेश मराठा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो 90 ग्राम गांजा और दो मोबाइल जब्त किए है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 40 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

दिन और रात का तापमान बढ़ा

# अब गर्मी की दस्तक शुरू

**जबलपुर।** अब तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। दिन और रात का तापमान सामान्य से ऊपर चला गया है। पश्चिमी हवाओं के प्रवेश करने से तापमान को बढ़ने का मौका मिला है। दिन में धूप तेज लगने लगी है, गला सूखने लगा है, रात में भी गर्म वस्त्रों की पूछपरख कम हो गई है। मौसम पूरी तरह से शुष्क हो गया है आसमान साफ है लिहाजा अब गरमी दस्तक देने को आतुर है।



स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी हवाओं के प्रवेश से वातावरण में गर्माहट आने लगी है। तापमान ने भी उछाल मारी है पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 37.06 डिग्री सामान्य से 5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 18.00 डिग्री सेल्सीयस दर्ज किया गया जो सामान्य रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 48 प्रतिशत और सायंकाल 20 प्रतिशत आंकी गई। पश्चिमी हवाये 5 से 6 किमी प्रति घण्टा की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सर्वाधिक 39.09 बड़वानी और सबसे कम 13.06 डिग्री का तापमान शहडोल जिले में दर्ज किया गया। सूर्योदय सुबह 6.19 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.19 पर हुआ। गत वर्ष अधिकतम तापमान 34.02 और न्यूनतम तापमान 17.07 डिग्री दर्ज किया गया। अगले चौबीस घण्टों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240